राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 07 दिसंबर 2025

वर्ष 07,अंक 68, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

आरक्षी ने दुकानदार से की अभद्रता असलहे से धमकाया, वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया निलंबित, शुरू की जांच...03

शराबी युवक ने जमकर काटा हंगामा सड़क पर रोके वाहन, गाड़ियों को रोककर यातायात किया बाधित....12

# जम्मू कश्मीर: CM उमर अब्दुल्लाह ने की JKAS परीक्षा टालने की मांग, जानें क्या है मामला

**● जम्मू और कश्मीर प्रशासनिक सेवा (JKAS) की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है. रविवार, 7 दिसंबर 2025 को परीक्षा निर्धारित होने के बावजूद, सरकार ने ऊपरी उम्र सीमा में छूट के मुद्दे के समाधान तक परीक्षा को टालने की मांग की है**

जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (जेकेपीएससी सीसीई) में उम्र छूट और एयरलाइन संबंधी दिक्कत को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री ने चिंता जाहिर की है. कल यानी रविवार (7 दिसंबर 2025) को परीक्षा निर्धारित होने के बावजूद, सरकार और प्रमुख राजनीतिक दलों ने ऊपरी उम्र सीमा में छूट के मुद्दे के समाधान तक परीक्षा को टालने की मांग की है।

सरकार ने शनिवार (6 दिसंबर) को कहा कि JKAS परीक्षा तब तक स्थगित कर दी जानी चाहिए जब तक उम्र में छूट का मामला, जिस पर लेफ्टिनेंट गवर्नर (LG) मनोज सिन्हा विचार कर रहे हैं, हल नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने एयरलाइन मुद्दों के कारण हुई यात्रा की दिक्कतों पर गहरी चिंता जताई। साथ ही लोक भवन द्वारा उम्र में छूट को मंजूरी देने में देरी से पैदा हुई अनिश्चितता ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है. यह छूट पहले भी कई बार दी जा चुकी है. उन्होंने JKPSC से उम्मीदवारों पर पड़ रहे बहुत ज्यादा तनाव पर ध्यान देने और सभी के लिए निष्पक्षता और समान अवसर के हित में परीक्षा को टालने पर विचार करने का आग्रह किया।

**LG ऑफिस ने कही ये बात**

2 दिसंबर को मुख्यमंत्री ऑफिस ने दावा किया कि उम्र में छूट की फाइल उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को उनकी मंजूरी के लिए भेज दी गई है. चुनी हुई सरकार के फैसले को केंद्र शासित प्रदेश के नियमों के मुताबिक राजभवन से जांच करवाना ज़रूरी है. वहीं दूसरी तरफ, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के कार्यालय ने इसे 'गुमराह करने वाला' बताया और कहा कि ऑफिस को उम्र में छूट वाली फाइल 2 दिसंबर को ही मिली थी. कार्यालय ने कहा, 'फाइल उसी दिन यह पूछते हुए वापस कर दी गई कि क्या इतनी देर से एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में बदलाव करके 7 दिसंबर को परीक्षाएं कराना लॉजिस्टिकली मुमकिन है'.उपराज्यपाल कार्यालय ने कहा, '4 दिन बीत जाने के बाद भी लोकभवन को कोई जवाब नहीं मिला. मुझे (राज्यपाल को) युवा उम्मीदवारों के साथ पूरी सहानुभूति है'. उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'परीक्षा के लिए विज्ञापन नोटिस J&K पब्लिक सर्विस कमीशन ने 22.08.2025 को पब्लिश किया था. परीक्षा 06.11.2025 को एक नोटिस के ज़रिए 07.12.2025 को आयोजित होने की जानकारी दी गई थी'।

**क्या है मामला**

दरअसल जम्मू और कश्मीर प्रशासनिक सेवा (JKAS) की प्रारंभिक परीक्षा को



लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है. कल परीक्षाएं होनी हैं पर छात्रों के सामने बड़ी समस्या एज रिलैक्सेशन की हैं क्योंकि अगर एज रिलैक्सेशन नहीं दिया गया तो करीब 19 हजार छात्र इससे प्रभावित होंगे. उम्मीदवारों के अनुसार, उम्र में छूट का मुद्दा J&K में हज़ारों उम्मीदवारों पर असर डाल रहा है, जिनमें लगभग 19,000 उम्मीदवार शामिल हैं, जो भर्ती के समय में देरी और JKPSC के रेगुलर एग्जाम कैलेंडर की कमी के कारण पहले ही मौजूदा उम्र सीमा पार कर चुके हैं।

**भूख हड़ताल पर उम्मीदवार**

पिछले दो दिनों से केंद्र शासित प्रदेश में एज रिलैक्सेशन को लेकर छात्रों की एक अच्छी खासी संख्या भूख हड़ताल कर रही है, उम्मीदवार मौजूदा ऊपरी उम्र सीमा को 32 से बढ़ाकर 37 करने की मांग कर रहे हैं. पिछले साल नोटिफिकेशन के बाद आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी उम्र सीमा 37 साल और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए 38 साल तय की गई थी पर बाकी सब कैटगरीज के लिए यह सीमा 32 वर्ष ही रखी गई थी।

**महबूबा मुफ्ती ने मुद्दे को सुलझाने की सिफारिश की**

इधर जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेकेपीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने इस मुद्दे पर भी चिंता जताते कहा कि उम्मीदवार उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच फंसे हुए हैं. उन्होंने जल्द इस मुद्दे को सुलझाने की सिफारिश की. मुफ्ती ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर लोक सेवा आयोग संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (जेकेपीएससी सीसीई) के उम्मीदवार एलजी और सीएम के बीच फंसे हुए हैं. इस कड़ाके की ठंड में वे सड़कों पर सिर्फ बेसिक फेयरनेस, उम्र में छूट और एक सही एग्जाम शेड्यूल की मांग कर रहे हैं. मैं उपराज्यपाल और उमर अब्दुल्ला से गुजारिश करता हूं कि वे इसमें दखल दें और बिना किसी देरी के इस मुद्दे को सुलझाएं'।

**उम्मीदवार परेशान, PSC ने जारी किए एडमिट कार्ड**

जम्मू और कश्मीर सरकार और JKPSC की तरफ से स्पष्ट निर्देश न होने के कारण हजारों छ्ह्यस प्रीलिमिनरी एग्जाम कैंडिडेट परेशान हैं. एक ओर, JKPSC ने एडमिट कार्ड अपलोड कर दिए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि परीक्षा योजना के अनुसार हो सकती है. दूसरी ओर, एयरलाइन संकट और उम्र में छूट का मुद्दा अनसुलझा रहने के कारण, परीक्षा को रीशेड्यूल करने का फैसला स्पष्ट रूप से संभव लग रहा है।

# उत्तर प्रदेश: हाईकोर्ट से बाहुबली धनंजय सिंह को बड़ा झटका, ट्रायल कोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

**● उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को प्रयागराज हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. उन्होंने अपने एक 23 साल पुराने मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद माना कि गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों में 'पीड़ित' के रूप में व्यक्तिगत शिकायतकर्ता की अपील पोषणीय नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया**



उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को प्रयागराज हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. उन्होंने अपने एक 23 साल पुराने मामले में ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया. यह आदेश जस्टिस लक्ष्मी कांत शुक्ला की सिंगल बेंच ने दिया है. पूरा मामला वाराणसी के 2002 में हुए जानलेवा हमले के बाद दर्ज हुए गैंगस्टर एक्ट से जुड़ा हुआ है.

दरअसल अक्टूबर 2002 में करीब 23 साल पहले वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हॉल के पास तत्कालीन विधायक धनंजय सिंह की गाड़ी पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की गई थी. जिसमें एके-47 जैसे ऑटोमेटिक हथियारों के इस्तेमाल की बात सामने आई थी. यह वाराणसी का पहला 'ओपन शूटआउट' था. हमले में धनंजय सिंह बाल-बाल बच गए थे. इस मामले में धनंजय सिंह ने विधायक अभय सिंह, एमएलसी विनीत सिंह समेत कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी. इसके बाद सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में भी एफआइआर दर्ज हुई थी.

**ट्रायल कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट मामले में किया था बरी**

इस पूरे मामले की सुनवाई के दौरान 29 अगस्त 2025 को ट्रायल कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट मामले में आरोपी सदीप सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह और सतेंद्र सिंह उर्फ बबलू को बरी कर दिया था. ट्रायल कोर्ट का यह फैसला धनंजय सिंह को रास नहीं आया. इसके बाद धनंजय सिंह ने इस फैसले को प्रयागराज हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट में धनंजय सिंह के वकीलों ने कहा कि धनंजय सिंह भी इस संबंधित मामले में पीड़ित हैं क्योंकि उनके ऊपर हमला हुआ था. कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद माना कि गैंगस्टर एक्ट जैसे मामलों में 'पीड़ित' के रूप में व्यक्तिगत शिकायतकर्ता की अपील पोषणीय नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने धनंजय सिंह की क्रिमिनल अपील को खारिज कर दिया

**कोर्ट ने 'ओपन शूटआउट' पर की सख्त टिप्पणी**

कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराध केवल राज्य और समाज के खिलाफ होता है, व्यक्तिगत नहीं माना जाता. वाराणसी के पहले 'ओपन शूटआउट' के रूप में चर्चित नदेसर टकसाल शूटआउट से जुड़े इस मामले में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियों को रोकना राज्य का दायित्व है. कोई भी व्यक्ति राज्य के कार्य को हड़पने का हकदार नहीं है. यह आदेश जस्टिस लक्ष्मी कांत शुक्ला की सिंगल बेंच ने दिया

## संक्षिप्त ख़बरें

### बाबा साहब ने सामाजिक समता और न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया- प्रोफेसर माधवी शुक्ला



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शनिवार को भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) माधवी शुक्ला ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समता, शिक्षा और न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ चन्दन साहू ने कहा कि उन्होंने भारतीय संविधान में समता,स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को स्थापित किया।कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप नारायण एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ कुसुम लता , डॉ भास्कर द्विवेदी,डॉ नलिनी सिंह,डॉ चन्दन द्विवेदी, धर्मचंद सहित समस्त प्राध्यापक ,कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### कार्य के चलते दो दिन बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**भदोही।** 33/11 केवी उपकेंद्र भदोही व फत्तूपुर के अंतर्गत आने वाले सभी 11 केवी फीडरों की विद्युत आपूर्ति 07 व 08 दिसंबर को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार 33 केवी सिविल लाइन भदोही पर बीपी 2024-25 के अंतर्गत जर्जर तारों के स्थान पर नए पोल व कंडक्टरिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके चलते 11 केवी इंद्रामिल, कुशियरा, इंडस्ट्रियल, नेशनल, कॉलोनी, दशरथपुर, ममहर सहित फत्तूपुर के मर्यादपट्टी व टाउन फीडर प्रभावित रहेंगे। विभाग ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है और अनावश्यक विद्युत उपकरणों के उपयोग से बचने की सलाह दी है।

## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत गांव जाने के लिए वाहन का इंतज़ार कर रहा था युवक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवां कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार शाम बिसवां-लहरपुर मुख्य मार्ग पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कोहराम मचा दिया। ग्राम शहरी सराय के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जहां उसकी बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अमर बहादुर उर्फ अमरीश (30 वर्ष) पुत्र रामू निवासी भगवतीपुर, थाना लहरपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अमरीश किसी कार्य से बिसवां आया था और सड़क पार कर अपने गांव जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार में आ रहे एक वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना 112 नंबर पर दी सूचना पाकर पुलिस की PRV टीम मौके पर पहुंची और गंभीर हालत



में घायल अमरीश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन चोटें अत्यधिक गहरी होने के कारण उन्होंने अमरीश को मृत घोषित कर दिया युवक की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजन जैसे ही अस्पताल पहुंचे, उनकी चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों का भी दिल दहल उठा पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को सौंपते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाली पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अब अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगालने की तैयारी भी शुरू हो गई है!!

## 'दिल्ली का प्रदूषण विरासत में मिली समस्या...', CM रेखा गुप्ता बोलीं- इसे रोकने के लिए उनके पास जादू की छड़ी नहीं

**● दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में धुंध और वायु प्रदूषण को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने शनिवार को एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदूषण विरासत में मिली एक समस्या है. इसे नियंत्रित करने के लिए उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी में धुंध और वायु प्रदूषण को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने शनिवार को एक मीडिया समिट में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदूषण विरासत में मिली एक समस्या है. इसे नियंत्रित करने के लिए उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं है. दरअसल यह एक ऐसी समस्या है, जिसकी कोई समयसीमा नहीं दी जा सकती है. साथ ही दिल्ली में प्रदूषण को रोकने के लिए लॉकडाउन जैसा भी कुछ नहीं कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है. अब यह संख्या बढ़कर 3 करोड़ पहुंच गई है. आबादी के साथ दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है. यह भी प्रदूषण बढ़ने का एक कारण है. उन्होंने कहा कि सरकार को शहर को भी चलाते रहना है और प्रदूषण से भी निपटना है. सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हरंसभव प्रयास कर रही है. उसी का नतीजा है कि प्रदूषण के स्तर को बढ़ने से रोका जा रहा है. पिछले दिनों डीएमआरसी अधिकारियों को भी प्रदूषण से निपटने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं. इस दौरान सीएम ने पिछले कई दशकों में पिछली आप और कांग्रेस सरकारों पर भी सवाल उठाए।

**प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार ने क्या किया?**

समिट के दौरान एक पत्रकार ने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा कि आपकी सरकार ने प्रदूषण से निपटने के लिए अब तक क्या किया है. इस पर सीएम ने कहा, मैं विश्वास



के साथ कह सकती हूं कि हमारी सरकार के अब तक के 10 महीनों में हमने वह काम तेजी से किया है जो पिछली सरकारों को करना चाहिए था. उन्होंने कहा, सरकार लगातार प्रदूषण को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है. हर दिन सुधार भी दिख रहा है. हां, एक बात तो तय है, दिल्ली के लोग जानेंगे कि रेखा गुप्ता ने अपना 100% दियो।

**पानी के छिड़काव और नकली तालाब पर क्या कहा?**

सीएम रेखा गुप्ता ने विपक्षी दल द्वारा लगाए गए आरोपों का सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) निगरानी केंद्रों के आसपास पानी का छिड़काव किए जाने की बात गलत है. इसी तरह छठ पूजा के समय प्रदूषित यमुना नदी के किनारे एक 'नकली तालाब' बनाए जाने की भी गलत है. सीएम ने कहा कि विपक्ष उन्हें घेरने के बहाने ढूंढता है. जब कुछ नहीं मिलता है तो इस तरह के आरोप लगाता है. सीएम ने कहा कि यमुना की सफाई एक बड़ी परियोजना है. सभी बड़े नाले नदी में गिरते हैं. हमारे सत्ता में आने के बाद, इन मुद्दों पर ध्यान दिया गया. यमुना की सफाई 'युद्ध स्तर पर जारी है।

## 'देश की सरकार इंडिगो एयरलाइन कंपनी के आगे झुकी...', अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इंडिगो एयरलाइन कंपनी की खस्ता हालत को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और आप नेता मनीष सिसोदिया ने सरकार पर निशाना साधा है. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इंडिगो एयरलाइन की गड़बड़ी दिखाती है कि मोदी सरकार या तो नाकाबिल है या मिलीभगत में है. वहीं मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह एक ऐसा खेल है, जिसमें जनता हारी है।

इंडिगो एयरलाइन कंपनी की खस्ता हालत को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और आप नेता मनीष सिसोदिया ने सरकार पर निशाना साधा है. केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इंडिगो एयरलाइन की गड़बड़ी दिखाती है कि मोदी सरकार या तो नाकाबिल है या मिलीभगत में है. वहीं मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह एक ऐसा खेल है, जिसमें जनता हारी है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स से पोस्ट करते हुए कहा कि इंडिगो एयरलाइन की गड़बड़ी दिखाती है कि मोदी सरकार या तो नाकाबिल है या मिलीभगत में है. दोनों ही मामलों में, भारत बेहतर का हकदार है. लोगों ने इतना दुख कभी नहीं झेला. अरविंद केजरीवाल ने इस पोस्ट के जरिए एक बार फिर सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने साफतौर पर सरकार और एयरलाइन कंपनी पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

**एयरलाइन कंपनी के सामने घुटनों पर आई सरकार**

आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह एक तरह हजारों यात्रियों की सुरक्षा से खुला खिलवाड़ है. पायलट्स और क्रू मेंबर्स का शोषण हुआ. देश की सरकार ने एयरलाइन कंपनी के सामने घुटनों के बल झुक गई है. लगता है सरकार अब देश की जनता के लिए नहीं, कंपनियों के इशारों पर चल रही है. दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली सरकार, एक निजी कंपनी के आगे इस तरह झुक जाती है जैसे लोकतंत्र नहीं, कंपनी राज



चल रहा हो।

**पीएम मोदी ने दिखाए थे बुलेट ट्रेन के सपने**

मनीष सिसोदिया ने आगे कहा कि श्रष्ठ और CBI के दम पर विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने वाली, सवाल पूछने वालों को डराने-धमकाने वाली और लोगों को जेल में डालने वाली ये सरकार एक कंपनी के आगे बेबस हो गई है. इसके पीछे आखिर क्या वजह है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बुलेट ट्रेन के सपने दिखाए थे, लेकिन हकीकत यह है कि आज हवाई यात्रा और हवाई अड्डों की हालत पैसेंजर ट्रेन की जर्जर बोगी से भी ज्यादा खराब हो चुकी है. तो क्या यही है अमृतकाल?

### लखनऊ के लोगों को जल्द मिलने वाली है नई सुविधा, अमीनाबाद और कैसरबाग क्षेत्र में मिलेगी ये सहूलियत

**लखनऊ।** अमीनाबाद और कैसरबाग क्षेत्र में निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का शुक्रवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निरीक्षण किया और अधिकारियों को समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सुबह पहले वह अमीनाबाद स्थित घंटाघर पार्किंग पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्माण स्थल पर पड़े सभी सीएनडी वेस्ट को तत्काल हटाया जाने और सफाई का निर्देश दिया। अमीनाबाद बाजार में पार्किंग समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने अमीनाबाद घंटाघर क्षेत्र में पार्किंग निर्माण और सुंदरीकरण का निर्देश दिया था। नगर आयुक्त ने कैसरबाग के चकबस्त पार्किंग के निरीक्षण के दौरान बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे आम लोगों को परेशानी न हो। नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता अतुल मिश्रा को पार्किंग भवन की ऊंचाई से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर एएसआइ (पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग) से समन्वय स्थापित कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के भी निर्देश दिए।

## मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन के लिए जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर**– मौदहा तहसील दिवस में सम्पूर्ण समाधान दिवस में समाजसेवी संगठन मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन ने दशकों से बंद पड़ी शैक्षिक संस्थानों के संचालन के लिए जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मौदहा का राजकीय बालिका छात्रावास जो एक दशक से बंद है इसी तरह छिमौली रोड स्थित माननीय कांशीराम जूनियर हाई स्कूल जो लगभग डेढ़ दशक से बंद है जिसके लिए संगठन के लगातार प्रयास से विद्यालय कुछ माह के लिए संचालित हुआ था परंतु इसको पुनः बंद कर दिया गया है,जिसकी आठों कक्षाओं के पठन पाठन को समेट कर एक कमरा में सीमित कर दिया गया है, जहां पर शिक्षण कार्य तो दूर सांस लेना भी दुश्वार हो गया है,इसी तरह राजकीय बालिका छात्रावास जो लगभग एक दशक से बंद है जिसके संचालन के लिए लगातार विभाग से अनुरोध करने पर अभी तक संचालन नहीं हुआ है।



इन दोनों शिक्षण संस्थाओं के संचालन के लिए यह संगठन पिछले कई वर्षो से लगातार संघर्ष कर रहा है,आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में संगठन ने इन दोनों शिक्षण संस्थाओं के शीघ्र संचालन के लिए मांग की है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने शीघ्र ही निस्तारण का आश्वासन दिया है। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष सैय्यद शाहबाज अली, जिला उपाध्यक्ष कलीम अहमद, जिला महासचिव आसिफ शकील, नफीसुद्दीन गल्ला ,एडवोकेट शाहरुख चेयरमैन, मोहम्मद कैफ, युवा जिला अध्यक्ष डॉ सत्य हरि, नगर अध्यक्ष सुमित वर्मा, शमा परवीन, रमाशंकर, दानिश साबरी, आरिफ अली, अयान अहमद, मोहित कक्कड़ आदि समस्त हमीरपुर जिला इकाई के लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत सचिवों ने आनलाइन हाजिरी के विरोध मे बीडीओ को सौपा ज्ञापन



**बस्ती–** बस्ती जिले मे ब्लाक परिसर पौली में पंचायत सचिवों ने ऑनलाइन हाजिरी सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी श्वेता वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय ग्राम सचिवों (ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी) से मूल विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त बिना कोई संसाधन उपलब्ध कराए अन्य विभागों के कार्य लिए जाने का विरोध किया गया। इसके साथ ही, अव्यवहारिक ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने पर भी आपत्ति जताई है।सचिवों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग की समस्त योजनाओं को लागू करने में ग्राम सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस मौके पर ग्राम सचिव राजेश कुमार ,पिन्टू यादव,सतीश कुमार,राम प्रताप राय,संतोष मिश्र,रमाकान्त ,अमरीश पटेल,बृजेश यादव सहित तमाम लोग विश्व मृदा दिवस पर कृषि मंत्री ने दी चेतावनी: 'मिट्टी की सेहत गिरी तो भविष्य की खाद्यान्न सुरक्षा संकट में पड़ जाएगी '

### पुरानी रंजिश में बेटे को दबंगों ने मारा पीटा, मां ने एसपी से लगाई गुहार



**बस्ती–** बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासिनी लक्ष्मी देवी पत्नी पुरई जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। एसपी को दिये पत्र में लक्ष्मी देवी ने कहा है कि गांव के ही अमित सिंह, हनुमान सरन सिंह, शिवा सिंह पुत्र जगदम्बा सिंह पुत्र देवता सिंह आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके बेटे पवन और उसे भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये मारा पीटा, मोबाइल तोड दिया, घटना की सूचना 3 दिसम्बर को थाने पर दी गई किन्तु पुलिस कर्मियों ने न तो मुकदमा दर्ज किया न ही कोई कार्रवाई किया। लक्ष्मी देवी ने मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

### कलक्टर साहब जन शिकायते निर्देश नहीं समाधान और न्याय मांगती हैं, जनता



**बस्ती–** बस्ती जिले मे समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत से सम्बंधित अधिकारी मौके पर जा कर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होने तहसील भानपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उक्त निर्देश दिया। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक दशा में निष्पक्षता, समयबद्धता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें, प्रत्येक प्रकरण की जांच के समय शिकायतकर्ता का पक्ष अवश्य सुना जाए तथा सभी तथ्यों की भॅलीभॉति जांच करने के उपरान्त ही प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निस्तारण में किसी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल संज्ञान में लाये, जिससे प्रकरण का समयान्तर्गत निस्तारण हो सके। उप जिलाधिकारी हिमांशु कुमार ने बताया कि कुल 55 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें से 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व के 38, पुलिस के 5, विकास के 8, कृषि के 1 तथा नगर पंचायत के 3 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये।

## जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में कोटेदारों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलापूर्ति अधिकारी को सौंपा

●जिले की कोटेदार जिला पूर्ति अधिकारी समय रहते हुएमांग पूरा किया जाए आन्दोलित, वितरण ठप करने की चेतावनी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कोटेदार ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में कोटेदारों ने 7 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलापूर्ति अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि राशन विक्रेताओं के समस्याओं का प्रभावी समाधान कराया जाय। यदि समस्याओं का शीघ्र प्रभावी निस्तारण न किया गया तो कोटेदार तीन दिन तक वितरण रोकने को विवश हांगे। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में फोन से फीडबैंक लिया जा रहा है जिसमें कोटेदारों के विरोधियों के पास फोन जाने पर उल्टा-सीधा जवाब दिया जा रहा है व ऐसा व्यक्ति फोन उठाता है जो राशन लेने गया ही नहीं था, जिसमें उसको पूर्ण जानकारी नहीं रहती है। वह भी ठीक जवाब नहीं दे पाता है, जिसके आधार पर अनायास जांच होती है, जिससे शोषण बढ़ता है। सरकार किसी भी एक विभाग से जांच कराये। कई विभाग से जांच कराने पर शोषण बढ़ता है।

बस्ती के कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर 10 रुपये कुन्तल व चीनी पर 70 रुपये कुन्तल, ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, 200 रुपये कुन्तल, गोवा में 200 रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200 रुपये कुन्तल, गुजरात में 20 हजार रूपये का मिनिमम गारण्टी दिया जा रहा है। उ0प्र0 के कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भांति दिया जाये। शासनादेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न कोटे के दुकान पर पहुंचाकर दिया जाये। पूर्व का सभी बकाया भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा वितरण ऑन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण-पत्र व स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाय राज्य सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाये। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेदारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है। कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाये। एम0डी0एम0 और आई0सी0डी0एस0 के खाद्यान्न पर भी एन0एफ0एस0ए0 खाद्यान्न की भांति कमीशन प्रदान करें। ज्ञापन देने के बाद कोटेदार संघ जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र प्रभावी निस्तारण न किया गया तो कोटेदार तीन दिन तक वितरण रोकने को बाध्य हांगे। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के दीप नरायन राय, मो. करीम, मनीष सिंह, विनोद भाई, राम प्रकाश चौधरी, शिवशंकर मिश्र, राम पियारे, सत्यदेव पाण्डेय, बलवन्त, उमेश श्रीवास्तव, शिवाजी, शिवशंकर मिश्र, राम गोपाल, रामनाथ, हनुमान प्रसाद, मेंहदी हसन, राम सुरेश, रवि कुमार वर्मा, किरन देवी, अमरेश, मीना कुमारी, धर्मेन्द्र कुमार, रीता भारती, मनीराम, राम सगुन, राधेश्याम, जगदीश, रामचन्द्र, सावित्री देवी, विन्धवासिनी के साथ ही बड़ी संख्या में कोटेदार शामिल रहे।

### बाबा साहब की पुण्यतिथि सपा प्रदेश सचिव ने कार्यकर्ताओं संग मनाई

**मनकापुर, गोण्डा।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रईस अहमद उर्फ़ बब्बू प्रधान के आवास रेंडवलिया में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में रईस अहमद ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा सभी जाति-धर्म का सम्मान किया और भारत को समानता, स्वतंत्रता व न्याय की मजबूत नींव दी। वे भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान विधिवेत्ता, समाज सुधारक और कमजोर वर्गों के सबसे बड़े हितैषी थे। उन्होंने दलितों, श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया तथा 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का संदेश दिया। कार्यक्रम में उनकी महान शिक्षाओं को याद करते हुए संकल्प लिया गया कि समाज में समानता और भाईचारा कायम रखने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। इस अवसर पर विजय यादव, राहुल यादव, बुन्ने प्रधान, अनिल पासवान, काज़ी इस्तकबाल अहमद, नसीर अहमद, फरीद अहमद, राशिद मोईन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत रुधौली में लापरवाही उजागर: दीन दयाल नगर वार्ड का सामुदायिक शौचालय जर्जर, जिम्मेदार चुप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती–** बस्ती जिले में रुधौली। नगर पंचायत रुधौली के दीन दयाल नगर वार्ड में बने सामुदायिक शौचालय की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। शौचालय में चारों ओर अव्यवस्था का आलम है–कहीं पानी की टंकी टूटकर लटक रही है, तो कहीं घास-फूस उग आने से लोगों का अंदर जाना भी मुश्किल हो गया है। गंदगी और देखरेख के अभाव में यह शौचालय स्थानीय निवासियों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। यहां भी पढ़ें: थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट से संबंधित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 02.558 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 अदद बुलेट मोटरसाइकिल व 11,300 रुपये नकद बरामद ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से शौचालय की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके कारण इसकी हालत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। वहीं नगर पंचायत प्रशासन की खामोशी पर भी सवाल उठने लगे हैं। वार्ड के सभासद अनिल मौर्या ने बताया कि मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर दी गई है और जल्द ही शौचालय को दुरुस्त कराने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो वार्ड के सैकड़ों लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोग अब प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द कार्रवाई होगी और सामुदायिक शौचालय फिर से उपयोगी बन सकेगा।

## गोरखपुर एम्स में स्टोरकीपर की नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 2 लाख रुपये की ठगी करने का मामला

●नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख की ठगी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला के युवक को गोरखपुर एम्स में स्टोरकीपर की नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से 2 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित सोमनाथ पुत्र एममनिराम निवासी बसहवा, थाना नगर, बस्ती ने पुलिस को बताया कि आरोपी रविन्द्र कुमार गौतम, पुत्र सरजू, निवासी डिगडिहा, विशाल खंड-1, गोमती नगर, लखनऊ ने उन्हें गोरखपुर एम्स में स्टोरकीपर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने नियुक्ति पत्र और स्टोरकीपर का पहचान पत्र भी बनवाकर दे दिया। आरोपी ने नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख रुपये की मांग की।

मजबूरी में पीड़ित ने उसे पूरी रकम दे दी। इसके बाद 22 सितंबर 2024 को आरोपी ने फर्जी पहचान पत्र गले में डालकर पीड़ित को गोरखपुर एम्स में जॉइनिंग के लिए भेजा। एम्स पहुंचने पर पीड़ित को पता चला कि उसके नाम की कोई नियुक्ति नहीं हुई है। न हाजिरी लगी, न दस्तावेज जमा हुए और न ही कोई कार्य सौंपा गया। महीना पूरा होने पर जब भी वेतन नहीं मिला, तब पीड़ित ने एम्स प्रशासन से जानकारी ली। जांच में पता चला कि नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र दोनों फर्जी हैं। इस पर जब सोमनाथ ने आरोपी से अपने 2 लाख रुपये वापस मांगे, तो आरोप है कि आरोपी ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गंभीर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, दस्तावेजों की सत्यता की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में 46 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील अमेठी में 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित, तहसीलदार तिलोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### राम जानकी मार्ग पर चकिया गांव के पास सेब भरी ट्रक अनियंत्रित होकर पलटी, चालक सुरक्षित



**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव के पास राम जानकी शुक्रवार की भोर में सेब लदा ट्रक राम जानकी मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक व खलासी सभी सुरक्षित है।संतकबीर नगर जनपद के धनघटा की तरफ से आ रही सेब लदा ट्रक चकिया गांव के पास पहुंचा ही था कि अनियंत्रित हो कर मार्ग पर पलट गया। स्थानीय लोगो ने पहुंच कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। जिसमें किसी को चोट नही आयी और बाल बाल बच गये। चालक जावेद ने बताया कि सिकरीगंज मंडी जाना था। रात में रास्ता भटक गया और राम जानकी मार्ग पकड कर कलवारी की तरफ बढ़ गया। अचानक ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गयी। चौकी प्रभारी कुदरहा महेश शर्मा ने बताया कि ट्रक पलटा था। सभी सुरक्षित है। तत्काल ट्रक हटवा कर याता यात बहाल करा दिया गया था।

## एसआईआर प्रक्रिया में बी.एल.ओ. का सहयोग करें- डा. सुरेन्द्र प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि एस.आई.आर. से किसी मतदाता या बी.एल.ओ. को परेशान होने या घबराने की जरूरत नही है। यह हर भारतीय नागरिक के लिये जरूरी प्रक्रिया है। हर भारतीय नागरिक को लोकतंत्र की मजबूती के लिये अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिये। जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है ऐसे लोगों को इस अभियान को लेकर गंभीर होना चाहिये। डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा किसी अफवाह के चक्कर मे न पड़कर हमे सम्बन्धित बी.एल.ओ. से मिलना चाहिये और अपना तथा परिवार के सदस्यों का नाम सूची में अपडेट कराना चाहिये। इसके साथ मतदाताओं और बी.एल.ओ. का सहयोग भी करना है। डा. सुरेन्द्र प्रसाद ने कहा एस.आई.आर. यानी विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न) का उद्देश्य एक नयी मतदाता सूची तैयार करना है जिसके जरिये से पात्र मतदताओं को मत करने का अधिकार प्राप्त हो सके और अपात्र मतदाताओं नाम मतदाता सूची से हटाया जा सके। डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कि इस प्रक्रिया में तीन फार्मो का प्रयोग किया जा रहा है। पहला फॉर्म नंबर 6 है जिसके माध्यम से नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा जाता है। दूसरा फॉर्म नंबर 7 है, इसके जरिये डुप्लीकेट प्रविष्टियों को सही किया जाता है। यानी जिनके नाम दो बार चढ़े है उनमे से एक नाम को हटाया जाता है। तीसरा फॉर्म नंबर 8 है जिसके माध्यम से मतदाता पहचान पत्र में रह गयी प्रविष्टियों को जोडा जाता है और त्रुटियों को सही किया जाता है।

## ढाई करोड़ की लागत से निर्मित पानी की टंकी का एक वर्ष में ही फटा पाइप

●सैफाबाद में हर घर जल योजना पूरी तरह से हुई धराशाहीएक ही वर्ष में पानी की टंकी का मुख्य पाइप फटना दे रहा बड़ा भ्रष्टाचार का संकेतजे ई व ठेकेदार की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा पानी की टंकी का निर्माण कार्य



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड बहादुरपुरकेंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल योजना ग्राम पंचायत सैफाबाद में पूरी तरह से धराशाही होती दिख रही है अर्थात जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी हर घर जल योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी कुंभकर्णी नींद में पूरी तरह मस्त है जिससे प्रदेश सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है । जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही से गरीब परिवारों को हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और मजबूर होकर प्रदूषित जल का उपयोग करना पड़ रहा हैं । प्रदूषित जल का उपयोग करने से गरीब परिवार के सदस्यों को गंभीर बीमारी हो सकती है और गंभीर बीमारी जैसी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण मजबूर होकर प्रदूषित जल पीकर जीवन यापन कर रहे हैं । ग्राम पंचायत सैफाबाद में लगभग ढेड़ करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पानी की टंकी का मुख्य पाइप एक वर्ष में ही फट गया है । टंकी का मुख्य पाइप फटने से चारों तरफ पानी ही पानी हो गया है । ग्राम पंचायत सैफाबाद में कई स्थानों पर सप्लाई भी बाधित है और अनेक स्थानों पर पाइप फटी हुई है जिससे पानी सप्लाई भी सुचारु रूप से नही हो पा रहा है । पानी सप्लाई ठीक करने के लिए ग्राम प्रधान विकास कुमार ने कई बार पानी टंकी के आपरेटर व जे ई से कहा है लेकिन आपरेटर व जे ई द्वारा पानी सप्लाई ठीक कराने में कोई रुचि नहीं लिया जा रहा है जिससे ग्राम पंचायत में अनेक स्थानों पर पानी भरा रहता है और आवागमन बाधित रहता है अर्थात् ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । आप सोच सकते हैं कि जब लगभग ढाई करोड़ की लागत से निर्मित पानी की टंकी की एक वर्ष बाद ही फट गई तो पानी की टंकी निर्माण कार्य में कितना भ्रष्टाचार हुआ होगा लेकिन जिले का कोई जिम्मेदार सुंधि लेने वाला नही है । आपरेटर भी मोटर चलाकर घूमने में मस्त रहता है उसको भी परवाह नहीं है कि जब मुख्य पाइप फटा है तो पानी कहां जायेगा । अब देखना यह है कि पानी की टंकी में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है ? जिसको लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है । उक्त प्रकरण में ग्राम प्रधान विकास कुमार ने बताया कि पाइप फटने की सूचना देने के लिए ऑपरेटर व जे ई के पास बार-बार फोन किया जा रहा है लेकिन आपरेटर व जेई ने कोई समुचित उत्तर नहीं दिया ।

## हर्रैया में ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई, दो ट्रक सीजर और लाखों का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना हर्रैया क्षेत्र में ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्रवाई शुक्रवार को जोरशोर से की गई। यह अभियान क्षेत्राधिकारी हर्रैया के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया, उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों और पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में चलाया गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से गन्ना लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रालियों का निरीक्षण करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की। जांच में दो ट्रकों को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में सीजर कर दिया गया, जबकि तीन ट्रक और चार ट्रैक्टर-ट्रालियों पर कुल ?2,04,250/- का चालान किया गया। क्षेत्राधिकारी हर्रैया ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी और ओवरलोडिंग करने वाले वाहन स्वामियों तथा चालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक भार न लादें और यातायात नियमों का पालन करें। कहा कि ओवरलोडिंग न केवल वाहनों और सड़क की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। इस अभियान के तहत पुलिस और परिवहन विभाग ने ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्रालियों और अन्य बड़े वाहनों की सघन जांच की, ताकि न केवल अवैध परिवहन रोका जा सके, बल्कि जनता को सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जा सके।

### माही काण्ड में सात साल सजा काटकर आये युवक पर रंगदारी मांगने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के डैम रोड आजादपुरा तृतीय पानी की टंकी के पास रहने वाले बालकिशन पुत्र घनश्याम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह थाना जाखलौन के ग्राम नयागांव में कंपाउंडर के रूप में मरहम पट्टी करने के जाता है। आरोप है कि नयागांव व हाल नरवलिया बिल्डिंग सूचना केन्द्र के पास रहने वाला दबंग व्यक्ति गजेन्द्र सिंह पुत्र सुखदयाल लोधी ने बीती 3 दिसम्बर को रात करीब साढ़े नौ बजे उसे रोक लिया और कहा कि नयागांव में मलहम पट्टी करने के लिए आएंगे तो प्रत्येक माह 10 हजार रुपये देने होंगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोप है कि गजेन्द्र सिंह ने उससे कहा कि वह बहुचर्चित माही काण्ड में सात साल की सजा काटकर बाहर निकला है। सात माह पहले उसने जल निगम के टेंकर के ट्रैक्टर चलाने वालों जो कि गांव के हैं को बुरी तरह से मारा-पीटा था। मामले की सूचना पीड़ित ने डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (4), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रतिष्ठित व्यवसाई दिनेश कौशल के सौजन्य से जरुरतमंदो मे भेंट किए गए शाल

●गरीबों को ठंड से बचाव में सहायक सिद्ध होंगे शाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुलबाजार अमेठी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रबुद्धजनों के सहयोग से संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा क्षेत्र मे विभिन्न स्थानों पर संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी के नेतृत्व मे अति जरुरतमंदो को गर्म कपड़े वितरित करने का यथासंभव प्रयास किया जा रहा है। उसी क्रम मे शुकुलबाजार के प्रतिष्ठत व्यवसायी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश कौशल के सौजन्य से संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी.के.तिवारी ने अति जरुरतमंदो में गर्म शाल भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं गर्म शाल पा कर गरीबों ने भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिष्ठित व्यापारी दिनेश कौशल एवं समाजसेवी पी के तिवारी को दुआंए देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। समाजसेवी पी के तिवारी की निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है और उनका उत्साहवर्धन एवं सहयोग भी कर रहा है वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि दिनेश कौशल का संस्था द्वारा कराए जा रहे प्रत्येक कार्यो मे यथासंभव सहयोग करते रहते हैं जिससे संस्था को बल मिलता है और कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता करके आत्मसुकून प्राप्त होता है, माता-पिता के बताए हुए पद चिन्हों पर चलते हुए हर जरूरतमंदों की यथासंभव मदद करने का प्रयास करते हैं। बताते चलें दिनेश कौशल द्वारा धार्मिक सामाजिक कार्यो में भी बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई जाती है।

## कोतवाली पुलिस ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए मृतक का कराया अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजय सुमन के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए उस व्यक्ति का अंतिम संस्कार कराया, जिसके परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया था। छपरा नटुआ निवासी रामनक्षत्र उपाध्याय की इलाज के दौरान मृत्यु के उपरांत परिजन संपत्ति बेचने का हवाला देते हुए शव लेने नहीं पहुंचे। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने धार्मिक रीति से मुक्तिमार्ग सेवा संस्थान, गौरा कटईलवा में मृतक का अंतिम संस्कार करवाया।

# संक्षिप्त खबरें

## तहसील सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान दिवस



**महराजगंज/रायबरेली।** तहसील सभागार में एसडीएम गौतम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 29 शिकायतें दर्ज की गई। शिकायतों में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित रही। आई शिकायतों में राजस्व की 11, पुलिस की 11, अन्य विभागों से 7 शिकायतें रही। कुल 29 शिकायतों में दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम गौतम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को समय पर शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा, सी.ओ. प्रदीप कुमार,कोतवाल जगदीश यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव, बी.डी.ओ. वर्षा सिंह, आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में जमीन विवाद, निर्माण अवरोध और टप्पेबाजी की शिकायतें

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में शनिवार को नायब तहसीलदार ऋतुराज नागर की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें फरियादी बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।पूरे मेहरबान मजरे जमुआवां निवासी सविता यादव ने बताया कि उन्हें हिबानामा के माध्यम से प्राप्त भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा धमकाया गया और जान से मारने की धमकियाँ दी गई। अलमपुर ग्राम प्रधान अमित कुमार ने नवरंग का पुरवा गांव में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में जबरन बाधा डालने की शिकायत की। उनका कहना है कि बंजर भूमि पूर्व में ही खाली कराई जा चुकी है, फिर भी आरोपी निर्माण रोकने का प्रयास कर रहा है।बाईपास रोड निवासी रामलली ने टप्पेबाजी की स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को नाती को स्कूल से लाने के दौरान अज्ञात युवकों ने बरगला कर उनके झुमके व अंगूठी उतरवा ली, लेकिन शिकायत के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।समाधान दिवस में कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही किया गया।

## विदेश भेजने के नाम पर 3.60 लाख की ठगी, टूर एंड ट्रैवल कंपनी फरार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड स्थित एक टूर एंड ट्रैवल कंपनी पर चार युवकों ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ितों के अनुसार कंपनी संचालकों ने उनसे कुल 3 लाख 60 हजार रुपए व पासपोर्ट लेकर दफ्तर बंद कर दिया और फरार हो गए।गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के बहुआ कृष्णपुर ताला निवासी रामराज, अंश और मनोज कुमार तथा खीरों क्षेत्र के गहिरीखेड़ा निवासी मनोज ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि आरोपियों ने उन्हें विदेश भेजने का झांसा दिया। प्रत्येक से 90-90 हजार रुपए लिए गए। तय तारीख आने पर जब उन्होंने संपर्क करना चाहा तो आरोपियों के मोबाइल बंद मिले। दफ्तर पहुंचे तो वहां ताला बंद मिला, जिसके बाद ठगी का शक पक्का हो गया।पीड़ितों के अनुसार इससे पहले फतेहपुर जनपद के नौ लोग भी इसी कंपनी पर करीब 10 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगा चुके हैं।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुनीत अग्रवाल की अध्यक्षता में औषधि विक्रेता संघ की बैठक हुई संपन्न



**बिसवां, सीतापुर** औषधि विक्रेता संघ बिसवां की एक आवश्यक बैठक नोबेल पैथोलॉजी के प्रांगण में अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नारकोटिक ड्रग्स एवं कोडिन युक्त कफ सिरप की बिक्री संबंधी महत्वपूर्ण गाइडलाइनें औषधि विक्रेताओं को जारी की गई। अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल ने निर्देश दिया कि नारकोटिक्स व कोडिन युक्त कफ सिरप सहित प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के वैध पर्चे पर ही की जाए तथा पर्चे की एक प्रति रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी जाए। बैठक में नरेश श्याल, कमलेश वर्मा, पप्पू जमा, मुदस्सिर हुसैन, रजत अग्रवाल, लवकुश वर्मा वंश मेहरोत्रा, ब्रजेश वर्मा, शौरभ श्याल, विजय अवस्थी मनोज मंगल आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में औषधि विक्रेता मौजूद रहे।

# आरक्षी ने दुकानदार से की अभद्रता असलहे से धमकाया, वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया निलंबित, शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के शहर कोतवाली क्षेत्र में तैनात एक आरक्षी का दुकानदार से अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया मालखाने में तैनात आरक्षी श्याम जी का एक वीडियो शुक्रवार देर रात सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह एक दुकानदार को गाली-गलौच करते और सरकारी असलहे के बल पर धमकाते नजर आ रहा है वायरल वीडियो की अवधि लगभग 1 मिनट 14 सेकेंड की बताई जा रही है। मामला शहर कोतवाली इलाके के लालबाग चौराहे के पास स्थित 99 स्टोर का है। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात दुकान बंद करने के समय आरक्षी श्याम जी वहां पहुंचे और दुकानदार से कुछ देने की मांग करने लगे दुकानदार के मना करने और यह कहने पर कि यहां 99 रुपये में सभी सामान मिलता है, आरक्षी भड़क गए। आरोप है कि इसके बाद उन्होंने दुकान स्वामी से सोने की चेन मांगी, जिस पर विवाद और बढ़ गया। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आरक्षी अपने पास मौजूद सरकारी असलहे को दिखाकर दुकानदार और कर्मचारियों को धमका रहे हैं। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद आम लोगों में पुलिस की छवि को लेकर रोष देखा गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शनिवार सुबह आरक्षी श्याम जी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया साथ ही पूरे प्रकरण की जांच सीओ सिटी को सौंपी गई है एसपी ने स्पष्ट किया है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून का पालन कराने वालों द्वारा कानून तोड़े जाने को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा फिलहाल जांच शुरू कर दी गई है और वीडियो के आधार पर सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है!

## तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने एक बुजुर्ग साइकिल सवार को तेज टक्कर मार दी



**रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के बाँदा-बहराईच राजमार्ग पर स्थित ओनई गाँव में शुक्रवार की शाम एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने एक बुजुर्ग साइकिल सवार को तेज टक्कर मार दी। इस घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं अज्ञात बाईक सवार अपनी बाईक मौके पर छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। सतांक जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे क्षेत्र के गड़ी दुलारॉय गाँव निवासी नेवल(62) पुत्र शीतलदीन रैदास अपनी साइकिल से ओनई गाँव से अपने घर वापस जा रहे थे, तभी लालगंज की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल(यूपी33बी क्यू4283) सवार ने साइकिल में तेज टक्कर मार दी। घटना में साइकिल सवार बुजुर्ग के सिर में गम्भीर चोट आई और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई, वही घटना के बाद मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल घटनास्थल पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई है।

# बाबरी विध्वंस बरसी पर अलर्ट पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, ड्रोन से निगरानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में बाबरी विध्वंस की बरसी के मद्देनजर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर शनिवार को पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी किया गया किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा लगातार फ्लैग मार्च किया जा रहा है एसपी के आदेश पर शहर और ग्रामीण इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों और मस्जिदों के आसपास पुलिस लगातार गश्त कर रही है। कानून-व्यवस्था पर पैनी नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की मदद ली जा रही है, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम से की जा रही है। सोमवार को सीओ सिटी/आईपीएस विनायक भोसले और शहर कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला ने पुलिस टीम के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पैदल गश्त कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी अफवाह या कानून विरोधी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में रुककर स्थानीय नागरिकों से संवाद भी किया। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने और अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल भी तुरंत मौके पर भेजा जाएगा। जिले की सभी मस्जिदों में गतिविधियां शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई हैं!!

# कथा व्यास झिलमिल महाराज के प्रवचन में जीवंत हुआ कृष्ण जन्म, श्रद्धालुओं में उमड़ा आध्यात्मिक उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर के निकट सच्चिदानन्द पैलेस में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन कथा व्यास पं. झिलमिल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का पावन प्रसंग सुनाया। जैसे ही कथा में कृष्ण जन्म की घड़ी आई, पूरा परिसर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के संकीर्तन से गूंज उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।कथा व्यास ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं। उन्होंने अजामिल प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान के नाम का जाप मनुष्य को भवसागर से पार करा देता है। नाम-स्मरण की शक्ति से ही अजामिल ने यमदूतों को परास्त कर भगवान की शरण प्राप्त की।कृष्ण जन्म वर्णन के दौरान पं. झिलमिल महाराज ने बताया कि भगवान के जन्म लेते ही कारागार के बंधन टूट गए और पहरेदार गहरी निद्रा में चले गए। जन्म का क्षण आते ही पूरा वातावरण आनंद से भर गया, जिसका प्रभाव श्रोताओं पर भी स्पष्ट दिखाई दिया।आयोजन में घनश्याम सोनी, किरन सोनी, राजकुमार सोनी,संजू महराज, मोनू मिश्रा, एडवोकेट आलोक श्रीवास्तव सधन त्रिवेदी, सधोले शुक्ला, शिव गोपाल गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, अरविंद पांडेय, उमेश यादव, रामू बारी ,सूर्यांश शुक्ला, स्तुति शुक्ला, यशस्वी शुक्ला,मंजुला,रामू तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## शत-प्रतिशत एसआईआर सत्यापन कार्य पूरा करने पर बीएलओ मीना सोनकर को एसडीएम ने किया सम्मानित

**महराजगंज/रायबरेली।** नगर पंचायत के बूथ संख्या 260 की बीएलओ मीना सोनकर को शत-प्रतिशत एसआईआर (SIR) सत्यापन कार्य पूरा करने पर सम्मानित किया गया है। शनिवार को नगर पंचायत सभागार में उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने उन्हें अंगवस्त्र और तीन हजार रुपये की चेक देकर सम्मानित किया। मीना सोनकर ने निर्धारित समय से पहले ही 1099 मतदाताओं का एसआईआर सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के कुल छह बूथों में से बूथ संख्या 260 का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया है। शेष पांच अन्य बूथों पर भी 90 प्रतिशत एसआईआर का काम पूरा हो चुका है, और अगले एक-दो दिन में उनका भी शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो जाएगा। इस अवसर पर ईओ रामाशीष वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, क्षेत्रीय लेखपाल संतोष पटेल, लिपिक रामचंद्र और जमुना प्रसाद सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भवन, यू.पी. स्टेट सेंटर, लखनऊ टेक्निकल टॉक का आयोजन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा आज दिनांक 06 दिसम्बर, दिन शनिवार को शाम 4:00 बजे एक महत्वपूर्ण टेक्निकल टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'Air PollutionÑ A Monster in Environment' था, जिसमें वायु प्रदूषण के बढ़ते खतरों, इसके दुष्प्रभावों तथा इससे निपटने के तकनीकी व सामाजिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में वायु प्रदूषण नियंत्रण को 'विकसित भारत 2047' के विज़न से जोड़ते हुए कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और सतत पर्यावरण ही विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की नींव है। इस तकनीकी वार्ता के कीनोट स्पीकर इं. जे. बी. सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, इंजीनियरिंग, LIC HFL Care Homes, मुंबई (वित्त मंत्रालय, भारत सरकार का PSU) रहे। उन्होंने बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु आधुनिक तकनीकों, सतत विकास तथा इंजीनियरों की भूमिका पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण की वर्तमान स्थिति, मानवीय स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव तथा हमारे इंजीनियरिंग समुदाय की विशेष जिम्मेदारियों पर अपने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक इं. अनूप चन्द्र मिश्रा रहे, जिन्होंने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और विषय की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्थान के चेयरमैन इं. विजय प्रताप सिंह, ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए इंजीनियरों की नवीन तकनीकों की भूमिका तथा जनजागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में संस्था के मानद सचिव इं. निरेंद्र कुमार निषाद ने सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इंजीनियर, विशेषज्ञ, युवा सदस्य एवं तकनीकी क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# नारी जगत के सच्चे मसीहा : बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में (अमिता अम्बेडकर) ने भारत की आधी आबादी यानी नारी शक्ति को सदियों से जाति और पितृसत्ता की दोहरी गुलामी में रखा गया था। इस गुलामी की जंजीरें तोड़ने वाले महामानव कोई और नहीं, परम पूज्य बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। वे नारी मुक्ति के सबसे बड़े योद्धा और सच्चे मसीहा हैं। द्वजातिवादी और मनुवादी इतिहासकारों ने पहले बाबासाहेब को इतिहास से ही गायब करने की कोशिश की। जब मान्यवर कांशीराम साहेब और बहन मायावती जी के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी ने बाबासाहेब को जन-जन तक पहुँचाया, तब इन लोगों ने नया षड्यंत्र रचा। अब वे बाबासाहेब को सिर्फ 'दलितों के मसीहा' बताकर उनका कद छोटा करने पर तुले हैं। लेकिन सच यह है कि बाबासाहेब सिर्फ दलितों के नहीं, समूची भारतीय नारी जाति के मुक्तिदाता हैं। आधुनिक भारत के राष्ट्रपिता हैं।

बाबासाहेब ने नारी को कभी संकुचित दायरे में नहीं देखा। उन्होंने साफ कहा था, 'मैं समाज की उन्नति महिलाओं की उन्नति से मापता हूँ।' इसलिए उन्होंने हर क्षेत्र में नारी को बराबरी का हक दिलाने का काम किया। सबसे बड़ा काम किया हिंदू कोड बिल के जरिए। इसमें बेटियों को बेटों के बराबर पैतृक संपत्ति का अधिकार, तलाक का अधिकार, अंतरजातीय विवाह को मान्यता और बहुपत्नी प्रथा पर रोक जैसी क्रांतिकारी बातें थीं। उस समय के रूढ़िवादी लोग इतना डर गए कि नेहरू सरकार को भी पीछे हटना पड़ा और बाबासाहेब को मंत्री पद छोड़ना पड़ा। लेकिन बाबासाहेब नहीं रुके। बाद में यही हिंदू कोड बिल टुकड़ों में पास हुआ और आज हर बेटी को जो संपत्ति में हिस्सा मिलता है, उसकी नींव बाबासाहेब ने रखी। भारतीय संविधान में भी बाबासाहेब ने नारी को मजबूत अधिकार दिए। अनुच्छेद 14, 15, 16 के जरिए लैंगिक समानता की गारंटी दी। महिलाओं-बच्चों के लिए विशेष कानून बनाने का अधिकार दिया। सबसे बड़ी बात-भारत में महिलाओं को इंग्लैंड और अमेरिका से पहले ही वोट का अधिकार मिला, यह बाबासाहेब की दूरदर्शिता थी।



श्रमिक महिलाओं की रक्षा के लिए बाबासाहेब ने मातृत्व लाभ कानून, खदानों में महिलाओं की सुरक्षा और प्रसूति अवकाश की व्यवस्था करवाई। बाल विवाह, देवदासी प्रथा और विधवा उत्पीड़न जैसी कुरीतियों पर भी उन्होंने करारा प्रहार किया। बाबासाहेब ने बच्चियों की शिक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया। उन्होंने कहा था- 'नारी को शिक्षित करो, ताकि वह गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल सके।' सैकड़ों बहुजन-दलित बेटियों को उन्होंने छात्रवृत्ति और हॉस्टल दिलवाए। आज जब नारी सशक्तीकरण की बात होती है, तो कुछ लोग अपने नाम का डंका पीटते हैं, लेकिन असली हकदार बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर का नाम जान-बूझकर दबाया जाता है। याद रखिए- जिस दिन आपने वोट डाला, संपत्ति में हिस्सा लिया, नौकरी की, अपना जीवनसाथी चुना- उस हर खुशी के पीछे बाबासाहेब का हाथ है। बाबासाहेब न दलितों के अकेले मसीहा हैं, न सिर्फ बहुजनों के। वे भारत की हर बेटी, हर माँ, हर बहन के सच्चे मुक्तिदाता और नारी जगत के सबसे बड़े मसीहा हैं। भारत के राष्ट्र निर्माता हैं।

## डॉ अम्बेडकर थे संविधान निर्माता-शिशिर



**सीतापुर** स्वतंत्र भारत के पहले क़ानून मंत्री, प्रसिद्ध वकील, राजनेता और संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेसजनों ने लोहार बाग स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ती पर माल्यार्पण किया कांग्रेस शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई ने कहा बाबासाहेब ने देश में स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के विचार को आगे बढ़ाया और संविधान के माध्यम से शोषितों, वंचितों समेत हर एक भारतीय के अधिकार को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई।श्री बाजपेई ने कहा नई पीढ़ी को बाबासाहेब के बताए रस्ते पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए कार्यक्रम में प्रमुख रूप पीसीसी सदस्य धीरेश कश्यप आमोद मिश्र संजय कुमार सनी रामू शुक्ला विनोद कुमार सावित्री देवी श्याम जी राज गुप्ता फिरोज आदि उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष के अवसर पर शक्ति कलश यात्रा, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ज्योति कलश रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। गायत्री परिवार से जुड़े लोगों ने लोगों को मिशन का साहित्य वितरित किया। कलश यात्रा सुबह करीब 10 बजे कस्बे के साकेत नगर पहुंची। इसके बाद मेन रोड होते हुए घोसियाना मोहल्ला स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में स्वागत किया गया।अनुयायियों ने विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर दिव्य कलश की आरती उतारी। कार्यक्रम के संयोजक शीतला प्रसाद ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित मिशन के शताब्दी वर्ष के तहत पूरे देश में शक्ति कलश यात्रा निकाली जा रही है।आरएसएस के जिला प्रचारक अजीत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरह सामाजिक उत्थान में लगे कई संगठन अपना शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। हम सब मिलकर राष्ट्र निर्माण और युग निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।आभार ज्ञापन कृष्ण शंकर गुप्त ने किया। उन्होंने कहा कि यह परम सौभाग्य है कि हम सभी को इस दिव्य आयोजन में प्रतिभाग करने का अवसर मिला।इसके बाद कलश यात्रा बेहटा चौराहा स्थित गायत्री विद्यापीठ, बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल शेखवावापुर होते हुए ऊंचाहार के लिए रवाना हुई। इस मौके पर नगर प्रचारक पुष्पम, सुरेश दीक्षित, भुजंग भूषण शर्मा, शिव दत्त बाजपेई, इंद्रेश सिंह, राजेश सोनी, अविनाश शर्मा, कृष्णा सिंह, रेनू दीक्षित, पूनम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व अनुयायी मौजूद रहे।

# समाज को सही आइना दिखाएँ लेखक: प्रख्यात कवि-उपन्यासकार प्रो. विकास शर्मा ने समकालीन साहित्य पर डाला प्रकाश

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म स्टडीज़ (आईटीएस) में 'मीट द ऑथर' शीर्षक से एक अत्यंत रोचक साहित्यिक आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अंग्रेज़ी विभाग के प्रख्यात कवि, उपन्यासकार एवं विद्वान प्रो. विकास शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। समकालीन साहित्य पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और साहित्य-प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म स्टडीज़ के गतिशील निर्देशन में तथा डॉ. पवन शुक्ल, समन्वयक, एसोसिएशन ऑफ इंग्लिश टीचर्स, लखनऊ के सफल संचालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने इसकी गरिमा में और वृद्धि की। सार्थी फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष श्री संजय डेविड ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि डॉ. मनोज पाण्डेय, अध्यक्ष, स्न्ष्टञ्ज (लखनऊ यूनिवर्सिटी एसोसिएटेड कॉलेजेज़ टीचर्स एसोसिएशन) की उपस्थिति ने इस साहित्यिक समारोह को और अधिक सार्थक बनाया। मुख्य वक्तव्य देते हुए प्रो. विकास शर्मा ने समकालीन साहित्य में उभरते रुझानों, नए कथ्य-शिल्प, बदलते सांस्कृतिक दृष्टिकोणों तथा साहित्य की सामाजिक-मनोवैज्ञानिक वास्तविकताओं को समझने में निभाई जाने वाली भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। उनकी संवादधर्मी शैली और गहन साहित्यिक विश्लेषण ने श्रोताओं को अत्यंत प्रभावित किया। अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों में साहित्यिक संवेदनशीलता विकसित करने हेतु महत्वपूर्ण बताया तथा एसोसिएशन ऑफ इंग्लिश टीचर्स के सक्रिय योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन शुक्ल ने कहा कि लेखक-पाठक संवाद से विद्यार्थियों को साहित्य को रचनाकार की दृष्टि से समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन तथा उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. मनोज पाण्डेय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि साहित्यिक संवाद को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। अंत में हुए संवाद-सत्र में विद्यार्थियों ने समकालीन कथा-साहित्य, आलोचना और उभरती लेखकीय आवाज़ों पर प्रश्न पूछे, जिनका प्रो. शर्मा ने अत्यंत विचारोत्तेजक उत्तर दिया। समग्र रूप से 'मीट द ऑथर' कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय का एक यादगार साहित्यिक आयोजन सिद्ध हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को एक ज्ञानवर्धक, प्रेरक और आनंददायी अनुभव प्रदान किया।



# एसएमएस लखनऊ में 'भारत @ 2047: विज़न फौर डेवेलप्ड नेशन' विषय पर द्वितीय एसएमएस संसद का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एसएमएस), लखनऊ में 'भारत @ 2047: विज़न फौर डेवेलप्ड नेशन' विषय पर द्वितीय मॉडल संसद एसएमएस संसद'25 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न कॉलेजों से आए प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। मॉडल संसद के माध्यम से छात्रों ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत की संभावित विकास यात्रा का संसदीय स्वरूप में प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत एसएमएस लखनऊ के निदेशक डॉ. आशीष भटनागर के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि मॉडल संसद जैसे मंच युवाओं में कौशल नेतृत्व, नीतिगत समझ और नवाचारी सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि मयंकेश्वर शरण सिंह, (राज्य मंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण), ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि मॉडल संसद छात्रों को रचनात्मक चर्चा, समालोचनात्मक सोच और नीति-निर्माण की बारीकियों को समझने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने छात्रों को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय एसएमएस संसद '25 में 20 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया, जिनके प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, विपक्ष के नेता और विभिन्न राज्यों के सांसदों की भूमिकाएँ निभाई। कार्यक्रम में प्रस्तुत चर्चाएँ देश को 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर और नवाचार-प्रधान राष्ट्र बनाने पर केंद्रित रहीं। एसएमएस लखनऊ के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने कहा कि एसएमएस संसद, छात्रों में नागरिक चेतना और नेतृत्व भावना को बढ़ावा देने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षिक आयोजन राष्ट्र के भविष्य के लिए जागरूक और दूरदर्शी युवा तैयार करने में सहायक साबित होते हैं। कार्यक्रम का समापन 'विज़न 2047 प्रस्ताव' के पारित होने के साथ हुआ, जो देश के विकास, प्रगति और सशक्त भविष्य के प्रति युवाओं की सामूहिक दृष्टि को दर्शाता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुमन कुंडी ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन टीम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि मॉडल संसद ने छात्रों को नीति-निर्माण, नेतृत्व और सहयोगात्मक निर्णय लेने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। एसएमएस लखनऊ ने इस आयोजन के माध्यम से समग्र शिक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्व और अनुभव आधारित अधिगम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पुनः व्यक्त की।




## आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**मलिहाबाद।** आम के बगीचे में युवक का शव पेड़ से लटका मिला ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो गांव निवासी सुभाष कुमार 22 जो डाला चला कर अपने परिवार के भरण पोषण में पिता की मदद करता था शुक्रवार शाम वह पिकअप डाला लेकर भाड़ा उठाने की बात कहकर घर से निकला था।शनिवार को सुबह गांव के बाहर कुलदीप सिंह के आम के बाग में ग्रामीणों ने एक युवक को फांसी के फंदे से लटकता हुआ देखा पास गए तो देखा वह सुभाष कुमार था ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर मकर पर पहुंचे परिजन बेटे को फांसी के फंदे पर झूलता देख दंग रह गए धीरे-धीरे वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया।आसपास देखा तो वहां पर पिकअप डाला और शराब की शीशी पड़ी मिली फिलहाल पुलिस ने कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता रजय,माता रजारानी और बहन है।थाना प्रभारी रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया मामला आत्महत्या का लग रहा है फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## समाधान दिवस में आयीं 86 शिकायतें,05 का हुआ निस्तारण

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एएसपी पश्चिमी व एसडीएम ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। समाधान दिवस पर कुल 86 शिकायतें आयी। जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से 47 व पुलिस की 23 शिकायतें रही। एएसपी पश्चिमी ने थानाध्यक्षों को फरियादियों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिये। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने मातहतों को लम्बित शिकायतों के पारदर्शितापूर्ण निस्तारण की बात कही। सीओ आशुतोष मिश्र ने भी पुलिस से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक रामचंद्र त्रिपाठी, लेखपाल संघ अध्यक्ष केके सरोज आदि रहे।

# इंडिगो संकट से उभरे व्यवस्था के बुनियादी प्रश्न




इंडिगो में हालिया बड़े पैमाने पर हुई फ्लाइट रद्दीकरण की घटना ने देश की विमानन व्यवस्था की गहरी परतें उजागर कर दी हैं। यह संकट केवल एक एयरलाइन की विफलता नहीं, बल्कि उस सोच और मॉडल की नाकामी है जिसने भारतीय विमानन को लंबे समय तक 'लीन और एफिशिएंट' रणनीति के नाम पर अनिश्चितता और अस्थिरता की ओर धकेला। इंडिगो जैसी विशाल एयरलाइन, जो अपने समय पर उड़ान भरने और व्यापक नेटवर्क के लिए जानी जाती रही है, आज इतने व्यापक परिचालन संकट में घिर जाए यह स्वाभाविक रूप से एक बड़े सिस्टम की चेतावनी का संकेत है।

संकट की जड़ में नए FDTL (फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन) नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन रहा, जो 1 नवंबर 2025 से लागू हुए। इन नियमों ने पायलटों और केबिन क्रू के कार्य-घंटों पर कड़े प्रावधान लगाए। साप्ताहिक आराम 36 से बढ़ाकर 48 घंटे करना और नाइट लैंडिंग्स को 6 से घटाकर 2 कर देना। यह बदलाव पायलटों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और थकान प्रबंधन के लिए अनिवार्य था और वैश्विक मानकों के अनुरूप भी। परंतु इंडिगो ने इन बदलावों के प्रभाव को समय रहते न तो ठीक से समझा और न ही इसके लिए आवश्यक स्टाफिंग तैयार की। DGCA ने नियम लागू होने से नौ महीने पहले एयरलाइंस को तैयारी का समय दिया था, लेकिन इंडिगो के भीतर 'लीन मैनपावर' रणनीति ने इस लचीलापन को नज़रअंदाज़ कर दिया। यही वह बिंदु था, जहां से संकट की नींव पड़ी।

इंडिगो का पायलट रोस्टर पहले ही अपनी क्षमता की सीमा पर संचालित हो रहा था। जब नए FDTL नियम लागू हुए, तो पायलटों की आवश्यकता अक्टूबर में 2,186 से बढ़कर नवंबर में 2,422 हो गई, जबकि उपलब्ध संख्या 2,357 पर ही अटकी रही। यह महज संख्या का अंतर नहीं था बल्कि एक ऐसे ऑपरेशन का चित्र था, जो हर दिन किनारे पर डगमगाते हुए चल रहा था। फर्स्ट ऑफिसर्स की कमी ने स्थिति को और कमजोर किया। खासकर विंटर शेड्यूल, रेड-आई फ्लाइट्स और हाई-ट्रैफिक हब्स जैसे दिल्ली और मुंबई पर इस कमी के कारण रोस्टरिंग लगभग असंभव हो गई। परिणामस्वरूप मामूली देरी भी पूरे नेटवर्क में 'कैस्केडिंग कैंसिलेशन' में बदल गई, जैसा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में देखने को मिला।

यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इंडिगो ने पिछले महीनों में हायरिंग फ्रीज, सैलरी फ्रीज और अन्य एयरलाइंस के साथ नॉन-पोचिंग एग्रीमेंट जैसे निर्णय लिए, जिनका सीधा असर उसकी क्रू उपलब्धता पर पड़ा। यह रणनीति लागत नियंत्रण के लिहाज़ से आकर्षक लग सकती है, लेकिन विमानन जैसे जटिल और सुरक्षा-उन्मुख क्षेत्र में स्टाफ को 'लीन संसाधन' मानकर चलना जोखिमभरा कदम है। ऐसा मॉडल अनिश्चित मौसम, एयर ट्रैफिक कंजेशन, तकनीकी समस्याओं या स्टेशन-स्तर की गड़बड़ियों को सहन नहीं कर सकता। और यही हुआ—दिल्ली एयरपोर्ट जैसी जगहों पर चेक-इन और डिपार्चर कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी दिक्कतें और कोहरे ने उस रोस्टर को चरमराकर गिरा दिया, जिसमें बफर क्रू का लगभग अभाव था।

दिल्ली इस संकट का केंद्र बना। 5 दिसंबर को इंडिगो की 235 सभी घरेलू उड़ानें रद्द हो गईं, एक ऐसा दृश्य जो भारतीय विमानन इतिहास में दुर्लभ है। दिल्ली इंडिगो का प्रमुख हब है, जहाँ रेड-आई फ्लाइट्स और रात के ऑपरेशनल दबाव अधिक होते हैं। नए FDTL नियमों की मार भी सबसे पहले और सबसे ज़्यादा इसी बेस पर पड़ी। जब दिल्ली चरमराया, तो उसके बाद मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे अन्य हब्स में भी कैंसिलेशन फैल गए। यह मानना गलत नहीं होगा कि इंडिगो का नेटवर्क एक अच्छी तरह निर्मित मशीन भले हो, लेकिन इस संकट ने दिखा दिया कि मशीन का हर पुर्जा पहले से ही अपनी अधिकतम क्षमता पर चल रहा था—और किसी भी दिक्कत में पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो सकती है।

DGCA की भूमिका यहां निर्णायक रही। नियामक ने न केवल एयरलाइन से हर 15 दिन में प्रोग्रेस रिपोर्ट की मांग की, बल्कि उससे 30 दिनों में पूर्ण FDTL अनुपालन का विस्तृत रोडमैप जमा करने को भी कहा। DGCA ने ,320 विमानों के लिए कुछ अस्थायी छूट दी जैसे लगातार फ्लाइंग घंटे 12 से बढ़ाकर 14 करना या क्रू लीव को वीकली रेस्ट के रूप में स्वीकार करना लेकिन यह स्पष्ट संदेश दिया कि पूर्ण अनुपालन की अंतिम सीमा 10 फरवरी 2026 ही है। यह डेडलाइन इस राजनीतिक और नियामक संकल्प का प्रतीक है कि सुरक्षा के मूल मानकों पर कोई समझौता नहीं होगा, चाहे ऑपरेशनल असुविधा कितनी भी बड़ी क्यों न हो।

मौजूदा संकट केवल विमानन मैनपावर की कमी का संकट नहीं, बल्कि यह उन रणनीतिक निर्णयों की भी विफलता है जो 'किफ़ायत' के नाम पर बने। किसी भी उद्योग में लागत नियंत्रण आवश्यक है, लेकिन यदि वह सुरक्षा, विश्वसनीयता और मानवीय संसाधनों के सम्मान को कमजोर करने लगे, तो वह टिकाऊ मॉडल नहीं रह जाता। इंडिगो को यह समझना होगा कि पायलट, केबिन क्रू और ग्राउंड स्टाफ मशीन का हिस्सा नहीं, बल्कि अपने कौशल और निर्णय क्षमता से हर दिन हजारों यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले पेशेवर हैं। उन्हें थकावट की सीमा तक खींचना एयरलाइन के लिए भी और यात्रियों के लिए भी नुकसानदेह है।

यह संकट हमें विमानन उद्योग के भविष्य के बारे में भी सोचने पर मजबूर करता है। क्या एयरलाइंस को AI आधारित प्रेडिक्टिव रोस्टरिंग और बफर क्रू पूल जैसे आधुनिक विकल्पों को अपनाना चाहिए? क्या पायलटों के लिए कैडेट प्रोग्राम्स, तेज ट्रेनिंग रूट्स और बेहतर वेतन संरचना जरूरी है? क्या हवाई अड्डों पर तकनीकी अवसंरचना को मजबूत किए बिना हम बढ़ते यात्री ट्रैफिक का सामना कर सकते हैं? ये सवाल अब और टाले नहीं जा सकते।

अंततः, यात्रियों के अधिकारों की बात भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जिनके लिए यह संकट असुविधा, नुकसान और मानसिक तनाव का कारण बना। DGCA ने रिफंड, मुआवजा और री-बुकिंग के स्पष्ट नियम बनाए हैं, और इंडिगो ने भी दिसंबर की तारीखों पर पूर्ण वेवर की घोषणा की है। लेकिन आदर्श स्थिति यही होती कि यात्रियों को इस संकट से गुज़रने की आवश्यकता ही न पड़ती।

निष्कर्ष यह है कि भारतीय विमानन उद्योग को अब केवल 'लीन और एफिशिएंट' मॉडल तक सीमित न रहकर एक 'रिज़िलिएंट और सेफ्टी-प्रूफ' मॉडल को प्राथमिकता देनी होगी। इंडिगो में हालिया संकट एक स्पष्ट चेतावनी है: यदि समय पर आवश्यक तैयारी न की जाए, स्टाफिंग स्तर पर्याप्त न हो, और यदि बुनियादी सुरक्षा एवं परिचालन क्षमता के नियमों की अनदेखी केवल लागत नियंत्रण के लिए की जाए, तो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन भी कुछ ही दिनों में गंभीर परिचालन गतिरोध का सामना कर सकती है। यह वर्तमान स्थिति भारतीय आसमान को आने वाले वर्षों में सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद बनाए रखने के लिए एक निर्णायक क्षण है—जो सुधार और गहन आत्ममंथन की मांग करता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# इंडिगो की मनमानी पर सरकार अंकुश लगाए

देश में बसों और ट्रेनों का अनायास रद्द होना आम बात है- कभी मौसम की मार, तो कभी धरना-आंदोलन के कारण। इसके चलते गरीब और मध्यम वर्गीय यात्रियों को स्टेशनों पर भटकते-बिलखते हमने अक्सर देखा है। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि उच्च मध्यमवर्गीय और फर्स्ट-क्लास विमान यात्रियों को भी उड़ान के लिए भटकना पड़ रहा है। हवाई यात्रा आज भी देश की आधी से अधिक आबादी का सपना मात्र है, इसलिए ज़मीनी और हवाई यात्रियों के दुख-दर्द अक्सर एक-दूसरे से अनजान ही रहते हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने नवंबर से उड़ानों को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों में पायलटों और क्रू-स्टाफ के उड़ान समय और आराम अवधि को स्पष्ट रूप से तय किया गया है ताकि थकान-जनित जोखिमों को रोका जा सके।

सरकार की मंशा निस्संदेह सराहनीय है क्योंकि सुरक्षित उड़ान व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी स्वयं पायलट होते हैं। नए नियमों से पायलटों और स्टाफ को राहत मिली है, परन्तु कुछ निजी विमान कंपनियों की असंतुष्टि भी सामने आई है। अब वे पायलटों से अत्यधिक उड़ान करवा कर शोषण नहीं कर पाएंगी। कई कंपनियों ने इन नियमों का पालन करना शुरू भी कर दिया, लेकिन देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो से यह अपेक्षा नहीं थी कि वह उड़ान रद्द कर यात्रियों को इस हद तक परेशान कर दे। यदि इंडिगो सचमुच नए नियमों के विरोध में जानबूझकर उड़ानें रद्द कर रही है, तो यह कदम उसकी विश्वसनीयता को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

बेकोल उड़ानें रद्द होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है कहीं घंटों की मशक्कत, तो कहीं दूसरी कंपनियों द्वारा अचानक बढ़ाए गए किरायों के रूप में लूट। सरकार को इस मामले में कठोर रुख अपनाना चाहिए। इंडिगो के निर्णयों की स्वतंत्र जाँच करवाई जाए।दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रभावित यात्रियों को उचित हर्जाना दिया जाए और दूसरी कंपनियों द्वारा किराए में अचानक की जा रही लूट पर भी तुरंत अंकुश लगाया जाए। हवाई यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।



तभी देश एक सुरक्षित, अनुशासित और भरोसेमंद हवाई सेवा प्रणाली का लाभ सचमुच पा सकेगा।

**अरविंद रावल**

# आतंकवाद की नई परिभाषा गढ़ते तालिबान पाकिस्तान

**पाकिस्तान तालिबान आमने-सामने।**

तब जब तालिबान और पाकिस्तान एक-साथ मिलकर, अमेरिका व पश्चिम समर्थित अफगानी शासन के खिलाफ संघर्ष में थे। तब आतंकवाद, संगठित विद्रोह, और पनाह-गाह का एक साझा मंच था। उस संघर्ष का मकसद स्पष्ट था अफगानिस्तान में तालिबानी शासन स्थापित करना, और क्षेत्रीय देश अपने स्वार्थ साधना। पाकिस्तान ने अपने हितों के तहत तालिबान और उनसे जुड़े संगठनों को संरक्षण दिया था। कई आतंकी समूह चाहे वे तालिबान के ही हों या बहु-संगठित भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, और मध्य एशिया में सक्रिय रहे लेकिन वक्त और हालात बदल गए। पहले जिस तालमेल को आतंकवाद की साझा पहचान ने जोड़ा था, अब वही लहू-खून और घात-छिपा युद्ध का कारण बन गया है। पिछले महीनों में सीमा पार कई हिंसक हमले हुए। कथित आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की सुरक्षाबलों पर हमले बढ़ा दिए। पाकिस्तान का आरोप है कि ये हमले विशेषकर उन संगठनों द्वारा अफगानिस्तान की जमीन से संचालित हो रहे हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), टीटीपी या अन्य प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो अफगानिस्तान के शासन और तालिबान दोनों को दुश्मन माना जाएगा।

दूसरी ओर, तालिबान भी खामोश नहीं रहा। उसने पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में कथित हवाई हमलों जिनमें मासूमों की मौत हुई को 'अभियान', 'सैन्य घुसपैठ', और 'सरहद उल्लंघन' करार दिया। तालिबान के एक मंत्री ने पाकिस्तान की रक्षा नीति को चुनौती देते हुए, उसे 'कायर दुश्मन' कहा और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतों का जवाब दिया जाएगा। यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है।

पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, "जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।"

तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है, यह कहना आसान हो सकता है कि 'वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे'। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई और थल हमले किए, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। इस बदलते परिदृश्य को यदि हम तत्कालीन इतिहास से जोड़कर देखें: 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान में फिर सत्ता संभाली, पाकिस्तान की उम्मीदें बहुत थीं कि तालिबान न सिर्फ अफगान, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन में पाकिस्तान का साथ देगा। विशेष रूप से, भारत-पाकिस्तान कश्मीर के मसलों में तालिबान को पाकिस्तान का साथी बनाने की कवायद थी। लेकिन वह उम्मीद धरी की धरी रह गई। न तो तालिबान ने कश्मीर पर पाकिस्तान की किसी पुरजोर रणनीति का वादा निभाया, न ही भारत-विरोधी स्पष्ट राजनीतिक रुख अपनाया।

अब, जब तालिबान स्वयं आतंकवादियों के जिनमें टीटीपी, बीएलए आदि शामिल खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे, या दिखा भी रहे हो, पर कार्रवाई ठोस नहीं है, पाकिस्तान की नाराज़गी बढ़ने लगी। और इस



नाखुशी की आंच से दोनों पूर्व मित्र अब आपस में तलवारें खिंचने लगे हैं। इस विस्तृत परिप्रेक्ष्य में जहाँ दोनों ही पक्षों ने कभी आतंकवाद को पनाह दी, सहारा दिया अब विरासत खतरनाक है: अस्थिरता, अविश्वास, सीमा पर गोलीबारी, नागरिकों की जान और क्षेत्रीय राज-नैतिक असंतुलन।

भारत के लिए, यह संघर्ष सिर्फ एक सीमापार झड़प नहीं बल्कि एक व्यापक सुरक्षा, भू-राजनीति और कूटनीति का चेहरा है। क्योंकि जब पाक तालिबान जैसी शक्तियाँ आपस में झड़ रही हों, तो आतंकवाद का जाल और जटिल हो जाता है चाहे वह कश्मीर हो या पंजाब, चाहे भारत की सीमाएँ हों या मध्य एशिया का विस्तार। इसलिए, अब यह कहना लाजिमी हो गया है कि 'आतंकवादियों को पनाह देने' वाले देशों चाहे कभी मित्र रहे हों का अंत निश्चित हो। और वह अंत सिर्फ उनकी अपूर्णीय साझेदारी का ही नहीं, बल्कि उस साझेदारी के दायित्वों, कूटनीतिक दावों और सुरक्षा प्रणालियों की विफलता का प्रतीक है।

आज, पाकिस्तान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तीनों मोर्चों पर अस्थिरता से गुजर रहा है। उसकी सेना, उसकी सीमाएँ, उसका भरोसा सब कुछ सवालों पर है। एक अस्थायी, गठबंधन-सरकार की राजनीतिक कमजोरी, आर्थिक संकट, और बढ़ती आंतरिक असुरक्षा इन सबके बीच तालिबान का विरोध उस संकट को और गहरा कर रहा है। इस पाशविक युग में, आतंकवाद जो कभी साझा उद्देश्य था अब दोनों के लिए भड़की हुई आग बन गया है। क्योंकि आतंकवादी कभी अपने चरित्र को नहीं भूलते और इस आग में, सीमाएँ नहीं इंसान, जन-जीवन, राज-नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जलती है। इसलिए, यह वक्त सिर्फ सामरिक भूल-चूक का नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्मूल्यांकन का भी है। आतंकवाद के प्रतीक बने देशों की पहचान मुड़ चुकी है अब वे केवल स्वयं को बचाने की होड़ में हैं।

भारत के लिए, यह अवसर है न सिर्फ सुरक्षा की तैयारी करने का, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह संकेत देने का कि आतंकवाद केवल एक देश या संगठन का नहीं, बल्कि एक वैश्विक समस्या है जिसकी जड़ें साझा हैं। क्योंकि आतंकवादियों के खिलाफ गठबंधन, सिर्फ युद्ध की रणनीति नहीं एक नैतिक और वैचारिक लड़ाई है। और जब दो पूर्व सहयोगी, आपस में संघर्षरत हों तब असली जीत उस विचार की होगी जो आतंकवाद की पनाह-गाहों को मिटा दे, और मानवीय सुरक्षा, कूटनीतिक स्थिरता व क्षेत्रीय शांति को प्राथमिकता दे।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## पुतिन की भारत यात्रा से सम्बंधों में नया अध्याय जुड़ा

भारत और रूस के संबंध केवल दो देशों के बीच एक लंबा आपसी भरोसा सिर्फ कूटनीतिक संबंध नहीं हैं, बल्कि यह सात दशकों से चले आ रहे परस्पर विश्वास सहयोग और रणनीतिक साझेदारी की विरासत है। अनेक अंतरराष्ट्रीय उतार-चढ़ावों के बीच भी यह दोस्ती अपनी स्थिरता और परंपरा के लिए पहचाना जाता रहा है। आजादी के बाद भारत के सामने जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चुनौतियां आई, रूस सबसे आगे खड़ा दिखाई दिया। यही कारण है कि भारत-रूस संबंधों को एक राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा से दोनों देशों की प्रमाणित दोस्ती बतौर देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच हुए समझौते और पुतिन और भारत यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई व्यापक चर्चाओं ने इस साझेदारी को एक नया आयाम दिया है। आपको बता दें कि दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई वार्ता दूरगामी प्रभावों वाली भी साबित है। यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-रूस संबंधों में यह क्षण 'डील ऑफ द डिकेड' के रूप में दर्ज हो सकता है। रोजगार, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, कनेक्टिविटी और भविष्य की तकनीकों जैसे क्षेत्रों में जिस पैमाने पर समझौते हुए हैं, वह बताते हैं कि दोनों देश संबंधों को एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। यह मोड़ केवल कूटनीति का नहीं, बल्कि आर्थिक, तकनीकी, ऊर्जा, नौकरी, हेल्थकेयर और वैश्विक राजनीति के हर पहलू का है। विशेष रूप से ऐसे समय में जब विश्व व्यवस्था तीव्र गति से बदल रही है, पश्चिम और रूस के बीच टकराव गहराया हुआ है, चीन का प्रभाव बढ़ रहा है और ग्लोबल साउथ नई भूमिका तलाश रहा है, भारत और रूस का यह नया अध्याय एशिया से यूरेशिया तक की भू-राजनीतिक धुरी को पुनर्परिभाषित करने की क्षमता रखता है। सबसे बड़ा संदेश इस यात्रा से यह निकल कर आया है कि भारत और रूस दोनों ही अब पारंपरिक मित्रता को आधुनिक वैश्विक जरूरतों के अनुरूप पुनर्स्थापित करना चाहते हैं। उदाहरण के लिए, 30 दिन का 'फ्री वीजा' और माइग्रेशन मोबिलिटी समझौता भविष्य में दोनों देशों के बीच मानव संसाधन के आदान-प्रदान को बेहद सरल बनाएगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ हुए समझौते में भारत सरकार ने 30 दिनों का फ्री ई-वीजा जारी करने की सुविधा देने की घोषणा की है। इससे भारत आने वाले रूसी पर्यटकों के लिए बेहद आसानी हो जाएगी। पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक करीब 79.7 फीसदी रूसी पर्यटक मनोरंजन, छुट्टियां बिताने, स्मारक देखने के लिए भारत आते हैं। करीब 11.2 फीसदी रूसी पर्यटक ही व्यापार के लिए आते हैं लेकिन वह भी ताजमहल समेत अन्य स्मारक देखने पहुंचते हैं। आपको पता रहे रूस के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं, लेकिन उसे कुशल कामगारों की जरूरत है। दूसरी तरफ भारत युवा शक्ति वाला देश है, जहां लाखों युवाओं के सामने नए रोजगार के अवसरों की खोज सर्वोपरि है। इस समझौते से भारत के युवाओं के लिए रूस में रोजगार के व्यापक अवसर खुलेंगे, वहीं रूस को योग्य प्रशिक्षित मानव संसाधन मिलेगा। यह सहयोग केवल आर्थिक लाभ का नहीं, बल्कि दीर्घकालिक मानवीय और सांस्कृतिक जुड़ाव का भी आधार बनेगा। भारत-रूस आर्थिक कार्यक्रम 2030 ने दोनों देशों की महत्वाकांक्षा को और स्पष्ट किया है। 100 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य साधारण नहीं है। वर्तमान परिस्थितियों में जब रूस पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण नए बाजार की तलाश में है, भारत उसकी आर्थिक संतुलन का विश्वसनीय भागीदार बनकर उभर रहा है। वहीं भारत के लिए रूस ऊर्जा, खनिज, दवाइयों, रक्षा और तकनीक का एक स्थाई स्रोत है। यह आर्थिक विस्तार दोनों देशों के लिए समान रूप से लाभकारी है। साथ ही यह भी उल्लेखनीय है कि इस बार सबसे अधिक फोकस हेल्थकेयर, शिक्षा, विज्ञान और तकनीक पर किया गया । यह संकेत है कि संबंध अब केवल रक्षा सौदों या बड़े औद्योगिक समझौतों पर निर्भर नहीं रहेंगे, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों और विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य साझेदारी में रूस की उच्चस्तरीय मेडिकल तकनीक और भारत की सस्ती जेनरिक दवाइयां, दोनों देशों को स्वास्थ्य सुरक्षा का नया मॉडल दे सकती हैं।

मेडिकल रिसर्च और शिक्षा में सहयोग से युवाओं के लिए नए अवसर भी बनेंगे। समुद्री व्यापार पर हुए समझौते भी भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण हैं। आर्कटिक रूट और पोलर वाटर्स के माध्यम से नए शिपिंग कॉरिडोर विकसित करने पर भारत-रूस की सहमति अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों में भारत की भूमिका बढ़ाएगी। इससे भारत का समुद्री व्यापार तेज, लागत, प्रभावी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम होगा। रूस के लिए यह आय का स्थाई स्रोत तथा एशियाई बाजारों तक पहुंच का नया रास्ता बनेगा। हालांकि, इस यात्रा के दौरान किसी बड़े रक्षा समझौते की घोषणा नहीं की गई। यह स्वयं में एक संकेत है कि भारत अब रक्षा के पुराने ढांचे से निकलकर तकनीक और उत्पादन के नए विकल्प तलाश रहा है। भारत निजी क्षेत्र को रक्षा और अंतरिक्ष जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रवेश दे चुका है, और अब मोदी सरकार सिविल न्यूक्लियर सेक्टर को भी निजी निवेश के लिए खोल रही है। यह कदम केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि एक वैचारिक परिवर्तन है जो भारत को विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ाएगा। पुतिन ने भी यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी यात्रा केवल तेल और गैस के सौदों तक सीमित नहीं है। वे भारत के साथ साझेदारी को व्यापक, संतुलित और दीर्घकालिक बनाना चाहते हैं। यही सोच भारत-रूस रिश्ते को अन्य वैश्विक मित्रताओं से अलग बनाती है, जहां संबंध किसी एक एक क्षेत्र पर असंतुलित निर्भरता के बजाय बहुआयामी सहयोग पर आधारित हों। इसमें कोई दोमत नहीं है कि भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी और पुतिन की उपस्थिति में आयोजित इंडो-रूस विजनेस फोरम ने न केवल द्विपक्षीय आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा दी, बल्कि बदलती वैश्विक राजनीति के बीच दोनों देशों की साझेदारी की गहराती मजबूती का भी स्पष्ट संदेश दिया। इस मंच से प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की टिप्पणियों ने भारत-रूस संबंधों की वर्तमान गति, भविष्य की दिशा और वैश्विक संदर्भ में इन रिश्तों की अहमियत को कई स्तरों पर रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में रूस को सबसे भरोसेमंद दोस्त बताते हुए कहा कि वैश्विक चुनौतियों का सामना केवल अस्थायी उपायों से नहीं किया जा सकता; इसके लिए दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधान आवश्यक हैं। यह विचार आज की दुनिया में अत्यंत प्रासंगिक है, जहां भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट, महामारी, आर्थिक अस्थिरता और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याएं एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। भारत और रूस, दोनों ही देश अपने-अपने तरीके से इन चुनौतियों से जूझ रहे हैं। इस संदर्भ में साझेदारी न केवल द्विपक्षीय हितों को आगे बढ़ाती है, बल्कि वैश्विक विमर्श में भी एक संतुलित आवाज का निर्माण करती है। राष्ट्रपति पुतिन ने भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारत 'स्वतंत्र नीति' अपना रहा है और किसी दबाव में नहीं झुकता। यह टिप्पणी आज के परिवर्तित भू-राजनीतिक वातावरण में महत्वपूर्ण है। पश्चिमी देशों के दवाव के बावजूद भारत ने रूस के साथ ऊर्जा, रक्षा और व्यापार संबंधों में स्वतंत्र निर्णय क्षमता दिखाई है। पुतिन का यह बयान भारत की वैश्चिक स्थिति को और मजबूती देता है। इसके साथ ही उन्होंने व्यापार वृद्धि के आंकड़े भी दिए कि पिछले तीन वर्षों में 80 प्रति की रिकॉर्ड की रिकॉर्ड वृद्धि और 64 अरब डॉलर का व्यापार। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों में व्यावहारिकता और आर्थिक पूरकता की मजबूती का प्रमाण है। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुतिन की यह यात्रा केवल कागजी समझौतों की सूची नहीं, बल्कि बदलती दुनिया में एक स्थायी और विश्वसनीय साझेदारी की पुनर्युष्टि है। भारत और रूस दोनों जानते हैं कि भविष्य की विश्व व्यवस्था बहुध्रुवीय होगी, और ऐसी व्यवस्था में मजबूत, भरोसेमंद और दीर्घकालिक साझेदारियों सबसे बड़ा सामरिक पूंजी होंगी। यह यात्रा उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है। उधर इस यात्रा से अमेरिका में बेचैनी है। पूर्व पेंटागन अधिकारी माइकल रुबिन ने दावा किया कि भारत-रूस नजदीकियों का श्रेय पुतिन नहीं, बल्कि ट्रंप को जाता है. उन्होंने कहा कि मोदी की पुतिन के प्रति मेजबानी, अमेरिका की गलत नीतियों और भारत की रणनीतिक जरूरतों का परिणाम है. रुबिन ने कहा कि अमेरिका को भारत को लेक्चर देना बंद करना चाहिए। पाकिस्तान और चीन के माथे पर भी लकीरें खिंच गयी है। पुतिन का यह दौरा भारत और रूस के संबंधों की नयी सीढ़ी बना है। **मनोज कुमार अग्रवाल**

## भारत रूस 75 वर्ष की कूटनीतिक यात्रा और अमेरिका की नई सुरक्षा रणनीति

भारत और रूस पूर्व सोवियत संघ के राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है। एक ऐसा पड़ाव जो गौरव, संघर्ष, विश्वास और ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा है। 1950 और 1960 के दशक में सोवियत संघ की मदद से भारत में भारी उद्योग, स्टील प्लांट, मशीन टूल्स, परमाणु ऊर्जा तथा बड़े बिजली संयंत्रों की नींव रखी गई। 1971 की भारत सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों को रणनीतिक साझेदारियों के स्वर्ण युग में प्रवेश कराया। इन सात दशकों में न तो विश्वास डगमगाया और न ही नीतियों में अस्त-व्यस्तता आई।यही कारण है कि मास्को और दिल्ली की दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत है जितनी उस दौर में थी, जब दुनिया द्विध्रुवीय शक्ति-संतुलन से संचालित होती थी।रूस ने भारत को सैन्य रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में असाधारण भूमिका निभाई। आज भी भारतीय सेनाओं के लगभग 60% हथियार रूसी तकनीक से निर्मित हैं।मिग -21 से लेकर सुखोई30एमकेआई टी 90 टैंक, ब्रह्मोस मिसाइल और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम तक। यह संबंध सिर्फ सौदेबाज़ी नहीं, बल्कि विश्वास पर आधारित दीर्घकालिक कूटनीति का उदाहरण है।इसी परिप्रेक्ष्य में, वैश्विक राजनीति के बदलते स्वरूप ने अमेरिका की नई रणनीतियों को भी प्रभावित किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिका ने अपनी नई नेशनल सेक्युरिटी स्ट्रेटेजी जारी की, जिसने दुनिया के शक्ति-संतुलन पर गहरा संदेश दिया है। 33 पन्नों के इस दस्तावेज़ ने अमेरिकी प्राथमिकताओं, साझेदारियों और चुनौतियों का नया खाका पेश किया है। यह नई रणनीति क्या संकेत देती है और भारत रूस संबंधों की 75 वर्ष की यात्रा के संदर्भ में इसका क्या महत्व है।

**भारत रूस संबंध 75 वर्ष-** विश्वास और रणनीतिक स्थिरता की अनूठी मिसाल है। भारत और रूस के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने समय की कसौटी पर खुद को बार-बार सिद्ध किया है।सोवियत संघ की तकनीकी और औद्योगिक सहायता 1950-60 के दशक में यूएसएसआर ने भारत को भारी उद्योगों का बुनियादी ढांचा दिया। भिलाई और बोकारो स्टील प्लांट, मशीन टूल्स फैक्ट्रियां, पावर प्लांट, अंतरिक्ष कार्यक्रम आदि इन सभी में रूसी सहयोग का गहरा प्रभाव रहा। यह वही समय था जब दुनिया दो ध्रुवों में बंटी हुई थी और नवस्वतंत्र भारत को एक ऐसे सहयोगी की जरूरत थी, जो विकास के हर मोर्चे पर साथ खड़ा रह सके। 1971 की अभूतपूर्व मैत्री संधि सार्थक सिद्द हुई।भारत-सोवियत मैत्री, सहयोग और पारस्परिक सहायता संधि ने दोनों देशों के बीच ऐसी सामरिक समझ पैदा की, जिसने 1971 के युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई। यह संधि सिर्फ सैन्य सहयोग नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास का सबसे ठेस प्रमाण थी। सैन्य शक्ति का स्तंभ भारत की रक्षा क्षमता का बड़ा हिस्सा रूस से मिला।मिग -21 ने भारत की वायु शक्ति की रीढ़ मजबूत की। सुखोई 30 एमकेआईआज भी भारत का सबसे भरोसेमंद फाइटर रहा है।ब्रह्मोस मिसाइल ने भारत को सुपरसोनिक हथियारों की श्रेणी में अग्रणी बनाया।एस-400 सिस्टम भारत की वायु सुरक्षा का नया कवच बना।रूस की यह सैन्य सहायता किसी भी तत्कालिक सौदे की तरह नहीं थी, बल्कि दीर्घकालिक साझेदारी पर आधारित थी। भारत अमेरिका की द्विपक्षीय सौदेबाजी में उस समय विरोधाभास देखने को मिला है,तब अमेरिका के रास्ट्रपति ट्रम्प ने भारत की आयात निर्यात प्रणाली को प्रभावित कर उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाई गई थी।अमेरिका को भारत की आवश्यकता क्यों है? वैश्विक भू-राजनीति में यह स्पष्ट है कि आज अमेरिका के लिए भारत उतना ही जरूरी है जितना भारत के लिए अमेरिका। चीन अमेरिका की सबसे बड़ी चुनौती है। चीन का उभार अमेरिका के लिए एक दीर्घकालिक रणनीतिक चुनौती बन चुका है। एशिया प्रशांत से हिंद प्रशांत तक चीन की आक्रामक नीतियों ने अमेरिका को ऐसे साझेदारों की तलाश में धकेला है, जिनके पास जनशक्ति, भौगोलिक स्थिति और सैन्य क्षमता तीनों हों।भारत इस संदर्भ में स्वाभाविक रूप से सबसे उपयुक्त साझेदार है। अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और वैश्विक नेतृत्व की पुनर्स्थापना का प्रयास आज के परिपेक्ष्य में अहम भागीदारी निभा रहा है।पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिकी प्रशासन द्वारा जारी की गई नेशनल सिक्युरिटी स्ट्रेटेजी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस दस्तावेज़ ने अमेरिकी कूटनीति और सामरिक प्राथमिकताओं को नए ढंग से परिभाषित किया है।

**पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी प्रभुत्व का पुनर्स्थापन-** दस्तावेज़ का मुख्य उद्देश्य यह स्थापित करता है कि अमेरिका अपने निकटतम भौगोलिक क्षेत्र पश्चिमी गोलार्ध में अपने प्रभाव को पुनर्स्थापित करेगा। लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में बढ़ते चीनी प्रभाव को चुनौती देना भविष्य प्रभावित करने की सम्भावना है। इस बीच नशीले पदार्थों, अवैध प्रवास और संगठित अपराध पर नियंत्रण जरूरी है।आर्थिक सहयोग को रणनीतिक सुरक्षा से जोड़ना उचित होगा।यह स्पष्ट संकेत है कि अमेरिका अब वैश्विक स्तर पर छिटपुट नीतियों के बजाय क्षेत्रीय सुदृढ़ता पर जोर देगा।एनएसएस में पहली बार यूरोप पर इतने स्पष्ट और कड़े शब्दों में टिप्पणी की गई है। यूरोपीय देशों की बढ़ती निर्भरता के कई कारण हो सकते है। रक्षा खर्च में कमी,रूस और चीन के साथ स्वतंत्र समीकरण, द्वऔर अमेरिका इन मुद्दों को अपने सामरिक हितों के विपरीत मानता है।33 पन्नों के दस्तावेज़ में भारत, रूस और चीन तीनों को विशेष स्थान दिया गया है, लेकिन तीनों के संदर्भ अलग-अलग हैं।अमेरिका ने भारत को प्रमुख लोकतांत्रिक शक्ति ,हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदार और तकनीकी और आर्थिक क्षमता वाला राष्ट्र के रूप में परिभाषित किया है।यह संदेश है कि अमेरिका भारत के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को महत्वपूर्ण मानता है, चाहे भारत रूस के साथ अपने संबंध कैसे भी बनाए रखे।एनएसएस में रूस को रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी सैन्य शक्ति वाला आक्रामक राष्ट्र के रूप में वर्णित किया गया है।लेकिन साथ ही यह भी माना गया है कि रूस को पूरी तरह अलग-थलग करना लंबे समय में संभव नहीं।दस्तावेज़ में चीन को सबसे बड़ा रणनीतिक प्रतिस्पर्धी आर्थिक और सैन्य चुनौती करार दिया गया है। अमेरिका की पूरी रणनीति चीन-निरोध पर केंद्रित है। भारत की भूमिका और महत्व बढ़ा है।एनएसएस का संदेश स्पष्ट है कि अमेरिका भारत को सिर्फ साझेदार नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व के एक स्तंभ के रूप में देखता है। लोकतंत्र जनसंख्या भौगोलिक स्थिति भारत रूस संबंधों का ऐतिहासिक पक्ष इन चारों वजहों से भारत विश्व राजनीति में संतुलनकारी शक्ति बन चुका है। रूस भारत संबंध अमेरिका को स्वीकार नही है।नई रणनीति में अमेरिका यह मानकर चल रहा है कि भारत और रूस के संबंध ऐतिहासिक हैं और अमेरिका इन्हें बदल नहीं सकता। इसलिए अमेरिका भारत पर दबाव डालने के बजाय उसके साथ सहयोग बढ़ाने की नीति अपना रहा है।चीन के खिलाफ भारत निर्णायक मुड़ में है। अमेरिका की रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण तत्व यह है कि चीन को संतुलित करने में भारत अब अपरिहार्य है। भारत रूस की 75 वर्ष पुरानी दोस्ती ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत की स्थिति को मजबूत किया है। यह संबंध विश्वास, सहयोग और साझा हितों पर आधारित है।दूसरी ओर, अमेरिका की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति यह दर्शाती है कि दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है, जहाँ भारत रूस का पुराना सहयोगी अमेरिका का नया रणनीतिक साझेदार चीन का भू-क्षेत्रीय संतुलनकर्ता तीनों भूमिकाओं में निर्णायक महत्व रखता है। आज भारत के पास वह क्षमता और सामर्थ्य है, जहाँ वह वैश्विक कूटनीति का केंद्र बन सकता है। अमेरिका, रूस और चीन तीनों शक्तियाँ इसे स्वीकार कर चुकी हैं। इस प्रकार भारत रूस संबंधों की 75वीं वर्षगांठ और अमेरिका की नई रणनीति दोनों मिलकर दुनिया को यह संदेश देते हैं कि आने वाला दशक भारत-केंद्रित कूटनीति का दशक होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट कर सोने की चेन व नगदी छीनने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर निवासी रिंकू मद्धेशिया पुत्र प्रहलाद मद्धेशिया ने नौतनवां पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर मारपीट कर नगद व सोने की चेन छीनने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर निवासी रिंकू मद्धेशिया पुत्र प्रहलाद मद्धेशिया ने आरोप लगाया है कि बीते 4 दिसंबर की रात करीब बारह बजे वह नहर रोड पर बारात से घर वापस आ रहा था तभी उपरोक्त थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर टोला बघवा निवासी सात लोगों पर बाईक रोकवाकर गाली गलौज देते हुए मारने पीटने तथा मारपीट कर एक सोने की चेन व तीन हजार रुपए नकद छीनने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों को इकट्ठा देख कर आरोपी भागने में कामयाब हो गए। पीडित नौतनवां पुलिस को शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में नौतनवां थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि तहरीर मिली है जांच-पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

### खजनी तहसील में महापरिनिर्वाण दिवस पर ने आंबेडकर को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**खजनी, गोरखपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर खजनी तहसील परिसर में शुक्रवार को श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके महान योगदान को नमन किया। पूरे तहसील परिसर में 'जय भीम' और 'बाबा साहब अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन तहसील अधिवक्ता सभा द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज को आधुनिक, न्यायपूर्ण और समतामूलक दिशा देने वाले महान चिंतक थे। संविधान निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका ने भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत आधार प्रदान किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि डॉ. आंबेडकर द्वारा स्थापित विचार और सिद्धांत समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गई।

### संविधान की उद्देशिका के शपथ के साथ सम्पन्न हुआ शत्रुघ्न-सरोज का विवाह




**देवरिया।** जनपद के गौरीबाजार क्षेत्र के लबकनी गांव में रामपुर कारखाना के डुमरी गांव से आई बारात में शत्रुघ्न यादव आनंद व सरोज का विवाह एक अनोखी परंपरा के साथ सम्पन्न हुआ। विवाह कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्देशिका वाचन, बुद्ध वंदना और वर-वधू के प्रतिज्ञा पाठ से हुई। मध्यरात्रि में सम्पन्न इस समारोह में वर-वधू सहित सभी बारातियों और घरातियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। इसके बाद दोनों ने हस्ताक्षरित प्रतिज्ञा पत्र पढ़कर समता, सम्मान और वैचारिक समानता के साथ जीवन बिताने की शपथ ली।

महामना बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से पधारे भिक्षु भंते विनयशील, भंते शील रतन व भंते रत्नाकर की उपस्थिति में वर-वधू ने त्रिशरण व पंचशील ग्रहण करते हुए पुष्पहारों का आदान-प्रदान किया। इस विवाह को लेकर लोगों में खास उत्सुकता थी क्योंकि तिलक कार्यक्रम भी 3 दिसंबर को बौद्ध पद्धति से भदंत ज्ञानेश्वर व भंते महेंद्र के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ था। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने उद्देशिका वाचन व प्रतिज्ञा के बाद कहा कि संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारना समय की जरूरत है और सभी को एसआईआर फार्म भरकर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में छत्तीस करोड़ इक्यासी लाख का बजट पारित

**●नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि जब से भाजपा की डबल इंजन की सरकार आई है तब से विकास की गंगा बह रही है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के रतनपुर सभागार में शनिवार को ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया की अध्यक्षता व बीडीओ अमित कुमार मिश्र के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक हुई। बैठक में छत्तीस करोड़ इक्यासी लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी को मोमेंटो देकर व माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री प्रदीप सिंह ने किया। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र द्वारा मनरेगा योजना, वृद्धा व विधवा पेंशन, सरकारी आवास योजना, लेबर बजट, ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत, राज्य वित्त आयोग एवं 15वां वित्त आयोग समेत अन्य योजनाओं पर विचार आदि एजेंडा रखा गया।

जानकारी के मुताबिक नौतनवां ब्लाक के रतनपुर सभागार कक्ष में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नौतनवां खण्ड विकास अधिकारी ने वर्ष 2026-27 की बैठक का बजट पेश किया। उन्होंने बताया कि राज्य वित्त आयोग से कुल तीन करोड़ अट्ठारह लाख, पंद्रहवां वित्त आयोग में चार करोड़ तिरपन लाख, मनरेगा में तीन करोड़ छियानवे लाख जबकि मनरेगा ग्राम पंचायत की लेबर बजट में पच्चीस करोड़ चौदस लाख रुपए का बजट पारित किया गया। ऐसे में कुल मिलाकर 36 करोड़ 81 लाख रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक के दौरान मौजूद लोगो को संबोधित करते हुए नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने कहा कि जब से भाजपा की डबल इंजन की सरकार आई है तभी से विकास की गंगा बह रही है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार में गुंडों का सफाया हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नौतनवां के लिए एक नई दिशा व दशा दी है। विधायक ने कहा कि भाजपा की सरकार में मां बनैलिया रोहिन बैराज, महाव नाले की बृहद सफाई व नेता सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय जैसे अधूरे कार्य को पूरा करने का कार्य किया है। सरकार द्वारा विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार आई है तब से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम के दौरान सीएम फेलो विजय कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र, एमएलसी प्रतिनिधि सत्यसेन उर्फ गुड्डू सिंह, जिला पंचायत सदस्य रामाशीष यादव, बाबूराम यादव, मस्तू पाण्डेय सचिव संजय पाण्डेय, अवधेश यादव, दिनेश पासवान, तेजेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र पटेल, उमेश यादव, हिमांशु व ग्राम प्रधान जितेन्द्र वर्मा, गणेश मद्धेशिया, बैजनाथ यादव, वेचन सिंह, विजय मद्धेशिया, अजय साहनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का किया पर्दाफाश चोरी के आभूषण, हथौड़ा, मोबाइल व पांच लाख की अवैध संपत्ति बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र में 25 नवंबर को हुई दोहरी हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुए शनिवार को बड़े खुलासे के साथ आरोपी रितेश रंजन उर्फ रजत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वारदात के बाद फरार था और लगातार स्थान बदलकर पुलिस की पकड़ से बचने का प्रयास कर रहा था। लेकिन पुलिस की सर्विलांस, तकनीकी विश्लेषण और सटीक कार्ययोजना के आगे वह ज्यादा देर छिप नहीं सका। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण, उनके गलन से बना सोने का टुकड़ा, चोरी की रकम से खरीदा गया मोबाइल फोन, नगद 50 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त हथौड़ा और घटनास्थल से भागने में इस्तेमाल की गई दोपहिया वाहन बरामद की गई। बरामद सामान और जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी के विरुद्ध अब बीएनएस की धारा 103(1), 305, 315 और 317(2) में विधिक कार्रवाई की जा रही है।



**कैसे उजागर हुआ दोहरे हत्याकांड का राज**

घटना के दिन मृतका की बहन ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी माता और बहन की निर्मम हत्या कर दी गई है। पुलिस टीम ने जांच की दिशा तेजी से बदलते हुए तकनीकी साक्ष्यों को खंगालना शुरू किया। पूछताछ में आरोपी ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि वह मृतका के घर पर पहले से आता-जाता था और घर में रखे आभूषण व नकदी पर उसकी निगाह थी। इसी लालच में उसने योजना बनाकर मृतका और उनकी माता की हत्या कर आभूषण व नकदी चोरी कर ली थी। चोरी के आभूषणों को बेचकर वह पैसा खर्च करने लगा और कुछ रकम से मोबाइल फोन भी खरीदा।

**आरोपी का इतिहास भी संदिग्ध**

गिरफ्तार रितेश रंजन उर्फ रजत पर पहले भी मारपीट और धमकी देने के दो मुकदमे शाहपुर थाने में दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार उसकी गतिविधियाँ पहले से ही संदिग्ध थीं, जिसके चलते वह स्थानीय स्तर पर भी चर्चाओं में रहता था।

**मजबूत पुलिस टीम ने की कार्रवाई**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के दिशा-निर्देश पर गठित विशेष टीमों–एंटी थेप्ट सेल, एसओजी/स्वाट और सर्विलांस यूनिट–ने संयुक्त रूप से यह बड़ी सफलता हासिल की। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय के नेतृत्व में विभिन्न इकाइयों के 23 पुलिसकर्मियों की टीम ने आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया। गोरखपुर पुलिस की यह कार्रवाई न केवल गंभीर अपराध पर त्वरित प्रतिक्रिया का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि अपराधी कितनी भी चालाकी दिखाएं, कानून के शिकंजे से बच नहीं सकते। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है और आगे की विधिक प्रक्रिया प्रगति पर है।

# गौरा विधायक के नेतृत्व मे बाबा साहब डॉक्टर बी आर अम्बेडकर का मनाया गया पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर गोण्डा** – विधानसभा क्षेत्र गौरा के अंतर्गत रमाबाई अंबेडकर बालिका इंटर कॉलेज, साबरपुर तथा राम सुरेमन जे0आर0 बालिका इंटर कॉलेज असनाहरा - छपिया में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का 69 पुण्यतिथि कार्यक्रम श्रद्धा और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल भारत के संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि समानता, न्याय, शिक्षा और मानवाधिकारों के अमर पुरोधा थे, जिनके विचार आज भी राष्ट्र के मार्गदर्शक हैं।





अपने संबोधन में विधायक जी ने बाबा साहब की कृतियों, उनके समाज सुधारक संघर्षों तथा राष्ट्र निर्माण में दिए अनुपम योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी ने जिस भारत की कल्पना की थी, उसे साकार करने हेतु सरकार द्वारा सामाजिक न्याय, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और समग्र विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों–सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्थाओं, शिक्षा के क्षेत्र में सुधार, विद्युत सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनसुविधाओं के विस्तार–का भी उल्लेख किया। विधायक जी ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समरसता, समानता और शिक्षा के प्रसार का संकल्प दोहराया।इस अवसर कार्यक्रम आयोजक रमाबाई अंबेडकर बालिका इंटर कॉलेज, साबरपुर प्रबंधक बीरेंद्र प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख छपिया अनिल कुमार पासवान, प्रधान श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, विक्रम वर्मा, प्रबंधक , जगदीश पटेल, सियाराम सरोज, एवं भारी संख्या आम जनमानस मौजूद रहे।

# विधायक श्यामधनी राही ने एसआईआर को लेकर किया बूथों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** एसआईआर (SIR) अभियान को लेकर शनिवार को विधानसभा कपिलवस्तु क्षेत्र के कई बूथों पर सदर विधायक श्यामधनी राही ने बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से बात की और अभियान की प्रगति का जायजा लिया। सदर विधायक ने निवासियों के घरों पर जाकर एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया और उससे संबंधित जानकारी ली। इसके बाद, वे पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में स्थापित केंद्र पर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विकास खण्ड बर्डपुर के बूथ संख्या 60,61,62,63,64 पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से अभियान के संबंध में चर्चा की। सदर विधायक श्यामधनी राही ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर का कार्य काफ़ी तेजी से चल रहा है। उन्होंने सभी बीएलओ को ससमय शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया । इस दौरान नितेश पाण्डेय, अमित उपाध्याय, विवेक गोस्वामी, विनय कुमार वर्मा, बीएलओ अजय यादव, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, ध्यानचंद, सूरजा देवी, आशीष सिंह, आशीष चौधरी, सौरभ पाण्डेय, विनय राव, गंगाराम, राकेश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।




# डॉ अंबेडकर जी के विचारों से प्रेरित होकर पडरौना का हो रहा सर्वांगीण विकास - विनय जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शनिवार को पडरौना नगर के कठकुईया मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर नगर पालिका परिषद् पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा पुष्पार्चन एवं प्रतिभा-परमाल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अध्यक्ष ने बाबा साहब के जीवन दर्शन, सामाजिक न्याय की उनकी कल्पना एवं भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को गहराई से स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर जी ने हमेशा वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और हमें एक ऐसा संविधान दिया जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को केंद्र में रखता है।



अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि महापरिनिर्वाण दिवस केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं, बल्कि बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराने का अवसर है। उनकी शिक्षा, सामाजिक समरसता, आर्थिक सशक्तिकरण और वैज्ञानिक सोच आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी संविधान निर्माण के समय थी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पालिका परिषद् पडरौना सदैव बाबा साहब के विचारों से प्रेरित होकर नगर के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, समरसता और नागरिक सुविधा विस्तार के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल अशोक अग्रवाल अरुण सिंह सर्वेश जायसवाल गोपी वर्मा राहुल सिंह अनिल पाण्डेय राजेश जायसवाल शैलेश मद्धेशिया हरिमोहन जायसवाल पिंटू साह धर्मेंद्र गुप्ता संतोष चौहान ब्रजेश शर्मा संतोष वर्मा रविन्द्र साह खुशहाल शर्मा मनोज गुप्ता पिंटू साह घनश्याम यादव सागर जायसवाल केदार मद्धेशिया मन्नू रौनियार सहित स्कूल के बच्चों भी उपस्थित रहे।। अंत में सभी ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहब को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# लेखपाल संघ ने एसडीएम सलेमपुर के स्थानांतरण की उठाई मांग, आंदोलन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जिला इकाई ने सलेमपुर तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। संघ के जिलाध्यक्ष संकट मोचन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 5 दिसंबर को हुई आकस्मिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सभी तहसीलों के अध्यक्ष, मंत्री तथा पदाधिकारी शामिल रहे। संघ ने आरोप लगाया कि सलेमपुर तहसील में कार्यरत लेखपाल आशीष कुमार की 29 नवंबर को हृदयाघात से हुई मृत्यु के मामले में उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव ने बिना तथ्य जांचे प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मृत्यु का कारण इलाज के दौरान बताया, जबकि अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार उनकी मृत्यु एडमिट होने के लगभग एक घंटे के भीतर वाशरूम में कार्डियोपल्मोनरी अरेस्ट से हुई थी। संघ का कहना है कि ऐसे में इलाज के दौरान मृत्यु का दावा भ्रामक और असंवेदनशील है। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि जब मीडिया ने उपजिलाधिकारी से पूछा कि क्या मृतक लेखपाल एसआईआर में लगे थे, तो उन्होंने इसे नकार दिया, जबकि संघ के अनुसार तहसील सलेमपुर के सभी लेखपालों सहित उनकी सहमति के बिना देर रात 12 बजे तक एसआईआर कार्य कराया गया। आरोप यह भी है कि एसआईआर कार्य से संबंधित निर्देश वाले संदेश को तहसील के आधिकारिक व्हाट्सऐप समूह से डिलीट कर दिया गया, जिसे संघ ने साक्ष्य छिपाने का प्रयास बताया है। संघ ने उपजिलाधिकारी की कार्यशैली को अकस्मात, अपमानजनक और गैर-पेशेवर बताते हुए कहा कि बैठकों में अपशब्दों का प्रयोग होता है, जिससे लेखपालों में रोष व्याप्त है और वे उनके नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। संघ ने मांग किया है कि उपजिलाधिकारी सलेमपुर का तत्काल स्थानांतरण किया जाए। ऐसा न होने पर जनपद के सभी लेखपाल धरने पर बैठने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी।



# नीलगायों का कहर: 50 बीघा गेहूं की फसल बर्बाद

**●वन विभाग कार्यालय से 100 मीटर दूर खेत सूने, अधर में समाधान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** खजनी तहसील क्षेत्र के तुर्कवलिया गांव में नीलगायों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। वन्य प्राणी नीलगाय के बढ़ते झुंड किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। बीते दिनों गांव में नीलगायों ने करीब 50 बीघा गेहूं सहित चना, आलू, लहसुन और हरी सब्जियों की फसलों को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। दर्जनों किसानों की तैयार खड़ी फसल देखते ही देखते बर्बाद हो गई, जिससे गांवभर में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक नीलगायों के झुंडों की संख्या तेजी से बढ़ी है। कई बार 30-40 नीलगाय एक साथ खेतों में धावा बोल देते हैं। झुंड खेतों से गुजरता है तो पूरी फसल पैरों तले कुचल जाती है। सब्जियों की खेती करने वाले किसान सबसे ज्यादा परेशान हैं, क्योंकि कोमल पौधे बेहद आसानी से नष्ट हो जाते हैं। फसल बचाने पहुंचे किसानों को नीलगाय अक्सर आक्रामक होकर दौड़ा लेती हैं, जिससे गांव में भय और असुरक्षा की स्थिति बनी है।



सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह प्रभावित क्षेत्र वन क्षेत्र अधिकारी खजनी के कार्यालय से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बाद भी अब तक किसानों को किसी प्रकार की राहत या सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिली। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग व प्रशासन से शिकायत की, यहां तक कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन नतीजा शून्य रहा। न कोई निरीक्षण, न कोई समाधान–सिर्फ आश्वासन मिलता रहा।

**किसानों में भारी नाराजगी है।**

मकसुदन पांडेय (एडवोकेट), जुगनी पांडे, विनोद पांडे, दुर्गेश पांडे, रत्नेश पांडे, सोमनाथ पांडे, अखिलेश पांडे, रामकेवल, हरभरण, मोहित, पिल्लू सहित कई किसानों ने बताया कि नीलगायों के आतंक से उनकी सालभर की कमाई पर पानी फिर गया है। जिन किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, वे सबसे ज्यादा संकट में हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही नीलगायों को रोकने के लिए प्रभावी उपाय जैसे सुरक्षा फेंसिंग, रात्रिकालीन पहरा, या वन विभाग की निगरानी टीम नहीं तैनात की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों की बड़ी लापरवाही उजागर

**●मंडलायुक्त ने लगाई कड़ी फटकार, एक हफ्ते में स्पष्टीकरण तलब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर।** सहजनवां तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभागीय अधिकारियों की लापरवाही खुलकर सामने आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलायुक्त गोरखपुर अनिल ढींगरा और डीआईजी एस. चनप्पा ने की। कुल 41 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 7 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया। इसमें राजस्व के 26, पुलिस के 7, विकास के 2, आपूर्ति का 1, शिक्षा का 1 और अन्य 4 मामले शामिल रहे। समाधान दिवस के दौरान जब अधिकारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई तो कई विभागों के अधिकारी नदारद मिले। इस पर मंडलायुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसडीओ विद्युत सहजनवा और ईओ सहजनवा की जमकर क्लास लगाई तथा तुरंत स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। यही नहीं, अन्य अनुपस्थित अधिकारियों को भी एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण देने का अल्टीमेटम दिया गया। इनमें बीडीओ सहजनवा, बीडीओ पिपरौली, एसडीओ सहजनवा, एडीओ पिपरौली, वन विभाग समेत कई अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हैं।



शिकायतकर्ताओं ने भी गंभीर मुद्दे उठाए। धर्मदास पट्टी निवासी महेंद्र यादव ने मनबढ़ों द्वारा आरसीसी सड़क तोड़ने की शिकायत की। बनौड़ा निवासी महेश कुमार ने ड्रोन कैमरे से की गई दवा छिड़काव से फसल बर्बाद होने का आरोप लगाया, जिस पर मंडलायुक्त ने जांच टीम गठित करने का निर्देश दिया। नरौली निवासी देवराज चतुर्वेदी ने रास्ते के निर्माण में ग्राम सचिव पर फर्जी रिपोर्ट देने का आरोप लगाया, जबकि अधिवक्ता अभिषेक तिवारी ने दो माह से धान क्रय सत्यापन लंबित होने की शिकायत की। मंडलायुक्त ने राजस्व संबंधी मामलों के लिए विशेष टीम गठित करने और पुलिस मामलों में त्वरित जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। कार्यक्रम में एसडीएम सहजनवा केशरी नंदन तिवारी, सीओ गीडा कमलेश प्रताप सिंह, अधीक्षक डा. व्यास कुशवाहा, डा. सतीश सिंह, थानेदार अश्वनी पांडेय व महेश चौबे सहित कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद ने 336 दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान किए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग समेकित शिक्षा द्वारा आयोजित विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों में उपकरण वितरण कार्यक्रम 2025 का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र बांसी के परिसर में किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने 336 दिव्यांग बच्चों में ट्राई साईकिल व्हील चेयर बैसाखी ब्रेल किट सीपी चेयर कान की मशीन आदि का वितरण किया। ट्राई साइकिल और बैसाखी मिलने पर दिव्यांग खुश नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। दिव्यांग बच्चों के लिए कई तरह की सुविधाएं भी सरकार दे रही है। सरकार बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि सरकार दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए लगातार ट्राई साइकिलें व अन्य सहायक उपकरण प्रदान कर रही। सरकार ने तमाम योजनाएं संचालित कर रखी है जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, डीआईओएस अरुण कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी बांसी नीरज सिंह, महेंद्र प्रसाद, करुणा पति त्रिपाठी, दुर्गा राय, राजेन्द्र पाण्डेय, अनुपमा सिंह, दूबे राम, किंकर मिश्रा ,अनूप शुक्ल, प्रदीप चौरसिया, अमरेन्द्र पाल,राजेन्द्र तिवारी, घनश्याम जयसवाल, भवानी सिंह, मनीष श्रीवास्तव सहित तमाम बच्चे व उनके अभिभावक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तहसील दिवस



**बरेली/नवाबगंज** एसडीएम उदित सिंह पवार की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया यहां पर आए फरियादियों को सुनने के बाद अधीनस्थों को शीघ्र निस्तारण का आदेश दिया गया यहां पर 57 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 54 शिकायतों को संबंधित विभागों के लिए निर्देशित कर निस्तारण करने का निर्देश जारी किया गया इसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन ने शिकायती पत्र देकर किसानों का धान तुलना गन्ना भुगतान न मिलना जैसी समस्याओं को लेकर शिकायत की यहीं पर राजस्व से संबंधित कई मामले आए, कुछ पुलिस से संबंधित थे सभी को विभागों के लिए निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

यहां पर उपस्थित एसडीम नवाबगंज उदित सिंह पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह नायब तहसीलदार शोभित सिंह खंड विकास अधिकारी राम शंकर सिंह महेशचंद्र कुशवाहा गन्ना समिति सचिन मेधा जोशी समेत अनेकों विभागों के लोग उपस्थित थे।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर



**बरेली/रिठौरा।** बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। प्रिंसिपल ममता सक्सेना, वाइस प्रिंसिपल शिवानी सूरी, को‌ऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता और टीचर्स द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती सक्सेना ने विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, शिक्षा के प्रति समर्पण और भारतीय संविधान के निर्माण में दिए गए विचारों,समानता, भाईचारा, सामाजिक न्याय और शिक्षा–की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय में आयोजित विशेष सभा में सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया कि वे डॉ. अंबेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए समाज में समानता और संवेदनशीलता को अपनाएंगे। कार्यक्रम का समापन मौन रखकर किया गया, जिसमें सभी ने डॉ. अंबेडकर को पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन पूनम गंगवार ने किया।

### जिला कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ ने मनाया परिनिर्वाण दिवस



**आजमगढ़।** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी आजमगढ़ द्वारा उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी श्रद्धा के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष जियाउद्दीन हसन, सीमा भारती, मुन्नु मौर्य सहित जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के आदर्शों, उनके सामाजिक न्याय एवं समानता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

### महिला से छेड़छाड़ कर मारपीट का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि बीती 4 दिसम्बर को शाम करीब साढ़े छह बजे गांव का रहने वाला भागीरथ पुत्र धीरे लोधी जो कि शराब के नशे में धुत था आया और उसे बुरी नीयत से पकड़कर अभद्रता करने लगा। चिल्लाने पर उसने उसके साथ मारपीट कर दी। बचाव करने आये पुत्र आकाश के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## निघासन रोड पर ओवरलोडिंग से बाल बाल बची बड़ी घटना

**●जनमानस में गुस्सा तेज, आरटीओ एवं स्थानीय प्रशासन नहीं कर रहा कोई कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलियाकलां-खीरी।** क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बजाज चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू होते ही ओवरलोडिंग और जाम की समस्या फिर सिर उठाने लगी है। हालात यह हैं कि पलिया क्षेत्र की जनता रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर है। सबसे अधिक परेशान करने वाली स्थिति भीरा एवं निघासन रोड पर देखने को मिल रही है, जहां आए दिन हादसे होना आम बात बन गयी है। शनिवार को निघासन रोड पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। रोड से गुजर रहे एक ओवरलोड ट्रक में इतनी अधिक मात्रा में गन्ने का लदान किया गया कि दवाब के चलते ट्रक के पहियों के बोल्ट ही कतर गए। अचानक तेज आवाज के साथ ट्रक सड़क पर तिरछा खड़ा हो गया। संयोग अच्छा रहा कि उस वक्त सड़क पर ज्यादा भीड़ नहीं थी, वरना बड़ा हादसा होना तय था। मौके पर मौजूद राहगीरों ने बताया कि ऐसी घटनाएं हर दूसरे दिन देखने को मिलती हैं, लेकिन रोकथाम के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चीनी? मिल का पेराई सत्र शुरू होते ही ओवरलोड वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों में बिना किसी जांच-परख के मनमाने ढंग से ओवरलोडिंग की जाती है, जिससे सड़कें जाम रहती हैं और हादसों का खतरा बढ़ जाता है। पर, सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर आरटीओ और स्थानीय प्रशासन की निगाहें कब खुलेंगी? जनता का आरोप है कि संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई न होने से वाहन मालिकों और संचालकों के हौसले बुलंद हैं। लोग कहते हैं कि जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक न ओवरलोडिंग रुकेगी और न ही हादसों पर लगाम लगेगी। क्षेत्रवासी प्रशासन से अभियान चलाकर राहत दिलाने की मांग कर रहे हैं। लोगों का साफ कहना है कि ओवरलोडिंग पर अंकुश नहीं लगा तो आने वाले दिनों में हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

## बी आर सी क्योलड़िया पर स्पेल बी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** बीआरसी क्योलड़िया पर डाइट फरीदपुर के दिशा निर्देशों के तहत स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की भाषा पर पकड़ मजबूत करना और लेखन को समृद्ध बनाना है प्रतियोगिता दो चरणों में प्रातः 10:30 से 11:30 प्राथमिक स्तर पर आयोजित हुई। जिसमें नरेंद्र कुमार राठौर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उच्च प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता 12:00 बजे से 1:00 बजे के मध्य हुई जिसमें ओम बाबू गंगवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तत्पश्चात डाइट से प्राप्त उत्तर के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया तथा चार बच्चों को विजेता घोषित किया गया।

प्राथमिक स्तर में बड़ा गांव से यामिनी तथा कंपोजिट प्राथमिक स्तर में बिजासिन से अयांश विजेता घोषित हुए तो वहीं उच्च प्राथमिक स्तर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की ज्योति और कंपोजिट उच्च प्राथमिक स्तर पर बिजासिन के रजनीश ने बाजी मारी एआरपी डॉ मधुरेश दीक्षित का कुशल निर्देशन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। एआरपी डॉ विवेक सक्सेना ने बताया कि यह चार छात्र जिला स्तर पर ब्लॉक भदपुरा का नेतृत्व करेंगे। प्रतियोगिता में बी आर सी क्योलड़िया से सुधांशु गंगवार ,अभिषेक गंगवार शशांक और अवधेश का प्रमुख योगदान रहा।

### बेहजम क्षेत्र के पैला ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल में बड़ा हादसा



नीमगांव खीरी क्षेत्र के पैला ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल में मंगलवार को उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब भवन निर्माण का लिंटर अचानक फट गया। इस दुर्घटना में दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को ट्रामा सेंटर मोतीपुर, ओयल भेजवाया, जहाँ उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। मानकों को दरकिनार कर निर्माण सामग्री में जमकर बंदरबांट की जा रही है, जिसका यह परिणाम सामने आया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माणाधीन स्कूल भवन की गुणवत्ता पहले से ही सवालों के घेरे में थी, और घटना ने ठेकेदार की कार्यशैली पर कई गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## सिविलियन विद्यालय छब्बापुरवा में 'मेरा गांव, मेरा विद्यालय' के तहत हुआ कार्यक्रम

**●रचनात्मक गतिविधियों से खिला बच्चों का आत्मविश्वास, बाल अधिकारों पर चला हस्ताक्षर अभियान**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पलिया क्षेत्र के छब्बापुरवा सिविलियन विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को और अधिक समृद्ध बनाने के उद्देश्य से 'मेरा गांव, मेरा विद्यालय' के अन्तर्गत शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय के संयुक्त प्रयासों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को गति देना रहा। कार्यक्रम में बच्चों ने पोस्टर एवं कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नाटक मंचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कुर्सी दौड़, आंखों पर पट्टी बांधकर दम लगाना सहित कई रोचक खेलों में बच्चों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

अभिभावकों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। साथ ही सभी को बाल अधिकारों की रक्षा एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि नवीन पांडे रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार, मंत्री अनिल कनौजिया, आरपी अजहर हुसैन एवं विजय प्रताप मौर्य की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इसके अलावा कार्यक्रम में विवेकानंद मिश्र, अमित कुमार मिश्रा, सुधीर पांडे, संजीव कुमार, मुकेश कुमार, कुलदीप सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से सराहना की और ऐसे आयोजनों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण बताया।

## धान क्रय केंद्रों पर एडीएम का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर नोटिस; किसानों को दिलाया भरोसा

**●-धीमी खरीद व अव्यवस्था पर केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस**

**-संतोषजनक जवाब न मिलने पर होगी कठोर कार्रवाई**

**-किसानों से संवाद कर दी पारदर्शी खरीद की गारंटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील सदर क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का गुरुवार को एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। बी पैक्स बसहा व एसएस बसहा मुरादनगर गोदाम में संचालित धान क्रय केंद्रों पर अचानक पहुंचे एडीएम को देखकर केंद्रों पर मौजूद कर्मचारियों में खामोशी और तेजी दोनों दिखाई दी। इस दौरान डिप्टी आरएमओ नमन पांडेय भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने खरीद प्रगति, तौल व्यवस्था और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर खरीद में लापरवाही और प्रक्रिया में ढिलाई सामने आई। एडीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जवाब संतोषजनक न होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित किसानों से एडीएम ने बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और उन्हें क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी किसानों को समय पर, पारदर्शी और बिना किसी परेशानी के धान खरीद की सुविधा मिले।

### गोला में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल आये शिकायती पत्र मे ऐक का मौके पर किया गया निस्तारण। गोला उप जिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की अध्यक्षता मे तहसील सभागार मे हो रहे सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कल शिकायती पत्र मिले। जिसमे से ऐक सिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया जिसमे सबसे ज्यादा शिकायती पत्र राजस्व के जो कि कुल चौदह व ग्यारह पुलिस विभाग के रहे,अन्य फरियादियो की शिकारतो का नि निस्तारण करने के लिये सक्षम कर्मचारियो को अग्रेषित किया गया है। इस अवसर पर गोला उप जिला अधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश चंद तिवारी तहसीलदार भीमचंद्र के सहित तहसील स्तर के तमाम विभागो के सक्षम अधिकारी मौजूद रहे।

## तहसील समाधान दिवस में दर्ज हुईं 30 शिकायतें, 03 निस्तारित

**●शनिवार को पलिया तहसील सभागार में एसडीएम डॉ अवनीश कुमार की अध्यक्षता में हुआ तहसील समाधान दिवस का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पलियाकलां-खीरी।** शनिवार को तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 15, पुलिस विभाग की 05, पूर्ति विभाग की 05, विद्युत विभाग की 03 एवं अन्य विभाग की 02 शिकायतें सहित कुल 30 शिकायतें दर्ज की गयीं, जिनमें से राजस्व की 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि बाकी शिकायतों को त्वरित निस्तारण हेतु सम्बंधितों को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र सिंह परिहार, खण्ड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार तिवारी, तहसीलदार ज्योति वर्मा सहित राजस्व, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका एवं पूर्ति विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## चादामाऊ में युवक का शव मिलने से सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना की अजान चौकी क्षेत्र के ग्राम चादामाऊ में गांव के बाहर शनिवार की सुबह अशर्फी लाल यादव के खेत के पास सड़क किनारे बने खंदक में पानी मे उतराता हुआ शव मिला। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया देखते ही देखते सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसकी सूचना राहगीरों ने हैदराबाद पुलिस को दी सूचना पर पहुंचे हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक व गोला सीओ रमेश तिवारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर घटना स्थल की जांच पड़ताल कर शव को खंदक के बाहर निकलवाया शव की पहचान कराई शव की पहचान मृतक की पत्नी कल्पना देवी ने मौके पर पहुंचकर पहचान अपने पति संतू 30 वर्षीय पुत्र राम दयाल निवासी ग्राम बिसोखर थाना मितौली के रूप में की है।

मृतक की पत्नी कल्पना देवी ने पुलिस को तहरीर घटना की तहरीर दी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है घटना के बाद कुछ ग्रामीण दबी जुबान से यह भी कहते सुने गया कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरया में अवैध दारू का धंधा बरसों से संचालित हो रहा है जिसमें क्षेत्र के कई ऐसे नौजवान अपनी जान गवा चुके हैं ग्रामीणों के अनुसार हो सकता है यह ग्राम लोहरया में दारु पीने गया हो जबकि कुछ ग्रामीणों का कहना है की अज्ञात वाहन की टक्कर से पानी भरे गड्ढे में गिरने के कारण मृत्यु हो सकती है मृतक पेशे से किसान था है मृतक के चार छोटे बच्चे भी हैं। मृतक संतू शर्मा की पत्नी कल्पना देवी ने बताया हमें बच्चों सहित हमारी ननद के यहां नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अटवा में छोड़कर घर वाले कर वापस आए थे तब से लापता थे संतू शर्मा।

## साहू राठौर वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण विजय साहू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/साहू** राठौर वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन बरेली के बाबा बनखंडी नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तराखंड की कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य मुख्य अतिथि होंगी इस आयोजन में उनके पति गिरधारी लाल साहू भी उपस्थित रहेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं समाज सेवी विजय कुमार साहू के अनुसार यह सम्मेलन सुजात बांधों के सुविधाओं को हित में रखते हुए इसका आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत वर वधू का परिचय सम्मेलन कराया जाएगा जिसके तहत समाज के लोगों को लाभ मिलेगा समाज में जागृति पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहेंगे सभी के समक्ष यह परिचय सम्मेलन का पंजीकरण किया जाएगा जो भी रिश्ते होंगे तय होंगे वह सभी खुले मंच पर आपसी संवाद के तहत तय किए जाएंगे आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में सुजात बांधों के भारी संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की गई है इसमें लक्ष्मी नारायण राठौर मुन्नालाल राठौर कृष्णा साहू मोहनलाल साहू मथुरा प्रसाद राठौर सचिन राठौर संतोष राठौड़ ओमप्रकाश राठौर रामदास राठौर समेत अनेकों लोग इस आयोजन के संरक्षक है यह जानकारी इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं समाजसेवी विजय कुमार साहू द्वारा दी गई है।

### महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को यादकर श्रद्धांजलि दी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर पालिका परिषद गोलागोकर्णनाथ के सभागार में भारत रत्न बाबासाहेब डा० भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भारतीय समाज में किए गए, उनके योगदान को यादकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, नेउन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि,' बाबासाहेब ने अपनी पूरी जिंदगी हमेशा ऐसे समाज की बात की जिसमें सभी लोगों के साथ बराबरी का व्यवहार किया जाए। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया था। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र तिवारी ,एस आई संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, लेखाकार मोहित अवस्थी,जे ई अनिल कुमार यादव, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, धीरज बाजपेयी, राजीव वर्मा, विनोद वर्मा, शिवम गुप्ता, सुरेन्द्र वर्मा, काके सहगल, रेखा मिश्रा, गीता विश्वकर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियो की सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

**●शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी ।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह व अधिकारियों के संग फरियादियों की समस्याएं सुनीं। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजीं। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं। जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 49 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 21, पुलिस 14, विकास 04, नगर निकाय 04, पूर्ति निरीक्षक 03, विद्युत 02, कृषि 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया।इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, तहसीलदार मुकेश कुमार, बीडीओ सुमित कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, संगीता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत मैलानी में विकास कार्यों में बाधा डालने का प्रयास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नगर पंचायत मैलानी द्वारा मैलानी गाँव सहित कई स्थानों पर सुंदरीकरण एवं लाइट लगाने का कार्य योजना अनुसार किया जा रहा था। इसी दौरान अपने आप को भाजपा नेता बताने वाले अमित गुप्ता अपने साथियों के साथ मौके पर पहुँचे और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने लगे। स्थिति को गंभीर होता देख अधिशासी अधिकारी ने तत्काल थाना अध्यक्ष बृजेश मौर्य को सूचना दी। पुलिस टीम के पहुँचने पर भी उक्त व्यक्ति ने दबंगई दिखाते हुए मौके पर धरने पर बैठने की कोशिश की। इससे नगरवासियों में रोष फैल गया। इसके बाद भाजपा के अन्य जिम्मेदार कार्यकर्ता भी मौके पर पहुँचे और विकास कार्य में बाधा डालने पर आपत्ति जताई।

बताया गया कि अमित गुप्ता द्वारा नगर पंचायत कर्मचारी के साथ अभद्रता भी की गई। पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और विकास कार्य को दोबारा शुरू कराया। नगर पंचायत के कर्मचारियों ने भी इस घटना का विरोध किया। साथ ही यह तथ्य सामने आया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा नाली के ऊपर मानक विरुद्ध निर्माण किया गया है। नगर पंचायत के बाबू तौसीफ खान ने स्पष्ट किया कि निर्माण के कम से कम 3 फीट दूरी छोड़ना आवश्यक है, लेकिन नियमों का पालन नहीं किया गया और नाली पर सीढ़ियाँ बना दी गईं। नगर पंचायत कर्मचारी और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद में निर्माण कार्य पुनः शुरू हुआ।

### समाजवादी पार्टी ने मनाया परिनिर्वाण दिवस



**आजमगढ़।** अंबेडकर पार्क में परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में पहुँचकर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष बबीता चौहान, विधायक पूजा सरोज, विधायक संग्राम यादव सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा प्रभारी अभिषेक यादव ने (SIR) बेलइसा बाजार स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नेताओं ने बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने तथा संविधान की रक्षा करने का संकल्प दोहराया।

## शहजाद नदी पर सेतु निर्माण कार्य तक आवागमन होगा बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के आजाद चौक-कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण कार्य को लेकर उप परियोजना प्रबंधक मृगेन्द्र सिंह चौहान ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बताया कि आजाद चौक से कैलगुवां मार्ग पर शहजाद नदी पर सेतु पहुंच मार्ग एवं सुरक्षा के लिहाज से कार्यों का निर्माण कार्य के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश से प्राप्त हुयी है। बताया कि कार्यस्थल पर कार्य प्रारंभ किया जाना है, इसके लिए मौजूदा रपटे को तोड़कर उसी स्थान पर कार्य किया जाना है। इसलिए उन्होंने जिलाधिकारी से 2 दिसंबर से निर्माण कार्य पूरा होने तक यातायात को पूर्ण रूप से बंद करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध खनन पर बड़ी कार्यवाही, चार ट्रक पकड़े गए, तीन सीज



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कड़े निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार की देर रात जिला खनन अधिकारी ने तहसील भदोही क्षेत्र के इंद्रमिल चौराहा पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। प्रशासनिक टीम करीब रात्रि 2 बजे अचानक पहुंचे, जिससे अवैध खनन और ओवरलोडिंग में लिप्त वाहन चालक हक्के-बक्के रह गए। जांच के दौरान चार ट्रक अवैध रूप से खनन सामग्री का परिवहन करते हुए पकड़े गए। टीम ने मौके पर दस्तावेजों की जांच की, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि सभी वाहन ओवरलोडिंग और बिना अनुमति खनन सामग्री ढो रहे थे।

इनमें से एक वाहन चालक ने मौके पर ही चालान की धनराशि जमा कर दी, जबकि शेष तीन वाहनों ने चालान जमा नहीं किया। नियमों का पालन न करने पर जिला प्रशासन ने कठोर कार्रवाई करते हुए इन तीनों ट्रकों को पुलिस चौकी कार्पेट सिटी, भदोही में सीज कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन से सरकारी राजस्व को सीधा नुकसान होता है और ओवरलोडिंग से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए जिलाधिकारी के निर्देश पर ऐसे वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है, और आगे भी कार्रवाई इसी कड़ाई के साथ जारी रहेगी। जिला खनन अधिकारी ने ने खनन माफियाओं और ओवरलोडिंग में लिप्त वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में पकड़े जाने पर दोगुना जुर्माना और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बुलेट की मांग से प्रताड़ित विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान

#### मायके वालों पर सुलह के लिए दबाव का आरोप

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के औराई ब्लॉक के जहांगीराबाद गांव में शुक्रवार देर रात दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता पूजा निषाद (24) ने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव कब्जे में लिया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सुबह मायके वालों ने ससुराल पहुंचकर पति दिलीप निषाद उर्फ भानु व उसके परिवार पर दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग, मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। मृतका के पिता धर्मेंद्र निषाद, निवासी घोरहट (प्रयागराज), ने बताया कि शादी के बाद से ही पूजा को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। एक सप्ताह पहले ही वह मायके से ससुराल लौटी थी। पीछे एक वर्ष की बच्ची है। मायके पक्ष ने जबरन सुलह कराने और डेढ़ लाख रुपये मृतका की बेटी के नाम फिक्स करने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पिता की तहरीर पर ससुर, सास, पति, ननद और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। कोतवाल शैलेश राय ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है, मुकदमा दर्ज कर जांच के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आत्मनिर्भर भारत रोजगार मार्गदर्शन अभियान शुरू




**भदोही** में बेरोजगार युवाओं को कौशलयुक्त और रोजगार उन्मुख बनाने के लिए आत्मनिर्भर भारत रोजगार मार्गदर्शन अभियान शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एमएसएमई मंत्रालय और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सहयोग से संचालित होगा। अभियान के तहत दो दिवसीय प्रक्रिया से 250-250 युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को लखनऊ में 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण मिलेगा, जिसमें तकनीकी कौशल, उद्यमिता, लघु उद्योग स्थापना और सरकारी वित्तीय सहायता योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के बाद पात्र युवाओं को सरकारी वित्तीय सहायता भी उपलब्ध होगी। अभियान का संचालन राष्ट्रीय विकल्प संगठन कर रहा है। राष्ट्रीय चेंजमेकर विजयशंकर शरण ने बताया कि यह पहल भदोही के युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 दिसंबर को कोठरा में 12 बिस्वा भूमि पर होगा, जिसमें श्रम मंत्री, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल रहेंगे।

# नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने आंकाक्षी ब्लाक औराई का स्थलीय निरीक्षण पश्चात् बैठक कर दिये महत्वपूर्ण निर्देश

**● औराई के कुरौना पहुँचकर ड्रैंगन फ्रूट की खेती की सराहना, निर्यात पर दिया बल**

**मशरूम एवं ड्रैंगन फ्रूट को एक्सपोर्ट सेन्टर एपीडा के द्वारा किया जाय निर्यात- गौरव पुण्डीर**

**एकमा में कालीन निर्यातकों के साथ बैठक कर एक्सपोर्ट ओरियण्ट यूनिट में कन्वर्ट करने हेतु किया प्रेरित- निदेशक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

**नीति आयोग द्वारा निर्धारित 05 थीम एवं 40 इन्डीकेटर्स पर आंकाक्षी ब्लाक औराई को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु नोडल अधिकारी ने किया प्रेरित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही 06 दिसम्बर, 2025-** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा नामित केन्द्रीय नोडल अधिकारी गौरव पुण्डीर आईआरएस, निदेशक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा दो दिवसीय अपने जनपद/आंकाक्षी ब्लाक औराई भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यो की जानकारी ली। तत्पश्चात् जिलाधिकारी शैलेष कुमार की उपस्थिति में कलेक्टेऊ्ट सभागार में बैठक कर आकांक्षी ब्लाक को विकसित ब्लाक बनाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

केन्द्रीय नोडल अधिकारी ने गौरव पुण्डीर ने अपने दो दिवसीय आंकाक्षी ब्लाक भ्रमण के दौरान औराई ब्लाक परिसर में सम्पादित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित रहकर नवदम्पत्ति को मंगलकामना बधाई दिया तथा सामाजिक-सांस्कृतिक आयामों को नजदीक से देखा। औराई विकास खण्ड परिसर में जनसुविधा हेतु नवनिर्मित समूह शेड में एकता प्रेरणा सीएलएफ समूह की महिलाओं से संवाद कर उन्हें विकास के नवाचार आयामों से रूबरू कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई में ब्लड टेस्टिंग मशीन की क्रियाशीलता का परीक्षण किया तथा जनमानस के चिकित्सकीय सुविधा को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। जेठूपुर के ऑगनबाड़ी केन्द्र पर पहुँचकर अन्नप्रासन व गोद भराई संस्कार के माध्यम से शिशु व माता के स्वास्थ्य के समग्र बिन्दुओं पर जोर दिया। वैदिक एग्रों एफपीओ के प्रभारी राहुल त्रिपाठी द्वारा लगाये गये मशरूम प्रोसेसिंग यूनिट एवं लालानगर स्वयं सहायता समूह के किसान संतोष तिवारी द्वारा मशरूम की खेती के विभिन्न आयामों को अवलोकन कर मसरूम के निर्यात पर बल दिया। औराई चौराहे के पास थाने के सामने समूह के उत्पाद बिक्री हेतु 25.65 लाख रूपये से निर्मित शोरूम का भ्रमण कर उत्पादों के वितरण पर जोर दिया। एकमा में कालीन निर्यातकों के साथ बैठक कर एक्सपोर्ट ओरियण्ट (ईओ) यूनिट में कन्वर्ट करने हेतु प्रोत्साहित किया।

महराजगंज औराई में निर्मित पीएम किसान सम्मान नीधि सेल, मृदा नमूना संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण कर कृषक हितों पर बल दिया। जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह के साथ औराई ब्लाक में कुरौना में किये जा रहे ड्रैंगन फ्रूट की खेती को करीब से देखा तथा किसानों को ड्रैंगन फ्रूट व मशरूम निर्यात हेतु मंत्रालय के रीजनल आफिस वाराणसी को निर्देशित किया कि यहा के उत्पादों को निर्यात सवर्धन व प्रोत्साहन पर बल दे। उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने हेतु डीएचओ को ड्रैंगन फ्रूट व मसरूम उत्पादकों/किसानों को निर्यात केन्द्र एपीडा द्वारा फील्ड एक्सपोजर कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आंकाक्षी ब्लाक औराई में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को निर्यात हेतु बढ़ावा देने पर बल दिया। कम्पोजिट स्कूल डभका पहुँचकर छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों से संवाद कर विद्यालय के विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी लिया। उल्लेखनीय है कि इस विद्यालय के शिक्षक माननीय राज्यपाल व मा0 मुख्यमंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत व सम्मानित है। केन्द्रीय नोडल अधिकारी गौरव पुण्डीर द्वारा जिलाधिकारी शैलेष कुमार व मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल के उपस्थिति में जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठककर अपने फील्ड विजिट के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आंकाक्षी ब्लाक हेतु 05 थीम-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं सम्बन्धित सेवाएं, सामाजिक विकास, आधारभूत संरचनाएं 05 थीम है। जिनमें नीति आयोग के कुल 40 इन्डीकेटर्स को समाहित करते हुए कुल 50 इन्डीकेटर्स है। स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत गर्भवती व धात्री महिलाओं का एएनसी, संस्थागत प्रसव सुविधा, लो वेट बेबी, टीबी मरीज, हाईपरटेंशन, उच्च पोषण सामग्री, आगनबाड़ी केन्द्र, सैममैन बच्चों, आगनबाड़ी केन्द्रो पर स्वच्छ पेयजल व शौचालय की सुविधा इत्यादि इन्डीकेटर्स के अद्यतन रैकिंग पर बल दिया। शिक्षा थीम के अन्तर्गत प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों में छात्र/छात्रों के नामांकन माध्यमिक स्कूलों तक सतत् पहुॅच व नामांकन तथा बेसिक व माध्यमिक स्कूलों में बालक बालिकाओं के अलग-अलग नामांकन प्रतिशत मैथमेटिक्स परफार्मेस के उच्च निष्पादन पर बल दिया। कृषि एवं सम्बन्धित सेवाओं के अन्तर्गत किसानों के एफपीओ समूह पीएम किसान सम्मान नीधि के लाभार्थी, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड, पशुओं का टीकाकरण, भूमिगत जल सहित विभिन्न बिन्दुओं पर निर्देश दिये। सामाजिक विकास के अन्तर्गत बैकिंग सुविधा, डिजिटल युक्त ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों की संख्या, वोकल फार लोकल के प्रभावी क्रियाशीलता पर जोर दिया। आधारभूत संरचनाओं के अन्तर्गत भूमिगत नाली ओडीएफ प्लस गॉव, भारत नेट से युक्त ग्राम पंचायतें, पीएम आवास योजना के आच्छादित लाभार्थियों की संख्या आदि बढ़ाने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि आंकाक्षी ब्लाक औराई राष्ट्रीय स्तर पर एवं प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर शासन द्वारा प्राप्त 2.50 करोड़ रूपये से विभिन्न कार्य कराये गये, जो आंकाक्षी ब्लाक औराई को विकसित ब्लाक बनाने में सहायक है। जनवरी से मार्च 2025 तक के जारी डेल्टा रैकिंग में आंकाक्षी ब्लाक औराई को जोन-2 में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर प्राप्त 1 करोड़ रूपये की धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो का आगणन सहित प्रस्ताव भारत सरकार नीति आयोग को अक्टूबर 2025 में स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। बैठक में सम्पूर्णता अभियान के विभिन्न घटकों के अद्यतन स्थिति व क्रियान्वयन पर बल दिया गया। जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं सीडीओ बाल गोबिन्द शुक्ल ने केन्द्रीय नोडल अधिकारी द्वारा दिये गये बहुमूल्य सुझाव व निर्देशों के प्रति आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी टीम भाावना के साथ मिलकर कार्य करते हुए आंकाक्षी ब्लाक औराई के समग्र विकास में योगदान देंगे। बैठक में सीएमओ संतोष कुमार चक, डीसीएनआरएलएम अनुराग राय, डीडीओ ज्ञानप्रकाश, डीपीआरओ संजय मिश्र, आंकाक्षी ब्लाक बीडीओ दिलीप कुमार सहित सम्बन्धित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**● ज्ञानपुर तहसील में डीएम व एसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी शैलेष कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित सभी शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे। तहसील ज्ञानपुर में सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कुल 35 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कराया, जबकि शेष प्रकरणों पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समय-सीमा में समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों पर खानापूर्ति न की जाए, शिकायतकर्ता से बात करें, मौके पर जाएं और पारदर्शी ढंग से गुणवत्तापूर्ण आख्या प्रस्तुत करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सभी तहसीलों में सुशासन आधारित शिविर लगाए गए, जिनमें बाल विकास व पुष्टाहार, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, परिवार नियोजन, वृद्धावस्था पेंशन, मिशन शक्ति, राजस्व हेल्पडेस्क सहित कई जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी और सहायता प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे मामले जिनमें कई विभाग सम्मिलित होते हैं, संपूर्ण समाधान दिवस उनके निस्तारण का सर्वोत्तम अवसर है क्योंकि एक ही समय पर सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि तहसील स्तर की शिकायतें तहसील में ही निस्तारित हों और यदि शिकायतें उच्च स्तर पर जा रही हैं तो यह स्थानीय स्तर पर लापरवाही का संकेत है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी मामलों की जांच के दौरान शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न किए जाएं। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों से कहा कि विभागीय शिकायतों का प्राथमिक स्तर पर संतुष्टिपरक और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें ताकि जनता को डीएम, मंडलायुक्त या सीएम पोर्टल तक न जाना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### आजाद स्पोर्ट्स क्लब के अंडर-14 के चार खिलाड़ी जोन ट्रायल के लिए चयनित

**सुरियावां क्षेत्र में खुशी की लहर, खिलाड़ियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान**

**सुरियावां।** क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान, मेढ़ी में प्रतिभा की नई चमक देखने को मिली है। आजाद स्पोर्ट्स क्लब के अंडर-14 के चार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का जोन स्तर के ट्रायल के लिए चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में आकाश उपाध्याय, चंदन यादव, राजन यादव और मिथिलेश कुमार शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी पहले प्रयागराज में मंडलीय ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए थे। अब आगे वे कानपुर के कमला क्लब ग्राउंड में रविवार को होने वाले जोन स्तर के ट्रायल में प्रतिभा दिखाएंगे। खिलाड़ियों के चयन की खबर मिलते ही आजाद स्पोर्ट्स क्लब में खुशी की लहर दौड़ गई। क्लब के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने चारों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सपा कार्यालय में मनाया गया बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ज्ञानपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा जिला कार्यालय, ज्ञानपुर में शनिवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने से हुई।

जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय इतिहास के महानतम व्यक्तित्वों में से एक थे। वे एक श्रेष्ठ विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाजसुधारक और आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया। भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री और भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में उन्होंने देश को समानता, न्याय और स्वतंत्रता के मार्ग पर अग्रसर किया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के दिखाए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। 'मैं बाबा साहेब को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। उनके मिशन को पूरा करने के लिए, सामाजिक विभेदों को मिटाकर समतामूलक समाज निर्माण हेतु हमें विभाजनकारी शक्तियों के खिलाफ एकजुट होना होगा।' कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर जिला महासचिव हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, अंजनी सरोज, राजेन्द्र दुबे, सुधीर गौतम, केश नारायण यादव, लालचंद बिंद, सुरेश साहू, सलाउद्दीन अंसारी, कमला महतो, मुन्ना खां, दानीस सिद्दीकी, संतोष यादव, मनोज कनौजिया, महेन्द्र गोंड, महेन्द्र यादव, अयोध्या साहू, राजन यादव, गुलाब राईन, विधा पासी, प्रमोद पाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और मीडिया समन्वयन जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र 'पप्पू' ने किया।

### पराली जलाने की शिकायत पर तहसीलदार औराई ने की कार्रवाई



**भदोही।** औराई क्षेत्र में खेत में पराली जलाए जाने की शिकायत मिलते ही तहसीलदार औराई कृषि विभाग के कर्मचारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और स्वयं जांच की। जांच में पराली जलाने की पुष्टि होने पर संबंधित किसान के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने नियमों के तहत जुर्माना लगाया और वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि पराली जलाने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि इससे पर्यावरण और जनजीवन को गंभीर नुकसान होता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खलिहान व मडहे में लगी आग धान की फ़सल व समान जलकर राख

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवो में शुक्रवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में खलिहान में रखी धान की फ़सल व मडहे में आग लगने से मडहे में रखा सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी फायर बिग्रेड को सूचना दिया गया लेकिन फायर बिग्रेड जिला मुख्यालय से दुरी का हवाला देकर दो घंटे का समय आने का बताया पीड़ितों ने क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना देकर क्षतिपूर्ति की मांग किया है थाना क्षेत्र के डोहर गांव में किसान बड़कू पाल ने अपने धान की फ़सल ढाई बीघा फ़सल को खलिहान में मड़ाई कराने के लिए रखा था कि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से धान की फ़सल को जलता हुआ देखकर ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर तालाब से डब्बा बाल्टी में पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई पीड़ित किसान के अनुसार करीब ढाई बीघा धान की फ़सल जलकर राख हुई है पीड़ित किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल नवीन श्रीवास्तव को सूचना दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत महुगढ़ के समौती गांव निवासी सूर्य लाल के मडहे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से मडहे में रखा दस कुंतल धान, चरकट मशीन, चारपाई ड्रम सहित अन्य सामग्री जलकर राख हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली पीड़ित के अनुसार आगजनी की घटना से पच्चीस हजार रूपये की क्षति हुई है मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने पीड़ित को आश्वासन देते हुए क्षेत्रीय लेखपाल कृष्ण चंद्र मिश्रा को सूचना दिया है जिससे पीड़ित को दैवीय आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति मिल सके।

### बीस हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**चुनार मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा कुशल निर्देशन पर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में इनामिया अभियुक्त पवन कुमार उर्फ पप्पू पटेल पुत्र अर्जुन पटेल निवासी बसाडी थाना अहरौरा बहुत दिनों से फरार चल रहा था जिसके उपर 20 हजार रुपए पुरस्कार घोषित था जिसे चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह मय पुलिस टीम शनिवार को सुबह 10.06 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त करोड़ों की अष्टधातु मूर्ति के साथ पकड़ा गया है पुलिस ने उक्तअभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।

# विधायक खेल स्पर्धा का हुआ समापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल के अंतर्गत युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा छानबे का समापन बापू ऊपरौध इंटर कॉलेज खेल मैदान में कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता( सब जूनियर/ जूनियर/ सीनियर )बालक/ बालिका वर्ग के साथ संपन्न हुई। आयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विमलेश कुमार बैस द्वारा बताया गया कि कबड्डी बालिका सीनियर में लालगंज विजेता ,कबड्डी बालक जूनियर में छानबे विजेता एवं लालगंज उपविजेता ,कबड्डी बालिका जूनियर में लालगंज विजेता, कबड्डी सब जूनियर बालक में विजेता एवं उप विजेता, कबड्डी सब जूनियर बालिका में नेवढ़िया विजेता एवं बसंतपट्टी उप विजेता रही। कबड्डी जूनियर बालक में छानबे विजेता एवं दुबार खुर्द उप विजेता रही। कबड्डी सीनियर में उसका विजेता एवं चकिया उप विजेता रही।इसी प्रकार वॉलीबॉल सब जूनियर बालिका में नेवढ़िया विजेता एवं जूनियर बालिका में लालगंज विजेता रही। खिलाड़ियों को दिनेश कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी मिर्जापुर द्वारा मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अभय कुमार सिंह, श्री राम सकल यादव व्यायाम प्रशिक्षक, लवकुश, श्याम रूप, अजय सिंह, अवधेश शर्मा महेश, मकसूदन इत्यादि निर्णायक में उपस्थित रहे। अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी मिर्जापुर द्वारा कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान नारी सम्मान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0 के तहत जनपदीय पुलिस अधिकारी, महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं नए आपराधिक कानून, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, साइबर अपराधों के प्रति तथा शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जा रहा जागरुक –

महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिकजनपद भदोही के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में महिला बीट आरक्षी/एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0स्वानिधि योजना,पी0एम0सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा बाल विवाह, पाक्सो एक्ट, एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत बाल विवाह एवं बालश्रम तथा महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच-बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य अवगत कराने के सुझाव दिये गये । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मो के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर फ्रॉड की घटना घटित होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने व उसके द्वारा बताए गए निर्देशों का पालन करें। अपनी जन्मतिथि, नाम, मोबाइल नंबर, आदि का इस्तेमाल कभी भी पासवर्ड बनाने में ना करें, एक ही पासवर्ड का प्रयोग विभिन्न सेवाओं वेबसाइट और ऐप में ना करें, अनजान व्यक्तियों से प्राप्त वीडियो कॉल को रिसीव ना करें, अपने निजी और बैंकिंग डिटेल्स को किसी के साथ फोन या ईमेल पर एसएमएस के जरिए शेयर ना करें, फ्री वाई-फाई का इस्तेमाल करने से बचें तथा शॉपिंग और बैंकिंग के लिए इसका इस्तेमाल कदापि न करें। साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से दस बीघा पुआल जला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया,मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी नदी तीर गांव में शनिवार की सुबह धान की मड़ाई करने के बाद खलिहान में रखे दस बीघा पुआल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से खलिहान की ओर से धुआँ उठता हुआ देखकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके पुआल जलने से मवेसियो के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गया है थाना क्षेत्र के देवरी नदी तीर निवासी अजय सिंह की धान की मड़ाई के बाद में रखा धान की पुआल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई ओर धीरे धीरे आग बढ़ते हुए बगल की खलिहान में रखा प्रमिला व राकेश सिंह के पुआल में भी आग पकड़ लिया और धू धू कर जलने लगा खलिहान से आग की लपटे उठता हुआ देखकर ग्रामीणों ने शो मचाया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए डब्बा बाल्टी से पानी लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके और आग से तीनों किसानों का लगभग दस बीघा पुआल जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड को सूचना दिया है फायर बिग्रेड की टीम जिला मुख्यालय से एक घंटे में पहुंचने की बात कही है पुआल जलने से किसानो के मवेसियो के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो गई है पीड़ितो ने आगजनी से पुआल जलने की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दिया है।




# अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ भदोही की बैठक संपन्न

**भदोही।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद भदोही की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में बीआरसी ज्ञानपुर में आयोजित की गई। बैठक में टीईटी से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। संघ द्वारा बताया गया कि 11 दिसंबर 2025 को रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित धरना-प्रदर्शन में भाग लेने वाले भदोही जनपद के शिक्षकों की सूची राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दी गई है। जनपद भदोही से सैकड़ों शिक्षक एवं पदाधिकारी इस राष्ट्रीय आंदोलन में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबली उपाध्याय, उपाध्यक्ष मनोज कुमार उपाध्याय, जिला मंत्री कृष्ण कुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त मंत्री मनोज शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश चंद्र त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष मुकेश कुमार, ब्लॉक मंत्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष प्रदीप सिंह, दीपेन्द्र त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, मंत्री कमलेश सरोज, आशा सिंह, कृष्ण चंद्र यादव सहित अनेक शिक्षक-पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठन को मजबूत बनाने और आंदोलन को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई।

### विद्युत उपकेंद्र अहरौरा पर 7 दिसंबर दिन रविवार को विद्युत सप्लाई 3 घंटे रहेगी बाधित

**अहरौरा, मीरजापुर।** 07 दिसंबर दिन रविवार को 3 घंटे (दोपहर 12 बजे से 3 बजे) पैंथर से डाक कंडक्टर तक केवल बदलने कार्य हेतु किया जाएगा जिसके कारण विद्युत सप्लाई बाधित रहेगा उक्त विषय की जानकारी विद्युत विभाग के जे ई पंचधारी सिंह ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान : थाने के बगल संचालित अवैध होटलों को हटाया गया



**नैनी प्रयागराज।** नगर निगम जोन पांच में नोटिस निर्गत किए जाने के तीन दिन बाद शनिवार को निगम के अतिक्रमण दस्ते ने नैनी थाने के बगल वर्षो से संचालित अवैध होटलों को हटा दिया। पूरे दिन तक होटल मालिक अपना टीन शेड और सामान हटाने में लगे रहे। इस दौरान नगर निगम जोन पांच के निरीक्षक शैलेष ठाकुर समेत नैनी पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रही। अवैध होटलों को हटाने के दौरान वहां अफरा-तफरी मची रही। दोनों होटल मालिक पूरे समय मौके पर मौजूद रहे। निगम निरीक्षक शैलेष ठाकुर ने बताया कि जोनल अधिकारी का आदेश था। आदेश के तहत दोनों अवैध होटलों के मालिकों को पहले नोटिस निर्गत की गई। फिर दो दिन बाद जब नैनी थाने की फोर्स उपलब्ध हुई तब दोनों को हटाया गया। पिछले दिनों ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा ने नैनी थाने का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्होने थाने के बाहर खड़े जब्त भारी वाहनों और बाइकों को लेकर नाराजगी जताई थी। इसके अलावा इन होटलों के पास लगी भीड़ को गंभीरता से लेते हुए इनको थाने के बगल से हटाए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद आवश्यक लिखा-पढ़ी के बाद नगर निगम नैनी जोन संख्या पांच के जोनल अधिकारी ने दोनों होटलों को हटाए जाने के आदेश जारी किए थे।

### ट्रेन की चपेट में आया छात्र, मौत



**नैनी, प्रयागराज।** शनिवार सुबह कक्षा 8 में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद सूचना जीआरपी और पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का किया पंचनामा।पुलिस ने घटना की सूचना घरवालों को दी सूचना पर परिवार के लोग रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। उधर गांव और प्रधान से बातचीत के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत रामपुर पुलिस चौकी से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। मृतक की पहचान लवकुश यादव पुत्र होती लाल यादव निवासी मुंगारी रामपुर के रूप में हुई है। मुंगारी के रहने वाले होरीलाल यादव (झल्लर) के दो बेटे ये एक बेटी है। मृतक लवकुश अपने दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी एक बहन भी है। लवकुश कक्षा 8 में पढ़ता था। वह रोज की तरह शनिवार की सुबह स्कूल जाने के लिए निकला था। वह फ्लाई ओवर से रोज स्कूल की ओर जाता था। शनिवार को वह क्रासिंग पार कर स्कूल जा रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना पुलिस और जीआरपी ने पहुंचकर शव की शिनाख्त की। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए।बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया।

### चित्रकूट चैलेंज कप के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में मैहर ने बांदा को 80 रनों से हराया

**चित्रकूट:** जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में चल रहे नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2025 के पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच शनिवार को मध्य प्रदेश की मैहर ने उत्तर प्रदेश की बांदा के बीच हुआ। जिसमें मैहर ने बांदा को 60 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का शुभारंभ डीआरआई के जन शिक्षण संस्थान निदेशक अनिल सिंह तथा वरिष्ठ क्रिकेटर सौरभ त्रिपाठी व अश्विनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आकर्ष के 55 गेंदों में बनाए गए शानदार 106, दानिश के 32 एवं रजनीश के 19 रनों के योगदान से चार विकेट खोकर 200 रनों का विशाल स्कोर बनाया।

बांदा की ओर से मानस को दो एवं शशांक एवं अनुज को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में बांदा की टीम रवि कुमार के 30 एवं शशांक लटोरिया सहित अन्य खिलाडियों के रनों की संघर्षशील पारी के बावजूद 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 140 रन ही बना सकी। आकर्ष सिंह को चार जबकि अनिल को दो सफलताएं प्राप्त हुई। मैच में शानदार शतक के साथ चार विकेट प्राप्त करने वाले मैहर के आकर्ष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के अंपायर प्रवीण तिवारी व राहुल धुरिया, कमेंटेटर सर्वेश निगम व संतोष धुरिया तथा स्कोरर शशि भूषण सिंह रहे। इसी क्रम में रविवार को सद्भावना मैच जिलाधिकारी एकादशएवं नागरिक एकादश के मध्य खेला जाएगा।

# संकट के बीच किराए की लूट, दिल्ली-हैदराबाद रूट पर 50 हजार के पार पहुंचा हवाई किराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो पांच दिनों से परिचालन संकट से जूझ रही है। इसके चलते देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हंगामे की स्थिति है और लाखों लोग परेशान हैं। लोग कई घंटों से हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। ऐसे हालात में भी देश की विमानन कंपनियां बेशर्मी से लोगों से किराए की लूट करने में जुटी हैं और औसत किराए की तुलना में कई गुना ज्यादा किराया वसूल रही हैं। दिल्ली से हैदराबाद के बीच का हवाई किराया शनिवार को कई फ्लाइट बुकिंग प्लेटफॉर्म पर 36 हजार से ज्यादा पहुंच गया है। बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2500 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। इसके चलते उपलब्ध सीटों की संख्या घट गई। विमानन कंपनियों ने इस आपदा में अवसर देखा और हवाई किराए में भारी बढ़ोतरी कर दी। ऐसी स्थिति में हवाई यात्री खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि बीते चार दिनों से सरकार ने भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन आज शनिवार को सरकार की नींद टूटी। अब सरकार ने एयरलाइंस को निर्देश जारी कर ज्यादा किराया वसूलने पर कार्रवाई की बात कही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो संकट के चलते कुछ एयरलाइंस की ओर से असामान्य रूप से ज्यादा हवाई किराया वसूले जाने से जुड़ी चिंताओं को गंभीरता से लिया है। केंद्र सरकार ने शनिवार को सभी एयरलाइंस को निर्देश जारी किए हैं कि यात्रियों से तय सीमा से ज्यादा किराया न वसूला जाए। सरकार की ओर से कहा गया है कि ऐसा करने पर कार्रवाई की जाएगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों की थकान को कम करने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों में बदलाव किए थे। इसे दो चरणों में लागू किया गया। पहले फेज में क्रू के लिए साप्ताहिक आराम की अवधि बढ़ाई गई थी और हर हफ्ते 48 घंटे का साप्ताहिक आराम जरूरी किया गया। दूसरे चरण में 'रेड आई' उड़ानों यानी देर रात की उड़ानों के लिए क्रू के इस्तेमाल पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए। इनके तहत पायलटों को सिर्फ 2 नाइट लैंडिंग की इजाजत दी गई, जबकि पहले पायलट 6 लैंडिंग तक करते थे। संकट को देखते हुए सरकार ने नियमों को लागू करने में फिलहाल छूट दे दी है। जिसके बाद अगले कुछ दिनों में इंडिगो का परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। इस बीच, पायलटों के संगठन, एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन (ALPA) इंडिया ने डीजीसीए द्वारा इंडिगो को राहत देने पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा है कि इस छूट ने न सिर्फ़ रेगुलेटरी बराबरी को खत्म होगी बल्कि लाखों यात्रियों को भी खतरे में डाला गया है। शनिवार को भी 400 से ज्यादा इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई हैं। जिनमें दिल्ली एयरपोर्ट पर 106, मुंबई हवाई अड्डे पर सुबह 9 बजे तक 109, , मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 108, पुणे हवाई अड्डे पर 42, हैदराबाद एयरपोर्ट पर 69, अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 19, तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर 6 उड़ानें रद्द हुई हैं। इंडिगो की ओर से बीते पांच दिनों में 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द की गई हैं। इसकी वजह से यात्रियों को बढ़े हुए किराये से लेकर अन्य तमाम परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। घरेलू उड़ानों के मामले में इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है। घरेलू उड़ानों के बाजार की बात करें तो इंडिगो का करीब 60 फीसदी बाजार पर कब्जा 1000 से है। कई दिनों की चुप्पी के बाद शुक्रवार को इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने एक वीडियो साझा कर लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी। केंद्र सरकार ने बताया है कि सभी एयरलाइनों को एक आधिकारिक निर्देश जारी किया गया है जिसमें अब निर्धारित किराया सीमा का कड़ाई से पालन अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक ये सीमाएं तब तक लागू रहेंगी जब तक स्थिति पूरी तरह से स्थिर नहीं हो जाती। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि इस निर्देश का उद्देश्य बाजार में मूल्य निर्धारण अनुशासन बनाए रखना, संकटग्रस्त यात्रियों के किसी भी शोषण को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि जिन नागरिकों को तत्काल यात्रा करने की आवश्यकता है- जिनमें वरिष्ठ नागरिक, छात्र और मरीज शामिल हैं - इस अवधि के दौरान वित्तीय कठिनाई का सामना न करें।

## लाउडस्पीकर धर्म के पालन का अभिन्न अंग नहीं: हाईकोर्ट

**● सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए, बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने कहा है कि किसी भी धर्म के पालन के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल ज़रूरी नहीं है और तेज़ आवाज़ अनिच्छुक श्रोताओं के अधिकारों का हनन नहीं कर सकती।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

महाराष्ट्र के गोंदिया ज़िले की मस्जिद गौसिया की उस याचिका को खारिज करते हुए, जिसमें मस्जिद में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल बहाल करने का निर्देश देने की मांग की गई थी, पीठ ने सोमवार को कहा कि याचिकाकर्ता नमाज़ के लिए लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के अधिकार को स्थापित करने वाला कोई कानूनी या धार्मिक दस्तावेज़ पेश करने में विफल रहा है। एक खंडपीठ ने कहाः 'शीर्ष अदालत ने कहा था कि कोई भी




धर्म ध्वनि विस्तारक यंत्रों या ढोल बजाकर दूसरों की शांति भंग करके प्रार्थना करने का निर्देश नहीं देता।' 16 अक्टूबर को सुनवाई के दौरान, उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता से यह प्रदर्शित करने को कहा कि क्या धार्मिक रीति-रिवाजों में लाउडस्पीकर लगाना अनिवार्य है। याचिकाकर्ता सहायक सामग्री प्रस्तुत नहीं कर सका और उसे 'राहत मांगने का अधिकार नहीं है'। पीठ ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि जहाँ अभिव्यक्ति का अधिकार है, वहीं सुनने या सुनने से इनकार करने का भी अधिकार है। किसी को भी सुनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता और कोई भी यह दावा नहीं कर सकता कि उसे अपनी आवाज़ दूसरों के मन पर थोपने का अधिकार है।' हाईकोर्ट ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत बनाए गए 2000 के नियमों का विस्तृत विवरण दिया और ध्वनि प्रदूषण के स्वास्थ्य जोखिमों का हवाला दिया।

### बाबा साहब डॉ अंबेडकर का मनाया गया महापरिनिर्वाण दिवस

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों और बच्चों ने उन्हें याद किया। इस दौरान उनकी प्रतिमा पर प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र- छात्राओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया । इस अवसर पर विद्यालय के संचालक पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने बाबा साहब की कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। समता, न्याय और समान अधिकारों पर आधारित भारत के निर्माण में उनका अतुलनीय योगदान सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उनकी शिक्षाएं, उनके विचार और समाज सुधार की उनकी अदम्य तपस्या राष्ट्र की प्रगति का पथ आलोकित करती रहेंगी। उन्होंने संविधान द्वारा समाज के शोषित वंचित वर्ग को भी समानता का हक दिलाने का प्रावधान किया । बाबा साहेब के विचार व आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं आदर्शो को बच्चों को बताया। इस दौरान उमेश यादव, शोभनाथ यादव, संतोष कुमार यादव, अजय कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा लूट के अभियोग से सम्बंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**● कब्जे से लूट का 01 मोबाइल फोन व 2,000/- रुपये तथा 01अवैध देशी तमन्चा .315 बोर व 02 कारतूस .315 बोर बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** थरवई के कुशल नेतृत्व में गंगानगर जोन के थाना थरवई पर पंजीकृत मु0अ0सं0-319/2025 धारा-304(2) भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. प्रतीक मिश्रा पुत्र रमाशंकर मिश्रा निवासी ग्राम देवहटा थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज 2. चन्दन कुमार भारतीया पुत्र चन्द्रबली भारतीया निवासी ग्राम रामनगर बुढारेपुर थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना थरवई पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-05.12.2025 को थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बेरूई हाइवे अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तों के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त में लूट का 01 मोबाइल फोन व थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-508/2025 धारा-309(4)/115(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित लूट का 2000/- रुपया तथा अभियुक्त चन्दन कुमार भारतीया उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध देशी तमन्चा .315 बोर व 02 कारतूस .315 बोर बरामद किया गया । उक्त बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-304(2) भा0न्या0सं0 से धारा-310(2) भा0न्या0सं0 में तरमीम किया गया तथा धारा-317(3) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उपरोक्त दोनो मुकदमों से सम्बंधित 03 अभियुक्त 1. आजाद सिंह निवासी बसेनपुर थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज 2. सुभम पाण्डेय निवासी जसरा गौहनिया थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज व 3.




अश्वनी भारतीया पुत्र दिनेश भारतीया निवासी ग्राम मनेथू थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिनके गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक-27.11.2025 को थाना थरवई व थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत बुलेट सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा तमंचे के बल पर मोबाइल व पर्स आदि की लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना थरवई व थाना फूलपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. प्रतीक मिश्रा पुत्र श्री रमाशंकर मिश्रा निवासी ग्राम देवहटा थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

2. चन्दन कुमार भारतीया पुत्र चन्द्रबली भारतीया निवासी ग्राम रामनगर बुढारेपुर थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 22 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 -319/2025 धारा-310(2) भा0न्या0सं0 बढोत्तरी धारा-317(3) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

**अभियुक्त प्रतीक मिश्रा उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0-1037/ 2019 धारा-323/ 427/504/ 506 भा0द0सं0 थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

2. मु0अ0सं0-469/ 2022 धारा-323/ 427/504/ 506 भा0द0सं0 थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

3. मु0अ0सं0-559/ 2022 धारा-323/ 504/ 506 भा0द0सं0 थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

4. मु0अ0सं0-251/ 2023 धारा-323/ 354(ख)/ 427/ 452/ 504/ 506 भा0द0सं0 थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

5. मु0अ0सं0-130/ 2023 धारा-120B/ 147/ 148/ 149/ 307/ 323/ 341/ 427/ 504/ 506 भा0द0सं0 थाना होलागढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

6. मु0अ0सं0-319/2025 धारा-310(2)/317(3) भा0न्या0सं0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

**अभियुक्त चन्दन कुमार भारतीया उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0-261/ 2024 धारा-363/ 366/ 376/ 506 भा0द0सं0 व 3/ 4 पॉक्सो एक्ट थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज।

2. मु0अ0सं0-319/2025 धारा-310(2)/ 317(3) भा0न्या0सं0 व 3/ 25 आर्म्स एक्ट थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

**बरामदगी का विवरण-**

01 मोबाइल फोन वीवो कम्पनी

लूट का 2000/- रुपया (थाना फूलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 508/2025 से सम्बन्धित)

01 अवैध देशी तमन्चा.315 बोर

02 कारतूस .315 बोर

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 संतोष कुमार पाण्डेय, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

2. उ0नि0 गिरीश चन्द्र मौर्या, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

3. उ0नि0 अलीम खान, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

4. म0उ0नि0 आकांक्षा द्विवेदी, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

5. हे0का0 आरिफ खान, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

6. हे0का0 सतेन्द्र सिंह, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

7. हे0का0 रामधनी यादव, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

8. का0 जीतू कुमार, थाना थरवई कमिश्नरेट प्रयागराज।

# यूपी पुलिस ने 'घर-घर बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं का तलाशी अभियान' शुरू किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों की पहचान के लिए पूरे राज्य में 'घर-घर सर्वे' शुरू कर दिया है। इन लोगों को चिह्नित कर डिटेंशन सेंटर में रखने की तैयारी की जा रही है। इसकी पुष्टि झांसी रेंज के आईजी आकाश कुलहरी, आगरा के डीसीपी सैयद अली अब्बास और लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने की है। 22 नवंबर को जारी सरकारी आदेश के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। झांसी रेंज आईजी आकाश कुलहरी ने कहा, 'आदेश के मुताबिक झांसी में भी डिटेंशन सेंटर बनाया जाएगा। ललितपुर, झांसी और जालौन (बुंदेलखंड क्षेत्र) में रह रहे अवैध प्रवासी यहां रखे जाएंगे, जब तक उन्हें उनके देश वापस नहीं भेज दिया जाता। 'आगरा में डीसीपी सैयद अली अब्बास ने खुलासा किया कि नगर निगम में ही करीब 3,000 अवैध प्रवासी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'स्थानीय इंटेलिजेंस यूनिट की टीमों के साथ घर-घर जाकर जांच की जा रही है। इनके अपराध रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। कई प्राइवेट आउटसोर्सिंग कंपनियों में भी ऐसे लोग काम कर रहे हैं। ' लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल ने दावा किया कि नगर निगम के सफाई कर्मचारियों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ हफ्ते पहले ही मैंने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था। 50 परिवारों को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू की थी। बाद में जब तलाश तेज हुई तो 160 सफाई कर्मचारी भाग गए। वे पहचान पत्र और दस्तावेज जमा नहीं करना चाहते थे। हमें लगता है कि वे रोहिंग्या थे और जाली दस्तावेजों से आधार कार्ड बनवाए थे। ' महापौर ने कहा, 'कुछ लोग खुद को असम का बता रहे हैं। अगर उनके पास असम का पहचान पत्र है तो हम एनआरसी में उनकी डिटेल चेक करेंगे।' उन्होंने भागे हुए कर्मचारियों को अपराधी करार दिया। गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक दो साल पहले खुफिया आधारित सर्वे में राज्य में करीब 10 लाख अवैध विदेशी पाए गए थे, जिनमें लखनऊ और आगरा में 6,000 थे। उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई थी क्योंकि पहचान में दिक्कत आई थी। अब घर-घर सर्वे से बेहतर नतीजे आने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि खाली पड़े सरकारी भवनों, सामुदायिक केंद्रों और पुलिस स्टेशनों को डिटेंशन सेंटर में बदला जाएगा। चिह्नित लोगों की सूची संबंधित मंडलायुक्तों और आईजी को सौंपी जाएगी। प्रशासन ने मार्च 2026 तक इस अभियान को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उत्तर प्रदेश में 2017 में योगी



आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने उसी समय अवैध बांग्लादेशियों को रखने के लिए डिटेंशन सेंटर बनाने का निर्देश दिया था। सितम्बर 2020 में एक रिपोर्ट बताती है कि गाजियाबाद के नंदग्राम में ऐसा पहला डिटेंशन सेंटर तैयार हो चुका था। इस डिटेंशन सेंटर में 100 लोगों के रहने की क्षमता है और इसमें पानी और बिजली के कनेक्शन भी पहले से ही मौजूद हैं। यह डिटेंशन सेंटर पहले दलित छात्राओं के लिए एक छात्रावास था। हालाँकि जनवरी 2011 में एक पुरुष छात्रावास के साथ इसका उद्घाटन किया गया था, लेकिन कुछ साल पहले यह खाली हो गया था। तभी इसे डिटेंशन कैंप में बदलने का फैसला किया गया। तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार व्यास ने बताया था, 'डिटेंशन कैंप बनकर तैयार है। अब पुलिस विभाग इसकी निगरानी करेगा। उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को यहीं रखा जाएगा।'

## परिवहन विभाग की अनदेखी से लाखों रुपए की लागत से निर्मित बस स्टैंड बना निजी कार्यक्रमों का अड्डा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर जारी बाजार में परिवहन विभाग द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनाया गया सरकारी बस स्टेशन अब अपनी उपयोगिता खो चुका है।खाली लोगों की लापरवाही और प्रशासन की उदासीनता के चलते यह बस स्टैंड मात्र शोपीस बनकर रह गया है। यहां पर बसें निर्धारित स्थान पर नहीं रुकती, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।स्थानीय लोगों का आरोप है परिवहन विभाग की ओर से बस स्टेशन पर किसी प्रकार की निगरानी नहीं की जाती।इसी का फायदा उठाकर इस स्थान का उपयोग अब सरकारी बसों के लिए नहीं बल्कि निजी कार्यक्रम के लिए किया जा रहा है। हाल ही में यहां एक व्यक्ति ने जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया था, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई।यह दर्शाता है स्थानीय लोगों ने इसे अपनी निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। राहगीरों को और यात्रियों का कहना है बसों के निर्धारित स्थान पर न रुकने से भी काफी परेशानी हो रही है। कई बार तो यात्री घंटों तक इंतजार करते रहते हैं,और बस न मिलने पर उन्हें वापस भी लौट




जाना पड़ता है। इस समस्या से विशेष तौर पर छात्र,4 बुजुर्ग और महिलाएं अधिक प्रभावित होती है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया, बस स्टैंड पर ना कोई सुरक्षा व्यवस्था है,और ना ही सूचना बोर्ड है, ना कर्मचारियों की तैनाती है और ना ही साफ सफाई की उचित व्यवस्था है। यह स्थिति परिवहन विभाग की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठा रही है।ग्रामीणों के मुताबिक बसों की आवाजाही के बावजूद ड्राइवर और कंडक्टर इस स्टेशन को नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और परिवहन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग किया है। उन्होंने अपील भी किया है कि बस स्टेशन को जल्द से जल्द सक्रिय किया जाए, और का यहां रुकना भी सुनिश्चित किया जाए,और इसके निजी उपयोग पर भी रोक लगाई जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था, साफ सफाई और नियमित देखभाल करने की आवश्यकता बताई है।

### संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर स्मृति सभा का आयोजन

जिला कांग्रेस कमेटी भदोही द्वारा संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर स्मृति सभा का आयोजन मशाल रोड स्थित कैंप कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी व किसान कांग्रेस सोशल मीडिया राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर दिलीप मिश्रा जी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का संघर्ष, समर्पण एवं राष्ट्र-निर्माण में उनका योगदान भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण नींव है। उनका संविधान दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय का संदेश आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दूबे व मसूद आलम जी ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो आंदोलन खड़ा किया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने उपस्थिति दर्ज कर बाबा साहब के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया।

## एसआरएन अस्पताल में बच्चे की मौत पर हंगामा, डॉक्टरों ने मां-बाप को पीटा, किया चक्काजाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** एक बार फिर मंडल के सबसे बड़े अस्पताल स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा है।धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टरों का मानवता से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रह गया है,यह बात उस मासूम के माता-पिता व अन्य परिजनों ने लगाया है, जिनके बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। इलाज में डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगा है। एसआरएन अस्पताल में इलाज में लापरवाही के अलावा परिजनों से खराब बर्ताव करने का भी आरोप लगाया गया है। जिससे पीड़ित परिवार ने अस्पताल से बाहर निकलकर महात्मा गांधी मार्ग पर जाम लगा दिया,और सड़क पर ही बच्चों के माता-पिता फूट-फूटकर रोने लगे। उनकी पीड़ा देखकर अन्य लोग भी आ गए,और जमकर नारेबाजी होने लगी।थोड़ी देर बाद पहुंचे डीसीपी ने जाम हटवाया,और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। लालापुर थाना क्षेत्र के अमिलिया गांव



निवासी गुड्डू ने बताया,कि उसने अपने बेटे वंश को 30 नवंबर को अस्पताल में भर्ती कराया था।बच्चा छत से सरपत का गट्ठर नीचे फेंक रहा था, तभी पास से निकले तार से करंट लग गया,जिससे उसे इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया गया था।हालत गंभीर होने पर आज सुबह 6 बजे जब डॉक्टर को बुलाने गए तो एक डॉक्टर आया और उसने बच्चे के सीने पर पहले तो कई बार दबाया,फिर मुट्ठी से मारने लगा।इसके बाद कहा कि बाहर निकलो।परिवार को बाहर निकालने के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। यह भी आरोप है कि कुछ देर के लिए बच्चे का शव भी गायब कर दिया गया। बच्चे के मामा अभिमन्यु कुमार ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों ने हम लोगों को बहुत मारा है। एक डॉक्टर ने गालियां देते हुए कहा कि यहां सैकड़ो लोग रोज मरते हैं।इसी का विरोध करने पर कई डॉक्टरों ने मिलकर परिजनों को पीट दिया था। यदि अन्य कई घटनाओं का अवलोकन किया जाये तो स्वरूपरानी नेहरू जिला चिकित्सालय अब कुछ को छोड़कर अन्य सभी जूनियर और कुछ सीनियर डॉक्टर नहीं अपितु डॉक्टर के भेष में अपराधियों की श्रेणी में आते हैं,यह धारणा आम जनसाधारण के द्वारा सुनीं जा सकती है।

## दाम्पत्य सूत्र के विना हो रही विदाई की चर्चा, महज 7 मिनट में दुल्हन पहुंच गई ससुराल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज यमुनापार नैनी औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक अनोखी विदाई ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। यहां शादी के बाद दुल्हन को विदा कराने के लिए दूल्हे ने बाकायदा हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की थी। जैसे ही हेलीकॉप्टर गांव में उतरा,उसे देखने के लिए आसपास के गांव के लोग भी इकट्ठा हो गए। दुल्हन के उड़नखटोले से हुई विदाई पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही। आमतौर पर शादी के बाद दूल्हा, दुल्हन को कार व अन्य साधन से विदा कराता है,लेकिन करछना इलाके के अमन यादव ने इस पल को हमेशा के लिए यादगार बनाने का निर्णय लिया।उसने हेलीकॉप्टर किराए पर बुक कराया,और विदाई के समय उसे गांव के खेत में उतरवाया।शुरुआत में लोगों को लगा कि शायद कोई नेता या वीआईपी आया है,लेकिन कुछ ही देर में साफ हो गया कि हेलीकॉप्टर दुल्हन आरती को विदा कराने आया है। दुल्हन आरती को पूरे ग्रामीण माहौल के बीच हेलीकॉप्टर पर बैठाया गया,और कुछ ही क्षणों बाद हेलीकाप्टर उड़ान भरकर उसके ससुराल की ओर रवाना हो गया। आरती की ससुराल गांव से मात्र 8 किलोमीटर दूर थी, इसलिए उड़ान में केवल 7-8 मिनट ही लगे। छोटी दूरी होने के बावजूद हवाई विदाई ने इस शादी को अनोखा बना दिया। सड़वा कला गांव की रहने वाली आरती यादव की शादी 4 दिसंबर को अमन यादव से हुई थी। अगले दिन यानी 5 दिसंबर की सुबह विदाई का समय था।इस मौके को खास बनाने के लिए अमन ने पहले ही हेलीकॉप्टर बुक कर दिया था। विदाई के दौरान जैसे ही हेलीकॉप्टर खेत में उतरा,गांव के लोग रोमांचित हो उठे, दुल्हन की हेलीकॉप्टर से विदाई की यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उन्होंने पहली बार ग्रामीण अंचल में हेलिकाप्टर से दुल्हन की विदाई करते देखा है। ग्रामीणों के लिए यह पल यादगार बन गया। वहीं दूल्हे ने भी विदाई के



अवसर पर अपनी पत्नी को एक शानदार तोहफा दिया। सड़वा कला गांव की रहने वाली आरती यादव की शादी 4 दिसंबर को अमन यादव से हुई थी।अगले दिन यानी 5 दिसंबर की सुबह विदाई का समय था। इस मौके को खास बनाने के लिए अमन ने पहले ही हेलीकॉप्टर बुक कर रखा था। विदाई के दौरान जैसे ही हेलीकॉप्टर खेत में उतरा गांव के लोग रोमांचित हो उठे,और महज 7-8 मिनट में ही दुल्हन आरती ससुराल पहुंच गई।

# संक्षिप्त खबरें

## 'शेरे बलिया' चित्तू पाण्डेय की 79वीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसम्मान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**बलिया।** स्वतंत्रता संग्राम की गौरवगाथा में अमिट छाप छोड़ने वाले 'शेरे बलिया' चित्तू पाण्डेय की 79वीं पुण्यतिथि शनिवार को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के प्रमुख चित्तू पाण्डेय चौराहा पर सुबह से ही लोगों का तांता लगना शुरू हो गया। उनकी आदमकद प्रतिमा को साफ-सज्जित कर फूलों से अलंकृत किया गया, जिसके बाद नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र संगठनों और आम नागरिकों ने माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**नेताओं ने बताया— स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक**

कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कहा कि चित्तू पाण्डेय सिर्फ बलिया ही नहीं, बल्कि पूरे देश की स्वतंत्रता यात्रा के एक महान स्तंभ थे। 1942 में 'बलिया स्वतंत्र शासन' की स्थापना में उनकी भूमिका भारतीय इतिहास की अद्वितीय घटनाओं में गिनी जाती है। नेताओं ने कहा कि उनका संघर्ष, साहस और नेतृत्व आज भी लोगों को देशहित में काम करने की प्रेरणा देता है।

**नारों से गूंज उठा चौराहा**

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान पूरा चौराहा देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। 'शेरे बलिया चित्तू पाण्डेय अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के जयघोष से वातावरण ओतप्रोत हो गया। युवा हाथों में तिरंगा लिए उनकी प्रतिमा के पास एकत्र हुए और सोशल मीडिया पर लाइव प्रसारण कर उनकी स्मृति को साझा किया।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में मनाई गई बाबा साहेब की पुण्यतिथि



**बरही, झारखंड:–** डॉ. भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में शनिवार को भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि नम आँखों से श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य गुलाब कुमार दास द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन पूरे विश्व के लिए शोक का दिन रहा है। इसी दिन महान विभूति बाबा साहब का देहांत हुआ था। उनके निधन की खबर सुनकर कई देशों ने अपना राष्ट्रीय ध्वज झुका दिया था। भारत ने आज ही के दिन अपना अनमोल रत्न खोया, जिसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सका। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने 32 प्रतिष्ठित डिग्रियां हासिल की थीं और समाज के वंचित लोगों को अधिकार दिलाने में उनका योगदान अतुलनीय रहा। बाबा साहब आज भले हमारे बीच नहीं हैं, पर उनके विचार और सिद्धांत सदैव जीवित रहेंगे। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार यादव ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर भारत के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी और देश के सबसे अधिक डिग्री प्राप्त करने वाले व्यक्तित्व बने। उन्होंने छात्रों से बाबा साहब के आदर्शों और शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के सहायक शिक्षक सूरज दास, दिनेश दास, विवेक कुमार, सकलदेव कुमार यादव, अनिल दास, मनु दास, बबीता कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी, रानी कुमारी समेत सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नरवल तहसील समाधान दिवस में अधिकारी अनुपस्थित

**घाटमपुर।** कानपुर नगर की तहसील नरवल में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कई फरियादी अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण निराश होकर लौट गए,उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा की अगुवाई में यह समाधान दिवस सुबह 10 बजें से दोपहर 02 बजें तक चला, जहां उपजिलाधिकारी एके मिश्रा ने स्वयं फरियादियों की समस्यायों को सुना। हालांकि एसआईआर की डियूटी के चलते कई अधिकारी मौके पर निस्तारण नहीं हो पाए, संपूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व एवं अन्य शिकायतें प्राप्त हुई, एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि अधिकांश कर्मचारियों की डियूटी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में लगी होने के कारण वे समाधान दिवस में उपस्थित नहीं हो सके, हालांकि अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे,और उन्होंने आए हो मामलों को गंभीरता से सुना, एसडीएम ने सभी उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए,, ताकि जनता को न्याय मिल सके, फरियादियों ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य तभी पूरा होगा,जब सभी विभागों के अधिकारी समय पर उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान करें, अन्यथा यह आयोजन केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

# एम्बुलेंस लेट और फाटक बंद... टायर ब्लास्ट में घायल ट्रक चालक ने तोड़ा दम, स्थानीयों में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंड:-** चंदवा थाना क्षेत्र के एनएच-22 (रांची-चतरा मुख्य मार्ग) पर भूषाढ़ नदी के पास गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। पंचर टायर को हटाने के दौरान हुए जोरदार ब्लास्ट में ट्रक चालक उमाशंकर सहाय (निवासी–गोंदापुर, नवादा, बिहार) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक गैस सिलेंडर से लदा ट्रक लेकर पांकी की ओर जा रहा था। रास्ते में टायर पंचर होने पर उसने किसी तरह हवा भरवाकर चंदवा पहुंचकर स्थानीय पंचर दुकान संचालक परवेज आलम को टायर ठीक करने दिया। परवेज ने पंचर टायर को खोलकर अलग कर दिया था। इसी बीच चालक टायर को दुकान के सामने ढुलका रहा था कि अचानक तेज धमाके के साथ टायर फट गया। धमाका इतना जोरदार था कि चालक हवा में उछलकर दूर जा गिरा। उसके सिर पर गहरी चोट आई और वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। हादसे में पंचर दुकान संचालक परवेज आलम भी हल्के रूप से घायल हुआ। उसने तुरंत गमछा बांधकर चालक के सिर से बहता खून रोकने की कोशिश की और एक निजी चिकित्सक से प्राथमिक उपचार भी कराया। साथ ही एम्बुलेंस को सूचना दी। लेकिन इसके बाद जो स्थिति बनी, उसने लोगों में गुस्सा भर दिया। टोरी रेलवे फाटक बंद होने की वजह से एम्बुलेंस लगभग आधे घंटे तक रास्ते में फंसी रही। गंभीर रूप से घायल चालक सड़क किनारे तड़पता रहा, लेकिन एम्बुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। फाटक खुलने के बाद ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंच पाई और चालक को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का



कहना है कि यदि एम्बुलेंस समय पर पहुंचती, तो शायद चालक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया कि टोरी रेलवे फाटक अधिकांश दिनों में आधे घंटे तक लगा रहता है, जिससे– दुर्घटना के मामलों में मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते, महिलाओं और बुजुर्गों को अत्यधिक परेशानी होती है, बच्चों के स्कूल जाने में बाधा उत्पन्न होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फाटक की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है ताकि भविष्य में किसी की जान एम्बुलेंस देरी के कारण न जाए।

## एडीएम व एसडीएम ने लिया डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का निरीक्षण

**चित्रकूट:** अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार यादव व राजापुर उपजिलाधिकारी फूलचन्द्र यादव ने शनिवार को नगर पंचायत राजापुर के वार्ड नंबर छह रानी लक्ष्मी बाई नगर स्थित एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण व सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। इस दौरान फटका मशीन का बेल्ट जाम पाया गया, जिसे सही कराने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय द्वारा कंपोस्टिंग वेस्ट का खाद टेस्टिंग के लिए लैब भेज कर उसका मानक के अनुरूप विक्रय कर निकाय की आय बढ़ाने के लिए बताया गया। साथ ही सेकेंडरी स्टोरेज के लिए जमीन चिन्हीकरण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार, टेक्निकल असिस्टेंट शिव विजय सिंह, सफाई नायक पुट्टी लाल, नाजिर आदि मौजूद रहे।

# पाकुड़ कांग्रेस कमेटी ने श्रद्धापूर्वक मनाई संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़, झारखंड:-** बीते शनिवार को पाकुड़ कांग्रेस कमेटी ने भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद डोकानिया, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, ओबीसी जिला अध्यक्ष आमिर हमजा, सोशल मीडिया चेयरमैन पियारूल इस्लाम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मोहम्मद सिराजुद्दीन शेख, डॉ. जहीरुल इस्लाम,



रामविलास महतो, नज़रुल इस्लाम, आबिद अंसारी, कदीर अंसारी, मिथुन मरांडी, कमरुल शेख, फिरोज शेख सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर संविधान निर्माता को अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब के जीवन, विचारों और सामाजिक समानता के लिए किए गए उनके संघर्षों को याद किया गया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया गया।

# मंगल पांडे के नाम से वंदे भारत एक्सप्रेस और बकुल्हा स्टेशन का नाम बदलने की मांग

● **रिज्यसभा में नीरज शेखर ने उठाई आवाज़, रेल मंत्री ने दिया सकारात्मक संकेत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने बलिया जनपद की रेल सुविधाओं को लेकर सदन में दो अहम मांगें रखींपहली, बलिया के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित की जाए, और दूसरी, बकुल्हा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर किया जाए। सांसद ने यह बातें सीधे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष रखते हुए कहा कि बलिया की ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना चाहिए। सदन को संबोधित करते हुए नीरज शेखर ने बलिया की स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम शहीद मंगल पांडेय के सम्मान में बलिया से वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने चित्तू पांडेय, हजारी प्रसाद द्विवेदी, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और जनेश्वर मिश्र जैसी विभूतियों के राष्ट्रीय योगदान की याद दिलाते हुए कहा कि बलिया देश की प्रेरणा भूमि है।

**रेल मंत्री ने सराहा बलिया का योगदान**

सांसद की बातों पर प्रतिक्रिया देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकार किया कि बलिया देश की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थली है और इसका योगदान राष्ट्र के लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि सांसद नीरज शेखर के निरंतर प्रयासों के कारण वर्तमान में बलिया से 82 ट्रेन सेवाएँ चल रही हैं। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 40.47 करोड़ रुपये की लागत से बलिया रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण तेज़ी से चल रहा है, जिसका 83 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। नया स्टेशन भवन स्थानीय संस्कृति और ऐतिहासिक महत्त्व को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा, सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का उन्नयन भी पूर्ण किया जा चुका है। सांसद की मांगों के बाद बलिया में वंदे भारत एक्सप्रेस की उम्मीदें एक बार फिर मजबूत हो गई हैं। स्थानीय लोग इसे जिले के विकास और गौरव से जोड़कर देख रहे हैं।

## झारखंड आंदोलनकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर राकेश ठाकुर का हुआ सम्मान



अंचल अधिकारी एवं निरीक्षक ने किया प्रमाण पत्र प्रदान

**हजारीबाग, झारखंड:–** झारखंड सरकार द्वारा निर्गत चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी प्रमाण पत्र सोमवार को जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर को प्रदान किया गया। यह सम्मान सदर के अंचल अधिकारी एवं अंचल निरीक्षक द्वारा औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी एवं जदयू हजारीबाग के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, जदयू के प्रदेश सचिव एवं झारखंड आंदोलनकारी शाह, तथा झारखंड आंदोलनकारी अर्जुन कुमार मेहता उपस्थित थे। सभी नेताओं ने राकेश ठाकुर को अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद आंदोलनकारियों ने कहा कि झारखंड की स्थापना लंबी संघर्ष यात्रा के बाद संभव हो पाई है। उन्होंने एक स्वर में कहा कि हम लोगों ने झारखंड लड़ कर लिया, लेकिन झारखंड की वास्तविक प्रगति के लिए अभी भी लंबी लड़ाई लड़नी होगी। नेताओं ने उम्मीद जताई कि नई पीढ़ी आंदोलन की भावना को आगे बढ़ाते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देगी।

# पाकुड़िया में अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं की बढ़ी मुश्किलें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखंड:–** पाकुड़िया प्रखण्ड में पिछले कई दिनों से नियमित बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ लघु व्यवसायियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सामूहिक जन-जीवन में बिजली को विकास का आधार माना जाता है, किंतु क्षेत्र में लगातार हो रही अनियमितताओं ने उपभोक्ताओं में गहरा रोष पैदा कर दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पाकुड़िया प्रखण्ड में स्टोन उद्योग (क्रेशर-स्टोन) के अलावा किसी बड़े उद्योग का विस्तार नहीं हो पाया है। यहां ग्रील निर्माण, नेट-वर्किंग जैसे कुछ छोटे उद्यम तथा घरेलू कार्यों में इन्वर्टर, मोबाइल चार्जिंग और अन्य दैनिक गतिविधियों के लिए बिजली पर निर्भरता काफी अधिक है। ऐसे में बिजली की लगातार कटौती ने जन-जीवन को प्रभावित कर दिया है। विगत महीनों में बिजली आपूर्ति में कुछ सुधार के बाद उपभोक्ताओं में राहत की भावना दिखी थी, लेकिन हाल के दिनों में फिर से बिजली की भारी अनियमितता ने समस्याएं बढ़ा दी हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार बिजली कुछ ही देर के लिए आती है और फिर अनिश्चित समय के लिए गायब हो जाती है। इससे पठन-पाठन कर रहे विद्यार्थियों के सामने भी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी दावों के अनुसार 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए, परंतु वर्तमान स्थिति में 18 से 20 घंटे भी यदि नियमित रूप से बिजली उपलब्ध करा दी जाए, तो उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। बिजली विभाग की ओर से दिए जाने वाले कारणों के बावजूद, जमीनी स्तर पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। मोबाइल चार्जिंग से



लेकर इन्वर्टर तक बंद पड़ने की शिकायतें निरंतर बढ़ रही हैं। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे कुछ समय के लिए बिजली आई, लेकिन कुछ देर बाद ही फिर से गायब हो गई। समाचार संप्रेषण के समय शाम 3:16 बजे तक बिजली पुनः नदारद रही। स्थानीय उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर अनियमित आपूर्ति को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और दैनिक गतिविधियाँ बाधित न हों।

# राजभवन /लोक भवन में भारत का भूगोल और पर्यावरण पुस्तक का हुआ विमोचन

● **शोध व शिक्षा जगत के लिए महत्वपूर्ण योगदान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:–** झारखंड राजभवन/लोक भवन रांची में आयोजित एक गरिमामय समारोह में महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डॉ. गौतम कुमार गुप्ता सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग, के एन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन गिरिडीह द्वारा लिखित शोधपरक पुस्तक भारत का भूगोल और पर्यावरण एक ज्ञानवर्धक अध्ययन का विमोचन किया। कार्यक्रम में लेखक के साथ उनके पिता वासुदेव शाह गुप्ता, लोजपा झारखंड के प्रदेश महासचिव सह हजारीबाग आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सावंत इंटर कॉलेज के सम्माननीय संस्थापक सचिव श्री रामकिशोर सावंत तथा अधिवक्ता रणधीर कुमार उपस्थित रहे। सभी ने लेखक को इस उपलब्धि पर बधाई दी और इसे शैक्षणिक क्षेत्र के लिए एक सराहनीय योगदान बताया। राज्यपाल महोदय ने पुस्तक की प्रशंसा करते



हुए कहा कि इसमें भारत के भौगोलिक स्वरूप, पर्यावरणीय चुनौतियों, संरक्षण प्रयासों और सतत विकास से जुड़े मुद्दों का विस्तृत एवं शोधपरक विश्लेषण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने इस उपलब्धि को गिरिडीह के शैक्षणिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आर्ट एंड कल्चर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री रामकिशोर सावंत ने कहा कि डॉ. गौतम कुमार गुप्ता का कार्य भावी पीढ़ी को पर्यावरण और भूगोल की गहन समझ प्रदान करेगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। पुस्तक का प्रकाशन ग्रन्थ पब्लिकेशन द्वारा किया गया है।

## बलिया समाजवादी पार्टी ने राजकुमार पांडेय को जिला सचिव व प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी



**बलिया।** समाजवादी पार्टी ने जिले में संगठनात्मक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए राजकुमार पाण्डेय को बलिया का जिला सचिव एवं प्रवक्ता नियुक्त किया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश और मा0 प्रदेश अध्यक्ष की सहमति के बाद जिला अध्यक्ष संग्राम सिंह यादव द्वारा जारी की गई। कदम चौराहा निवासी राजकुमार पाण्डेय को यह जिम्मेदारी उनके सक्रिय संगठनात्मक कार्य, समर्पण और पार्टी के प्रति निरंतर योगदान को देखते हुए सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि पार्टी को उम्मीद है कि वे जिले में संगठन को और अधिक मजबूती, दिशा और गति प्रदान करेंगे। राजकुमार पाण्डेय की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टीजनों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनकी सक्रिय भूमिका से समाजवादी पार्टी के जनाधार में और वृद्धि होगी।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर रांची में श्रद्धांजलि

● **सभा, सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंड:–** महामानव, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को रांची के डोरंडा स्थित आम्बेडकर चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय लोग और मंच के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि आंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। उनका सपना तभी पूरा होगा जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार, सम्मान और अवसर पहुँचेंगे। उन्होंने झारखंड की वर्तमान परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में आज भी आदिवासी, दलित, पिछड़े और कमजोर वर्ग संवैधानिक अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने सरकार एवं प्रशासन से मांग की कि शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को अधिकार के रूप में लागू किया जाए। भूमि, वन और जल जंगल जमीन पर आदिवासियों के अधिकारों को सख्ती से लागू किया जाए। जातीय भेदभाव पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समानता और न्याय के सिद्धांतों को शासन व्यवस्था का आधार बनाया जाए। विजय शंकर नायक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने सिर्फ संविधान नहीं लिखा, बल्कि करोड़ों वंचितों शोषितों को आत्मसम्मान और अधिकार की ज्योति दी। उनकी विचारधारा आज भी हमें समता, स्वतंत्रता और बंधुता का



मार्ग दिखाती है। उनके सपनों का भारत बनाने के लिए हमें संगठित होकर संघर्ष जारी रखना होगा। कार्यक्रम में प्रोफेसर कृष्णा कान्त रवि, शिव शंकर दास, अशोक कुमार रजक, दीपक पासवान, विनय कुमार दुबे (पहलवान), मंटू राम, अजय नाग, भूषण राम, मनु तिर्की, कृष्णा राम, रविन्द्र यादव, प्रहलाद राम, करीमन रजक समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी और संविधान की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

# जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संविधान के निर्माता व भारत रत्न से सम्मानित डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई 69 वीं पुण्यतिथि

● **डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया : निसार खान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:–** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में संविधान के निर्माता व भारत रत्न से सम्मानित डॉ.भीमराव अंबेडकर की 69 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनहे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने कहा कि दलितों के उद्धारक, भारतीय संविधान के निर्माणताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के संगठन में अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था। पददलितों को उनके आधिकार का न्याय अधिकार का स्मरण दिलाकर, उनमें आत्मविश्वास भरा। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा उनहे दी। स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया। मौके पर प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाल वाला महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव बेबी देवी युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव कोमल कुमारी वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, मकसूद आलम, डॉ प्रकाश कुमार, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, बाबर अंसारी,



विजय कुमार सिंह, रघु जायसवाल, ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय कुमार प्रजापति, एनआईएमएस के जिला अध्यक्ष जहांगीर अंसारी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, नरसिंह प्रजापति, पंचम पासवान, निसार अहमद भोला, मोहम्मद रब्बानी, अनिल कुमार भुईया, अजित कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, सुनिल कुमार साहू, मोहम्मद वारिस के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विज्ञान विभाग का स्वागत सह विदाई समारोह संपन्न

● **सोनम व बीणा मिस फ्रेशर जबकि राजा व पप्पू बने मिस्टर फ्रेशर**

**हेरा फातिमा को मिला मिस फेयरवेल का खिताब जबकि सचिन बने मिस्टर फेयरवेल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:–** आईसेक्ट विश्वविद्यालय में शनिवार को विज्ञान विभाग की ओर से स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत एवं सीनियर विद्यार्थियों को विदाई देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता निभाई। स्वागत भाषण देते हुए विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सबीता कुमारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक अनुशासन, अनुसंधान एवं नवाचार के प्रति प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने अपने संबोधन में कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं, डिजिटल लर्निंग और उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय की प्रशासनिक पारदर्शिता एवं अकादमिक वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि अनुशासन और अवसर दोनों आईसेक्ट विश्वविद्यालय की पहचान हैं। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने विद्यार्थियों को करियर निर्माण के लिए समय प्रबंधन और कौशल विकास पर ध्यान देने की सलाह दी। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसका मौजूद लोगों ने भरपूर आनंद लिया। स्वागत समारोह में प्रथम सेमेस्टर से सोनम को मिस फ्रेशर एवं राजा को मिस्टर फ्रेशर, जबकि तृतीय सेमेस्टर से बीणा को मिस फ्रेशर एवं पप्पू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। वहीं विदाई समारोह में हेरा फातिमा को मिस फेयरवेल और सचिन को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया। मंच संचालन हेरा फातिमा, तनिष्का, शगुफ्ता और तजमीन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सबीता कुमारी के साथ मानसी प्रधान, सृष्टि सिन्हा, नेहा सिन्हा, बिशाखा बाला, राहुल राजवार, मुकेश कुमार, मुन्ना कुमार, बब्लू चौधरी, डॉ सोमेन चंद्रा, रौशन कुमार एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दूल्हे की दूसरी शादी में पहली पत्नी का हंगामा: वकील संग पहुंचकर रुकवाई शादी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** दोकटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक व्यक्ति की दूसरी शादी उसकी पहली पत्नी ने पहुंचकर रुकवा दी। पहली पत्नी अपने वकील और पुलिस के साथ विवाह स्थल पर पहुंची तो दूल्हा मंडप छोड़कर फरार हो गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, बैरिया थाना क्षेत्र के भुआलछपरा निवासी राजेश पाण्डेय पुत्र राज गोपाल पाण्डेय की शादी दोकटी क्षेत्र की एक युवती से तय थी। विवाह स्थल पर दुल्हन पक्ष पूरी तैयारी के साथ मौजूद था और दूल्हे का इंतजार कर रहा था। इसी बीच झारखंड के खरसांवा जिले की रहने वाली लक्ष्मी अपने वकील और दोकटी पुलिस के साथ पहुंची। लक्ष्मी ने दावा किया कि उसकी राजेश से 10 साल पहले कोर्ट मैरिज हुई थी और राजेश ने उससे तलाक का मुकदमा भी बलिया में दायर कर रखा है। लक्ष्मी के अनुसार, उसे फेसबुक के जरिए पता चला कि राजेश दूसरी शादी करने जा रहा है। इसके बाद वह तुरंत उसके गांव पहुंची, लेकिन घर बंद मिला। पूछताछ में पता चला कि शादी लालगंज के एक लॉज में हो रही है। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी और विवाह स्थल पर पहुंचकर विवाद खड़ा कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर



सैकड़ों की भीड़ जुट गई। हंगामा बढ़ता देख पुलिस पहली पत्नी और वकील को सुरक्षा में लेकर लालगंज चौकी ले गई। उधर, दुल्हन पक्ष में भारी आक्रोश है। वहीं, दूसरी शादी के प्रयास में लगे राजेश पाण्डेय के फरार होने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों को खंगाला जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्बा बांसी में महिला आयोग की अध्यक्षा का हुआ भव्य स्वागत



**ललितपुर।** कस्बा बांसी में लायंस क्लब संगम बांसी के तत्वाधान में उ.प्र.महिला आयोग की अध्यक्षा लायन संगीता सिंह के प्रथम बार ललितपुर आगमन पर डा. जितेन्द्र जैन के नेतृत्व में स्वागत किया। अध्यक्षा द्वारा असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरण किये गए। अध्यक्षा ने कहा कि महिलाओं को जागृति एवं समाज में सेवा सदभाव के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर ला.कुं.हरिसिंह बुंदेला, हरिकिशन झा प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान बांसी प्रेम देवी झा, ला.विक्रम सिंह बुंदेला, ला.उमेश शर्मा, प्रेक्षा जैन, ला. विवेक गुप्ता, प्रिन्सी राजा, शैलेन्द्र झा, सावन सोनी, ला.राघवेंद्र यादव, ला. कृष्णगोपाल सोनी, शैलेन्द्र चौबे एड., सतीश पस्तोर, प्रदीप जैन बंटी, प्रमोद नायक, अमित झा, नरेश सरावगी, अर्जुन सिंह बुंदेला, हुकुम जैन, अनिल चौबे, सुमन रैकवार, सौरभ साहू, प्रिंस बुंदेला, रोहित राजा, मनोज अहिरवार आदि मौजूद रहे।

### महिला आयोग की अध्यक्ष का तालबेहट में हुआ आत्मीय स्वागत



**महिला सशक्तिकरण पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**

**तालबेहट।** महाराजा मर्दन सिंह की ऐतिहासिक नगरी तालबेहट में शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान का पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। आगमन पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता सोनी एवं महिला मंडल की सदस्यों ने उन्हें बुके भेंट कर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. चौहान ने महिला सशक्तिकरण, न्याय और उनके अधिकारों की रक्षा हेतु आयोग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल का भी बुके भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में जिला महामंत्री महिला मोर्चा रुचिका बुंदेला, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा लक्ष्मी शर्मा, प्रधान तुर्का कु. पूजा रायकवार (एड.), आदर्श ग्राम पवा की पूर्व प्रधान ज्योति मिश्रा, पार्षद अर्चना सोनी, पार्षद सीमा पारिया, भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यालय प्रभारी कु. प्रियांशी चतुर्वेदी, नूतन लिटोरिया, किरण शिवहरे सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पिता संदिग्ध हालात में घायल मिला

**पुत्र ने प्रकरण की जांच कराये जाने की उठायी मांग**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम भरतपुरा निवासी भूपेंद्र पुत्र फूल सिंह सहरिया ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को कलेक्ट्रेट सभागार में एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने बताया कि उनके पिता फूल सिंह ग्राम डोंगरा कलां में सफाई कर्मी पद पर कार्यरत हैं, जिसके एवज में उन्हें केनरा बैंक के खाते में मासिक पारिश्रमिक प्राप्त होता है। उनके पिता के लिए नेहरू नगर निवासी एक दो लोगों द्वारा करीब तीन-चार साल पहले 70 हजार रुपया उधार लिया गया था, जिस कारण उक्त व्यक्तियों द्वारा उनके पिता की पासबुक, एटीएम, चेक बुक अपने पास रखे हुये हैं और कहा गया कि वेतन की राशि आने पर उक्त राशि निकाली जायेगी, उधार पूरा होने के बाद उक्त दस्तावेज वापस किये जायेंगे। आरोप है कि उसके पिता की एटीएम, पासबुक व चेक बुक से लगातार राशि की निकासी की जा रही है। आरोप है कि 29 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे उसके पिता ने मां के लिए फोन कर बताया कि वह कागजात लेने उक्त लोगों के पास जा रहा है, लेकिन उसके बाद पिता घर वापस नहीं आये। शाम करीब 7 बजे उन्हें फोन आया कि उसके पिता जिला अस्पताल में भर्ती हैं, उन्हें चोटें आयीं हैं, जिस पर वह अपनी मां को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां जाकर देखा कि उनके पिता की हालत काफी खराब थी, जिसके बाद उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया, जहां से उसके पिता को भोपाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुयी है। पीड़ित ने उक्त दस्तावेज वापस दिलाये जाने और कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# उत्तर प्रदेश सरकार नारी सुरक्षा व स्वावलंबन के लिए है समर्पितः अध्यक्षा, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग

**●महिला उत्पीड़न की घटनाओं में त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजे जायेंगे अपराधीः डॉ0 बबीता सिंह चौहान**

**आज जन्मी कन्याएं, कल देश की कमान संभालेंगी, इनका अच्छे से पालन पोषण करें**

**महिला एवं बाल विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं हैं संचालित**

**महिला जनसुनवाई कर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के दिये निर्देश**

**महिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य सेवाएं**

**प्रसूताओं से लिया चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक**

**अन्नप्राशन, गोद भराई व कन्या जन्मोत्सव में किया प्रतिभाग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित गति से निस्तारित करने के लिए गंभीर है, इसकी बानगी आज शनिवार को राजधानी से दूरस्त व पिछड़े जनपद ललितपुर में देखने को मिली, जहां जनपद में एक तरफ सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत तहसील सदर में कमिश्नर, डीएम व एसपी जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को निस्तारित करा रहे थे, वहीं दूसरी तरफ उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त डॉ बबीता सिंह चौहान अपने सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में प्रभावी जनसुनवाई कर जनपद की महिलाओं की समस्याओं को निस्तारित करा रही थीं।

अध्यक्षा डॉ बबीता सिंह चौहान अपने दो दिवसीय निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः ललितपुर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भेंटवार्ता कर कलैक्ट्रेट सभगार में मुख्य विकास अधिकारी सहित प्रमुख विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें जनपद की महिलाओं की दशा व दिशा तथा उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के बारे में सम्बंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिला अपराधों के प्रति बेहद गंभीर है, महिला उत्पीड़न के मामलों में दोषियों को त्वरित कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल से नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति को जाना, जिसमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 55 हजार से अधिक कन्याओं को लाभान्वित किया गया है, इसी प्रकार से निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, निराश्रित महिला पुनर्विवाह, दहेज उत्पीड़न महिला को आर्थिक एवं कानूनी सहायता, घरेलू महिला हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिग उत्पीड़न, जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति सहित अन्य सभी योजनाओं में संतोषजनक प्रगति पायी गई।

घरेलु हिंसा व नारी सुरक्षा के सम्बंध में पुलिस अधिकारियों से एक माह आने वाले प्रकरणों के बारे में पूछा, जिस पर बताया गया कि प्रत्येक माह 60 से 70 प्रकरण दर्ज होते हैं, इस पर उन्होंने क्षेत्राधिकारी व महिला थाना प्रभारी को निर्देश दिये कि महिला सम्बंधी शिकायतों को गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें।

सामान्य जनसुनवाई में कुल 44 प्रकरण आये, जिनमें मुख्य रुप से घरेलू हिंसा, भूमि संबंधी विवाद, मारपीट, राशन कार्ड, आर्थिक सहायता आदि शामिल रहे, जिन पर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई के दौरान दावनी निवासी छक्कू निवासी दावनी ने अपने पिता की जमीन पर वरासत दर्ज न होने की शिकायत की, जिस पर उप जिलाधिकारी ललितपुर को मौका मुआयना कराकर वरासत दर्ज कराने के निर्देश दिये गए।

आजादपुरा निवासी बलराम कुशवाहा ने विपक्षियों द्वारा प्लाट पर जबरन कब्जा



करने की शिकायत की, जिस पर पुलिस, राजस्व व नगर पालिका के अधिकारियों की टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गए। शहर के तलैयापुरा निवासी संगीता ने अन्त्योदय राशन कार्ड जारी करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर अध्यक्षा ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत विभाग के अधीन ग्राम डोंगराकलां में सफाईकर्मी के पद पर तैनात फूलसिंह सहरिया के पुत्र भूपेन्द्र ने अपनी मॉ के साथ शिकायत की कि विपक्षी कनछेदी से मात्र 70 हजार रुपए लेने पर विपक्षी द्वारा उसके पिता की पासबुक, एटीएम व चेकबुक अपने कब्जे में ले रखा है व प्रत्येक माह पूरी तन्ख्वा निकाल लेता है और मारपीट की, जिससे पिता की मृत्यु हो गई है, शिकायतकर्ता ने विपक्षी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई, इस पर पुलिस अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये, वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी को मृतक आश्रित कोटे से मृत कर्मचारी के पुत्र को एक माह के भीतर नियुक्ति दिलायें ताकि उनके घर का भरण-पोषण हो सके। आजादपुरा निवासी फूलचन्द्र कुशवाहा ने मोहल्ले के कुछ व्यक्तियों द्वारा उनकी खाली जमीन पर लकड़ी का डब्बा रखकर अवैध कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर शहर के पुलिस अधिकारियों को स्थल पर जाकर समस्या का निस्तारण कराने के निर्देश दिये गए।

तालबेहट निवासी अनीता ने विपक्षियों द्वारा प्लाट पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की, जिस पर अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी अनेकों महिलाओं ने संयुक्त रुप से प्रार्थना पत्र देकर आवारा पशुओं व कुत्तों से निजात दिलाने की मांग की, जिस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को समस्या का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गए। अध्यक्षा ने समीक्षा बैठक के पूर्व जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर वहां महिलाओं के लिए दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया, उन्होंने प्रसूताओं व तीमारदारों से वार्ता कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और पूछा कि उनसे कोई अवैध धन की मांग तो नहीं की गई। निरीक्षण के दौरान अवैध धन लेने सम्बंधी कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं आया, तीमारदारों ने बताया कि उनके मरीजों को अच्छा उपचार दिया जा रहा है, चिकित्सालय की व्यवस्थाएं ठीक हैं, समय पर भोजन, दवाएं व चिकित्सक आते हैं। उन्हें चिकित्सालय के भीतर से ही दवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। यहां पर इमरजेंसी में चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद था एवं कुछ प्रसूताएं भी उपस्थित थीं, जिन्हें चिकित्सकों के द्वारा अटेंड किया जा रहा था। मौके पर निर्देश दिये कि गए चिकित्सालय में समुचित साफ-सफाई, शौचालयों का रखरखाव व मरीजों की देखभाल अच्छे से की जाए। सर्दी को देखते हुए मरीजों को कम्बल भी उपलब्ध कराये जायें और सम्भव हो तो हीटर की व्यवस्था भी करायी जाए।

इसके उपरान्त अध्यक्षा ने महिला चिकित्सालय में ही आयोजित गोद भराई, अन्न प्रासन एवं कन्या जन्मोत्सव में प्रतिभाग किया, उन्होंने नवजात कन्याओं व माताओं को पोषण टोकरी, मिष्ठान व उपहार प्रदान किये और महिलाओं की गोद भराई भी करायी। उन्होंने कहा कि नारी समाज का गर्व है, नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, नारी देश के विकास में आज बढ़चढ़ कर सहयोग कर रही है, आज जन्मी कन्याएं कल देश की कमान संभालेंगी, इनका लालन-पालन अच्छे से करें। सरकार द्वारा कन्याओं के लिए अनेकों योजनाएं चलायी जा रही हैं, उनका लाभ लें और इनके लिए एक सुनहरा भविष्य बनायें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक घनश्याम भारतीय, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, महिला थानाध्यक्ष स्वाती शुक्ला, अपना दल प्रदेश सचिव ज्वाला पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**● जिला न्यायालय परिसर में हुई विचार गोष्ठी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** भारत रत्न संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा डा.अंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के महान पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष, आत्मसम्मान और शिक्षा का संदेश देता है। उन्होंने भारत को समानता और अधिकारों का मजबूत आधार दिया। आज हमें उनके विचारों को व्यवहार में अपनाने की आवश्यकता है। इस दौरान विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा बाबा साहेब ने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता निश्चित है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। शिक्षा उनका सबसे बड़ा हथियार था और आज भी वही समाज को प्रगति की राह दिखा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल सिंह लोधी ने कहा डा.अंबेडकर ने सामाजिक समानता की जो नींव रखी, वह आज भी हमारे लोकतंत्र की सबसे मजबूत कड़ी है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जातिवाद और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। आज जरूरत है कि हम उनके सिद्धांतों पर चलकर समाज को एकता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाएं। वहीं जानकी प्रसाद बौद्ध ने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब के विचार केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा था कि कोई भी समाज तब तक महान नहीं बन सकता जब तक वह अपने कमजोर वर्गो को सम्मान और अवसर नहीं देता। महापरिनिर्वाण दिवस हम सबके लिए सिर्फ़ स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का दिन होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर डा.अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान अशोक कुमार त्रिपाठी एड., ओमप्रकाश घोष एड., जगदीश सिंह लोधी एड., हरदयाल सिंह लोधी एड., अंकित जैन एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकीप्रसाद बौद्ध एड., महेंद्र कुमार पाराशर एड., रवि श्रीवास्तव एड., मुकेश कटारे एड., अवतार लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., विकास झा एड., आकाश झा (गोल्डी) एड., अशोक कुमार वर्मा एड., अखिलेश राय एड., अमित दरोनिया एड., कैलाशनारायण लोधी एड., नंदकिशोर कुशवाहा एड., अभिषेक जैन एड., अजय राजपूत एड., कमलेश कुशवाहा, अनुराग लोधी, गजराम लोधी, भूपेंद्र यादव एड., निहाल लोधी एड., शिववर्ण सिंह लोधी एड., लोकेश निषाद एड., रानू विदुआ एड., अंगद राजपूत एड., शैलेन्द्र लोधी, राजकुमार जैन आदि उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं और नागरिकों ने उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# एसआईआर- तहसील ने समय से किया लक्ष्य हासिल

**●एसडीएम ने सुपरवाइजरों को किया सम्मानित**

**बेहतरीन कार्य करने वाले सभी बीएलओ होंगे सम्मानित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महरौनी।** हसील महरौनी में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर शुक्रवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई द्वारा एस आई आर में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सुपरवाइजरों,राजस्व निरीक्षक, लेखपाल सहित सभी संबंधित कार्मिकों को सम्मानित किया गया। उपजिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए समर्पित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए टीम ने जिस जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य किया है, वह प्रशंसनीय है। शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण होना टीम भावना, समन्वय और समयबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से न केवल प्रशासन के कार्य संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भी मजबूती मिली है। उपजिलाधिकारी ने सभी को हार्दिक बधाई देते हुए आगे भी इसी प्रकार दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्मिकों ने SIR-2026 के सफल समापन पर गर्व एवं प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान सुपरवाइजर अनुज दीक्षित, महेश तिवारी, मनोज शर्मा, शिवम पांडे मुकेश नायक, अशोक तिवारी, लाल बहादुर, प्रदीप मिश्रा, नीरज द्विवेदी, अरविंद चतुर्वेदी, हरगोविंद, जितेंद्र नागल, राजेंद्र सिंह, प्रियंक जैन,चरण सिंह, डाटा इंट्री ऑपरेटर इलेक्शन कुणाल बाबू, मुन्नीलाल बाबू तथा रामदीन बाबू सहित बड़ी संख्या में बी एल ओ एवं तहसील के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एक नजर में तहसील**

तहसील महरौनी अंतर्गत कुल 180,431 मतदाता हैं द्य इनके लिए 197 बी एल ओ तथा 20 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं शुक्रवार को महरौनी का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है।

# दोष सिद्ध होने के बाद महिला ने किया विषाक्त का सेवन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** न्यायालय में एक हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एक महिला आरोपी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां से उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यह घटना अपर जिला सत्र न्यायालय (एससीएसटी एक्ट स्पेशल न्यायालय) में हुई। न्यायालय ने महिला के बेटे, बेटी सहित चार अन्य आरोपियों को भी जेल भेज दिया है। यह मामला 2 साल पहले 17 सितंबर को कोतवाली सदर क्षेत्र के नेहरू नगर मोहल्ले में युवक किशन की हत्या से संबंधित है। इस मामले में गेंदा बाई (60), उसकी बेटी अशर्फी, बेटा बबलू, सुरेंद्र और द्रोपाल आरोपी थे। सुनवाई के दौरान जब आरोपियों पर दोष सिद्ध हो गया और न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने के निर्देश दिए, तभी आरोपी महिला गेंदा बाई ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। आरोपी पक्ष के अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हत्या के मामले में सुनवाई के दौरान आरोप सिद्ध होने पर महिला सहित सभी पांचों आरोपियों को कस्टडी में लेने के निर्देश दिए गए थे। इसी दौरान गेंदा बाई ने किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला गेंदा बाई ने स्वयं बताया कि वह न्यायालय में सल्फास की गोलियां ले गई थी और उसने उन्हीं गोलियों का सेवन किया है। बता दें दो साल पहले कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर नैंसी गार्डन के पीछे निवासी किशन (22) पुत्र पन्नालाल अहिरवार के साथ 17 सितम्बर 2023 की रात 9 बजे की है। मोहल्ले के ही निवासी दो महिलाओं सहित 6 से अधिक लोगों ने उसके साथ बेरहमी से लाठी डंडों से मारपीट की थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, लोगों ने उसे घायल पड़ा देखा तो 108 एम्बुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा था। जहां देर रात उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

# गूंज उठा आदिवासियों का दर्द : भूमाफियाओं के कब्जे के खिलाफ समाधान दिवस पर फूटा आक्रोश

**●आदिवासी परिवारों ने भूमि के अवैध कब्ज़े के खिलाफ रखा धरना–प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की माँग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद के पनारी गांव में वर्षो से अपनी ही पैतृक भूमि पर गुंडागर्दी और प्रशासनिक उदासीनता का दर्द झेल रहे गरीब आदिवासी परिवारों का सब्र अब टूट चुका है। शुक्रवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर इन पीड़ित आदिवासी परिवारों ने खंड शिक्षा अधिकारियों व जिला प्रशासन को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे को हटाने और न्याय दिलाने की मांग की।

प्रार्थीगणों ने ज्ञापन में बताया कि वे पीढ़ियों से गांव पनारी की भूमि पर खेती करके अपने छोटे-छोटे बच्चों का भरण-पोषण करते आए हैं। राजस्व अभिलेखों में उनकी खातेदारी दर्ज है और वे किसी प्रकार की अवैध गतिविधि में लिप्त नहीं हैं। इसके बावजूद विपक्षी भूमाफिया– समाजवादी पार्टी से जुड़े प्रभावशाली परिवार व उनके सहयोगियों द्वारा सरकारी भूमि सहित आदिवासियों की पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया गया है।

आरोप है कि विपक्षी पक्ष गुंडों के बल पर आदिवासियों को लगातार धमकाते हुए खेती-किसानी रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ हिस्सों पर अवैध निर्माण करके स्थायी कब्जा स्थापित कर लिया गया है।

पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने वर्षों से थाना पुलिस से लेकर एसडीएम, तहसील प्रशासन और जिला स्तर के अधिकारियों तक दर्जनों बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई।

जब भी मौके पर आदिवासी अपने खेतों में जाते हैं, तो विरोधी पक्ष लाठी-डंडों से महिलाओं तक को धमकाने पहुंच जाता है। बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन द्वारा कार्रवाई न होने से गरीब परिवार ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि विपक्षी जबरन कब्जा कर न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं बल्कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों का हनन भी कर रहे हैं। इसलिए प्रशासन से मांग की गई कि भूमि पर से तत्काल कब्जा हटाकर आदिवासियों को वापिस दिलाई जाए, विपक्षियों पर स्ट्/स्ज्ञ एक्ट, एंटी भू-माफिया एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट में मामले दर्ज किए जाएं, भूमाफिया गिरोह की अवैध दबंगई का संज्ञान लेते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी देते हुये बताया कि न्याय न मिला तो लखनऊ में लड़ेंगे आखिरी लड़ाई ज्ञापन में एक बड़ी चेतावनी भी दर्ज है– यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो सभी आदिवासी परिवार लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास के बाहर सामूहिक आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। इसके लिए प्रशासन और पुलिस जिम्मेदार होगी। यह चेतावनी प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

प्रार्थीगणों ने अपनी भूमि के आराजी नंबरों और क्षेत्रफल का पूरा ब्योरा प्रशासन को सौंपते हुए बताया कि–

ग्राम सभा भूमि संख्या 1730 मि/0.344 हे0.1730 मि/0.231 हे.1744/0.267 हे.1894/0178 हे.1895/0.109 हे0.1896/0.308 हे.1898/0.466हे0.1815/1/2-0.425हे0 कुल 2.271 हेक्टेयर (लगभग 5.50 एकड़) भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा जबरन कब्ज़ा किया गया है।

पीड़ितों ने कहा 'हम गरीब आदिवासी हैं, हमारी पुश्तैनी जमीन पर ही हमें रहने और जीने का अधिकार है। लेकिन दबंग लोग हमारी जमीन हड़पने में लगे हैं और हमारी आवाज को दबाया जा रहा है।'

जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में वर्षों से चल रहे इस विवाद पर अब तक कोई ठोस कदम न उठाया जाना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। यदि प्रशासन ने पहले ही कड़े कदम उठाए होते तो स्थिति यहां तक नहीं पहुंचती। पीड़ितों ने कहा कि वे हिंसा में विश्वास नहीं रखते, कानून और लोकतंत्र की व्यवस्था पर विश्वास रखते हैं, लेकिन जब न्याय ही नहीं मिलेगा तो विवशता में उन्हें अपनी जान जोखिम में डालकर भी आवाज उठानी पड़ेगी।

मांग पूरी न होने पर बड़ा आंदोलन तय आदिवासी समुदाय अब जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा कर रहा है। उन्होंने चेताया कि– अधिकार नहीं मिला तो आंदोलन बड़ा होगा। अब हम पीछे नहीं हटने वाले।

# शहीद महोत्सव का हुआ शुभारंभ, वीर सैनिकों का हुआ सम्मान

**●शहीद राजेंद्र शुक्ल की स्मृति में गूंजी देशभक्ति**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**महरौनी।** अमर शहीद राजेंद्र शुक्ल की स्मृति में आयोजित शहीद महोत्सव देशभक्ति के उल्लास और भावनात्मक वातावरण के बीच भव्य रूप से शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव रहे। उन्होंने मां सरस्वती एवं शहीद राजेंद्र शुक्ल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत बड़ौनियां एवं मुख्य अतिथि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच से भारत माता की जय और शहीद अमर रहे के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा।

महोत्सव के दौरान भूतपूर्व सैनिकों एवं वर्तमान में भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे जवानों को सम्मानित किया गया, जिससे पूरा जनसमूह भाव-विभोर हो गया। सम्मानित किए गए सैनिकों में भूतपूर्व सैनिक पुष्पेंद्र सिंह, हरपाल सिंह तथा वर्तमान में सेना में सेवारत धवारी के अर्जुन सिंह शामिल रहे। सैनिकों को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके राष्ट्रसेवा के योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने लगातार तालियों की गड़गड़ाहट के साथ वीरों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में नगर के विविध संस्थाओं और समाज के प्रमुख लोगों की उपस्थिति रही, जिससे समारोह की गरिमा कई गुना बढ़ गई। जिनमें ठाकुर धीरज सिंह सिकरवार, प्रदीप पाठक, राजेश श्रीवास्तव, कैलाश नारायण तिवारी, ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह, बृजेश रिछारिया, दीपक तिवारी, संजय भौड़ेले, सचिन सोनी, जय हिन्द सिंघई, सतीश सिंघई, सुमित मिठया, पवन पटैरिया, बृजेश नायक, श्रीराम रैकवार, उमेश कुशवाहा, भरत कुशवाहा, राजू पेंटर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक सम्मिलित रहे। सबने एक स्वर में कहा कि शहीदों की यह स्मृति आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित और कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी। शहीद महोत्सव के अंतर्गत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी शुभारंभ किया गया, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य और कविताओं ने उपस्थित जनसमूह को रोमांचित कर दिया। मंच से वीरों की गाथाओं का वर्णन और शहादत का संदेश सुनते हुए लोग प्रेरणा और उत्साह से ओतप्रोत दिखाई दिए। संचालन पीयूष शुक्ला 'गोलू' द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष रमेश पाठक के निधन पर शोक सभा आयोजित



**प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन प्रतापगढ़ के महत्वपूर्ण नेताओं ने समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश पाठक के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने की।श्रद्धांजलि सभा में इण्डिया गठबंधन के नेता एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश पाठक के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई इण्डिया गठबंधन के जिला संयोजक डॉ.महेन्द्र दूबे एवं इंडिया गठबंधन के सह संयोजक सीपीआई नेता महराजदीन ने गहरा शोक व्यक्त करते हुये कहा कि रमेश पाठक के असमय मृत्यु से हम सभी को गहरा आघात लगा है।अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि रमेश पाठक समाजवादी विचारधारा के बेहतरीन नेता एवं एक अच्छे इंसान थे। उन्होंने जनहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किये जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है।श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सपा शेर बहादुर यादव, जिला पंचायत सदस्य संतोष यादव, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, रहमान नेता, जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल, शिवम द्विवेदी,पिछड़ा वर्ग विभाग के नगर अध्यक्ष मो. ईदरिशी, जिला सचिव धर्म राज सिंह,जिला सचिव आशिक अली, नगर सचिव अबू शमा, फरहान प्रतापगढ़ी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### एकदिवसीय कृषि निवेश मेला आयोजित

**भटनी, देवरिया।** कृषि उत्पादन में वृद्धि और किसानों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश गोष्ठी का आयोजन विकास खंड प्रांगण, भटनी में सम्पन्न हुआ। मेले में कृषि निवेश, सूचना तंत्र में सुधार और कृषि से संबंधित योजनाओं व तकनीकों के प्रति किसानों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि रामेश्वर पाण्डेय ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है तथा उत्तर प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर करती है। ऐसे में किसानों के हित में आयोजित यह मेला अत्यंत उपयोगी साबित होगा। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ किसानों तक पहुँचाना ही इस मेले का प्रमुख उद्देश्य है। सहायक विकास अधिकारी कृषि आशीष गुप्ता ने किसानों को कृषि ऋण, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना समेत अन्य योजनाओं की उपयोगिता बताई। साथ ही बीज एवं भूमि शोधन केंद्र की स्थापना की आवश्यकता पर भी बल दिया। गोष्ठी को सुरेश चंद्र वर्मा, फूलचंद्र निषाद, शिवशरण मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मिश्र ने किया। कार्यक्रम में वकील यादव, संतोष कुमार सैनी, भास्कर चौहान, अभिषेक चौहान, रामदयाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### विधान परिषद संसदीय अध्ययन समिति ने की विभागवार समीक्षा

**देवरिया ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति ने विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जनपद के विभिन्न विभागों की योजनाओं, प्रगति व लंबित आवेदनों के निस्तारण की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने की। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सभापति का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया। बैठक में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पंचायती राज, सिंचाई, विद्युत, बेसिक शिक्षा, कृषि, पूर्ति, पशुपालन, चकबंदी आदि विभागों द्वारा किए गए कार्यों और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर हुई कार्रवाई की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभापति कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और जानकारी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए। कहा कि अगली बैठक में विभाग 2022-2025 की अवधि के पत्रों की संख्या, निस्तारण की प्रगति और सदस्यों को अवगत कराने की स्थिति के साथ पूर्ण तैयारी से उपस्थित हों। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि समिति के निर्देशों का पालन कराया जाएगा। बैठक में समिति सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक संजय सुमन, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील पट्टी में सुनी शिकायतें, 10 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**● डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डीएम व एसपी ने दी श्रद्धांजलि**

**शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से करायें-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**प्रतापगढ़।** डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर तहसील पट्टी में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा व अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर मार्ल्यापण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरान्त जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील पट्टी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पट्टी तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 182 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 182 शिकायतों में से 88 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 28, विकास विभाग से 26, समाज कल्याण से 05, शिक्षा से 03, स्वास्थ्य से 02 एवं 30 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पीने के पानी की किल्लत से अवगत कराया। जिस पर डीएम ने ईओ पट्टी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द रिबोर कराकर हैण्डपम्प को दुरूस्त करायें और इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायें। तहसील परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी नियमित करायी जाय। शिकायतकर्ता रमाकान्त चौरसिया निवासी लखनीपुर पोस्ट सैफाबाद की बिना रीडिंग बिजली बिल की शिकायत पर विद्युत अवर अभियन्ता द्वारा मौके पर विद्युत मीटर जांच किया गया और रिपोर्ट विद्युत कार्यालय में प्रेषित किया है ।विद्युत बिल का संशोधन एसडीओ आसपुर देवसरा द्वारा किया जाना है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर यथाशीघ्र शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता वन्दना शर्मा निवासी बाभनपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने फरवरी माह में ही राशन कार्ड कट जाने की दशा में पुनः आनलाइन करवा कर समस्त कार्यवाही पूर्ण करके सप्लाई इन्सपेक्टर आसपुर देवसरा के कार्यालय में भाग दौड़ कर रहा है, किन्तु प्रार्थी का फार्म जमा नहीं किया जा रहा है। जिस पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि परीक्षण कराकर शिकायत का निस्तारण जल्द से जल्द करायें।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### वी पैक्स सचिव को मारने पीटने के मामले में केस दर्ज



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के वी पैक्स सहकारी समिति डोहरिया खुर्द में तैनात सचिव शेषराम यादव ने शोहरतगढ़ पुलिस को तहरीर दिया है । जिसमें उन्होंने कहा कि 5 दिसंबर 2025 को हम यूरिया खाद ट्रक से उतरवा रहे थे कि इसी बीच सेमरा गांव निवासी राजन पुत्र चिनका अपने तीन साथियों के साथ दोपहर लगभग 12, बजे आए और दस बोरी यूरिया मांगने लगे जब मेरे द्वारा कहा गया कि कल मिलेगा। इतने में आग बबूला होकर सभी लोग हमें मारने पीटने लगे जिससे हमारे पैर ,सिर एवं आंख में गंभीर चोट लगी और जाते वक्त जान से मारने की धमकी दिए। सचिव ने पुलिस पर आरोप लगाया की। तहरीर देने के बावजूद शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा 5 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इस मामले को लेकर सिद्धार्थनगर के वी पैक्स के सचिवों का एक प्रतिनिधिमंडल शोहरतगढ़ थाना पहुंचा। इस संबन्ध में प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह का कहना है केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## डॉ0 भीमराव अंबेडकर भारतीय लोकतंत्र की महत्वपूर्ण नींव हैं -डॉ नीरज त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ द्वारा शनिवार को संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, अम्बेडकर चौराहा पर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने किया।उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संघर्ष, समर्पण एवं राष्ट्र-निर्माण में उनका योगदान भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण नींव है। उनका संविधान दृष्टिकोण और सामाजिक न्याय का संदेश आज भी हम सभी के लिए मार्गदर्शक है।अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए जो आंदोलन खड़ा किया, वह हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस पार्टी उनके बताये मार्ग पर चलने के लिए संकल्पित है।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, रहमान नेता, जिला महासचिव अंजली उपाध्याय, जिला महासचिव चन्द्रनाथ शुक्ल, पिछड़ा वर्ग विभाग के नगर अध्यक्ष मो. ईदरिशी, जिला सचिव धर्म राज सिंह,जिला सचिव आशिक अली, नगर सचिव अबू शमा, फरहान प्रतापगढ़ी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को पुण्यतिथि पर किया याद

**●एसआईआर को लेकर युद्ध स्तर पर जुटे कार्यकर्ता,भाजपा की संविधान खत्म करने की साजिश को करेंगे नाकाम - हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने की। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं मासिक बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि आज बाबासाहब के परिनिर्वाण दिवस पर हम सबको संकल्प लेना होगा कि हम सब उनके आदर्शों पर चलते हुए संविधान को खत्म करने की भारतीय जनता पार्टी की साज़िश को नाकाम करेंगे एवं वोट चोरी कर जो भाजपा पिछड़े दलितों एवं अल्पसंख्यकों का वोट छीनने का जो मंसूबा है उसे कभी कामयाब नहीं होने देंगे उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सबको युद्ध स्तर पर जुटकर एसआईआर में जो समय सीमा शेष है एवं जो फॉर्म अभी नहीं भरे हैं या जमा नही कर पाएं हैं उनका काम जल्द से जल्द करवाना है एवं असली कार्य मतदाता सूची के प्रकाशन है एवं ड्राफ्ट रोल में भी कार्य करने का होगा हम सबको मेहनत करके आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को किसी भी हाल में मुख्यमंत्री बनाना है उसके लिए हमे एसआईआर में पूरी तरह से लगना है जो भी वोट शिफ्ट,ऐपसेंट या मृतक हैं उन्हें भी चिन्हित करना है अंत में कहा कि वह वोट चोरी करके भाजपा को जो सरकार बनाने का मंसूबा है हम उसे कभी भी पूरा नहीं होने देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रुप से महासचिव बंटी सेंगर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,कोषाध्यक्ष नंदलाल जयसवाल, प्रवक्ता रजत मिश्रा,फखरे आलम, सत्यनारायण गहरवार, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह,दीपक खोटे, शादाब आलम, अर्पित त्रिवेदी,अरमान खान,रमेश यादव, शिवकुमार बाल्मिक,के के मिश्रा,मुमताज मंसूरी, विनय गुप्ता,जफरुल हसन, अजय श्रीवास्तव,नीरज गुप्ता,तुषार श्रीवास्तव, आलोक यादव, मोहत्सिम हलीम, गोपाल ठाकुर, हेमंत गुप्ता, चंदी गुप्ता, शीतला चरण वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में छिनैती के अभियोग से संबंधित घायल अभियुक्त घायल गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** रात्रि में घर लौटते समय बुधवार को जीजीआईसी कॉलेज के सामने महिला का मोबाइल एक अज्ञात बाइक सवार ने छीन लिया। जिससे उनका संतुलन बिगड़ने पर वह गिर पड़ी और घायल हो गई ।प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर धारा 304 बीएनएस में अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त एवं गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में शनिवार को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा करौन्दी पुल के पास पूरे ईश्वर नाथ में चेकिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में छिनैती के अभियोग से संबंधित शातिर अभियुक्त अरविन्द कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम सुन्दर विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सहीजनपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ के दोनो पैर में गोली लगी और गिरफ्तार किया गया। घायल अभियुक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की गई।अभियुक्त के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन वीवो व 01 तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुआ।

### कानपुर में डॉ अंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर प्रतिमा पर माल्यार्पण



**कानपुर नगर।** कानपुर के नरवल तहसील क्षेत्र अंतर्गत डोमनपुर मजरा अलावलखेडा गांव में महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया,इस दौरान पुरवा मीर चौकी प्रभारी इम्तियाज अहमद ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब के आदर्शों पर प्रकाश डाला, समाजसेवी मनीष ने बताया कि भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि को हर वर्ष 06 दिसम्बर को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है, डॉ अम्बेडकर का निधन 1956 में इसी दिन हुआ था,यह दिवस संविधान के रचयिता और दलितों के मसीहा ,बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की परिवर्तन कारी विरासत को श्रद्धांजलि देने के लिए महत्वपूर्ण है अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि महापरिनिर्वाण दिवस बाबा साहेब के भारत के लिए दिए गए योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है,इस अवसर पर क्रष्णा भार्गव, एस आई, फरमूद अली दीवान, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पत्नी की बेवफाई में मासूम बेटे का कातिल बाप गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** पत्नी के आशिक को फर्जी मुकदमे में फंसाने के लिए निर्दयी क्रूर बाप ने अपने ही 07 वर्षीय मासूम पुत्र को पटक-पटक कर मार डाला। पत्नी की बेवफाई की सजा पति ने अपने छोटे बेटे को दिया क्योंकि वह छोटे बेटे को दूसरे की औलाद समझता था और बड़े बेटे को अपनी औलाद समझता था। वाकया अंतू थाना के चौबेपुर गांव का है जहां 30 नवंबर को बाबू लाल वर्मा का सात वर्षीय बालक शादी समारोह में गया लेकिन घर वापस नहीं लौटा।सुबह अधमरा हालत में खेत में मिला जहां से अस्पताल ले जाया गया लेकिन डाक्टरों ने उसे मरा घोषित कर दिया।पुलिस शव को पीएम के लिये भेज दिया।कातिल बाप आडंबर कर पुलिस समेत सभी को गुमराह कर रहा था।मृतक बालक के बाबा की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दिया।पुलिस जांच में पिता बाबू लाल वर्मा ही बालक का कातिल निकला।बाबू लाल वर्मा पत्नी की बेवफाई की सजा उसके आशिक को देने के लिए अपने ही मासूम 07 वर्षीय बालक की क्रूरता से पीट-पीट कर आशिक को फंसाने की फिराक में उसकी हत्या कर दिया। कातिल बड़े बेटे की मोह में उससे मिलने आया और घात लगाये बैठी पुलिस ने बाप को दबोच लिया।एसएचओ आनंद पाल सिंह और इंस्पेक्टर विनोद यादव तथा विशेष टीम इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह की सूझ बूझ और साक्ष्य संकलन से हत्या मामले का सफल अनावरण किया गया है और सबसे बड़ी बात कोई बेगुनाह फंसने से बच गया।पुलिस ने कातिल बाप बाबू लाल वर्मा की निशानदेही पर खून लगे कपड़े शर्ट और एक टीशर्ट व एक जोड़ी जूते बरामद किया है। हत्यारे बाप को जेल की सलाखों में भेज दिया गया।

# डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी ब्रेन रेन 4 का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल, एनयूपीपीएल टाउनशिप में आज विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्रों ने रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में कक्षाओं पाँच से लेकर कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक ट्रेन, स्कलेटर, डेंसिटी एक्सपेरिमेंट, जल शोधन, सौर ऊर्जा, मानव शरीर की संरचना,ड्रोन,मैगलेव ट्रेन जैसे अनेक विषयों पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर ने बच्चों के उत्साह और वैज्ञानिक जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रयोगशीलता, शोध-भावना और तर्कसंगत सोच को प्रोत्साहित करते हैं।वहीं डीजीएम एचआर एनयूपीपीएल कौशिक भर ने भी छात्रों के बनाए मॉडल्स की भरपूर सराहना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने दर्शकों को अपने प्रोजेक्ट्स का वैज्ञानिक आधार सरल भाषा में समझाया, जिससे प्रदर्शनी को अत्यधिक सराहना मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु नवीन सोच विकसित करना था। प्रदर्शनी के सफल संचालन में सभी शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा।

## कानपुर बोट क्लब फिर गुलजारः रोमांच और आस्था का संगम सोमवार से शुरू

**●वर्षा काल के बाद तैयारियां पूरी, पहली बार मैदानी यूपी में पैरासेलिंग की सुविधा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** लंबे विराम के बाद कानपुर बोट क्लब एक बार फिर गतिविधियों से सराबोर होने जा रहा है। वर्षाकाल में बंद रही बोटिंग सोमवार, 9 दिसंबर से दोबारा शुरू होगी। संचालन से पहले आज प्रशासनिक सचिव व एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार और सचिव, जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बोट क्लब का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के बाद एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि वर्षा काल मे 15 जून से 15 अक्टूबर तक बोटिंग प्रतिबंधित रहती है। अब सुरक्षा मानकों की पुष्टि के बाद सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि बोट क्लब शहर में रोमांच पर्यटन का नया केंद्र बन रहा है। सामान्यतः ऐसी गतिविधियां समुद्री तटों या टिहरी लेक जैसे स्थलों पर मिलती हैं, लेकिन अब यही अनुभव कानपुर में उपलब्ध है। गंगा आरती, बैराज क्षेत्र की प्रकाश आभा और विविध बोट राइड्स आगंतुकों के लिए आस्था और एडवेंचर का अनूठा मिश्रण पेश करेंगी। बोट क्लब संचालक जे टी फैसिलिटीज़ एवं जसपाल राणा कंपनी के शीशपाल कठैत और वसीम शेख ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्र में पहली बार पैरासेलिंग की सुविधा यहां शुरू हो रही है। इसके साथ ही जेट-स्की, पैंटून बोट, मोटर बोट, स्पीड बोट और बनाना राइड जैसे आकर्षण भी तैयार हैं। कैफेटेरिया से सूर्योदय-सूर्यास्त का दृश्य और गंगा तट का वातावरण आगंतुकों को विशेष अनुभव देगा।

### तालबेहट में मारपीट और धमकी का मुकदमा दर्ज

**खेत से बजरी से भरे ट्रैक्टर को निकालने को लेकर हुआ विवाद**

**तालबेहट।** क्षेत्र के ग्राम खाँदी मजरा गनेशपुरा में खेत से बजरी से भरा ट्रैक्टर निकालने को लेकर हुए विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित अरविंद गिरी पुत्र मथुरा प्रसाद (उम्र 37 वर्ष) निवासी खाँदी मजरा गनेशपुरा ने थाना तालबेहट में तहरीर देकर तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित के अनुसार, 6 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे वह अपने खेत पर मौजूद था। उसी दौरान गांव के ही वीरपाल यादव, शिशुपाल यादव और राजपाल यादव पुत्रगण श्रीराम यादव उसके खेत से बजरी से भरा ट्रैक्टर निकाल रहे थे। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिवारीजन मौके पर पहुंचे और पीड़ित को बचाया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## दिव्यांगजन के लिए लगा विशेष कैम्प, 41 यूडीआईडी कार्ड मौके पर बने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** सदर तहसील के मर्चेंट चैंबर सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश पर दिव्यांगजन के लिए विशेष कैम्प संचालित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के अनुसार कैम्प में चिकित्सा, पूर्ति, राजस्व तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही और समस्त कार्यवाही को मौके पर ही निस्तारित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय कुमार उत्तम ने बताता कि कैम्प में कुल 61 दिव्यांगजन पहुंचे, जिनके ऑनलाइन आवेदन दिव्यांग प्रमाण पत्र/यूडीआईडी हेतु पंजीकृत कराए गए। चिकित्सा बोर्ड द्वारा किए गए परीक्षण के बाद 41 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड वहीं स्थल पर जारी कर जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किए गए। 19 मामलों को आगे की जांच के लिए रेफर किया गया, जबकि 1 प्रकरण निरस्त हुआ।

इसके अलावा कैम्प में 11 दिव्यांगजनों के आय प्रमाण पत्र तैयार कर वितरित किए गए। 3 दिव्यांगजन दिव्यांग पेंशन हेतु पंजीकृत हुए। 8 पात्र व्यक्तियों को सहायक उपकरण योजना तथा 2 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के लिए चिन्हांकित किया गया। वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हुए 12 दिव्यांगजनों के एनपीसीआई-लिंक्ड इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के खाते खोलकर उन्हें एटीएम कार्ड उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर भी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित विभिन्न सेवाओं को एक ही स्थान पर सुलभ करते हुए यह कैम्प सम्पूर्ण समाधान दिवस का प्रभावी व संवेदनशील स्वरूप पेश करता दिखा।

## बैतालपुर चीनी मिल चालू कराने की मांग पर धरना 1 वर्ष 323वें दिन भी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** बैतालपुर चीनी मिल को पुनः चालू कराने और 14 सूत्रीय मांगों को लेकर चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति, संयुक्त पंचायत निकाय मोर्चा एवं संयुक्त महा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा धरना आज 1 साल 323वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए संयोजक अवधेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश की 80% अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है और गन्ना किसानों की आय का प्रमुख स्रोत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चार बार घोषणा के बावजूद बैतालपुर चीनी मिल आज तक शुरू नहीं हुई, जिससे किसान तीन वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। जल्द समाधान न होने पर उन्होंने आर-पार की लड़ाई की चेतावनी दी। धरने में बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, वेद प्रकाश, पन्नालाल पाठक, गोरखनाथ मिश्रा, मंजू चौहान, विकास दुबे, नईम खान, अनूप सिंह, कामाख्या सिंह, विजय शंकर कर्मयोगी, अग्रसेन सिंह, रोहित यादव, कन्हैयालाल चौहान, गौरीशंकर, विनय मिश्रा, कोमल यादव, शंभूनाथ तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज रविवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दोपहर बारह बजे भागवतदत्त महाविद्यालय अझारा में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद अपरान्ह दो बजे क्षेत्रीय विधायक व नेता कांग्रेस विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना के लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति के जरिये दी है।

### मिश्रिख़ तहसील में डीएम ने सुनी समस्याएं, 171 में 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण



**मिश्रिख़ (सीतापुर)** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 171 शिकायतों में से 18 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

### श्रद्धा पूर्वक मनाया गया बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस



**हमीरपुर** – कुरारा कस्बा स्थित अंबेडकर पार्क में भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया जिसमे माया बाल्मीकि पूर्व चेयरमैन ने अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कस्बा मे स्थित अंबेडकर पार्क में भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि व उपस्थित नगर के लोगों ने भी अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए माया बाल्मीकि पूर्व चेयरमैन सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि बाबा साहब दबे कुचले एवं गरीबों के मसीहा थे।उनका सपना था कि गरीब कमजोर,लाचार तबके के लोग शिक्षित हो संगठित हो और अपने हक एवं अधिकारों के लिए संघर्ष करे तभी समाज आगे बढ़ सकता है।भीमराव अंबेडकर जानते थे कि बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। इसलिए उपस्थित लोगों से कहना चाहती हूं कि सभी बुराइयों को छोड़कर अपने परिवार को शिक्षित बनाए और पिछड़े,वंचित,कमजोर तबके के लोग एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराते हुए संघर्ष करे तभी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सपना साकार होगा और उनके प्रति हम सब की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।श्रद्धांजलि सभा को घनश्याम बाल्मीकि, सतेन्द्र कुमार, अहिरवार, जयदीप कुमार अहिरवार,आदि लोगों ने संबोधित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के आदर्शो पर चलने का आवाहन उपस्थित लोगों से किया। इस अवसर पर गंगाचरण, प्रेमचंद्र, रामबाबू, गोविन्द सिंह, शोभित कुमार, हरी, प्रभु, पंचमलाल, वार्ड नंबर 04 प्राइमरी प्राथमिक विद्यालय के बच्चे अध्यापिका आदि काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## शराबी युवक ने जमकर काटा हंगामा सड़क पर रोके वाहन, गाड़ियों को रोककर यातायात किया बाधित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के नेपालापुर चौराहे पर शुक्रवार देर रात को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक शराबी व्यक्ति ने सड़क के बीचोबीच जमकर हंगामा किया। नशे में धुत व्यक्ति ने पहले सड़क पर अपनी साइकिल खड़ी कर एक ट्रैक्टर के आगे लेटकर उसे रोक लिया, जिससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया अचानक हुई इस हरकत से चालक और राहगीर घबरा गए और मौके पर भीड़ जुट गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब लोगों ने किसी तरह समझा-बुझाकर व्यक्ति को ट्रैक्टर के आगे से हटाया, तो उसके बाद उसने सड़क पर खड़े एक ट्रक को निशाना बना लिया शराबी व्यक्ति ट्रक के सामने खड़े होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा और जमकर हंगामा करने लगा कुछ देर के लिए हाईवे जैसे व्यस्त मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया इस दौरान मौजूद लोगों ने उसे सड़क से हटाने की काफी कोशिश की, लेकिन नशे के कारण वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। लोगों ने सतर्कता बरतते हुए किसी तरह उसे सड़क के बीच से हटाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पूरी घटना का वीडियो वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते व्यक्ति को सड़क से न हटाया जाता तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। वहीं कुछ लोगों ने नशे में इस तरह सड़कों पर हंगामा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस ने मामले की जानकारी ली है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर व्यक्ति की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी!!

## संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतो में मात्र का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**हमीरपुर**– मौदहा कस्बा के तहसील सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में जिला अधिकारी की मौजूदगी में आए तीन दर्जन से अधिक फरियादी मामलों में मात्र आठ ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। इस मौके पर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारी मौजूद रहे। नगर के तहसील परिसर के स्थित सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला अधिकारी घनश्याम मीणा ने की। इस मौके पर 37 फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख उनके निदान की गुहार लगाई हालांकि मौके पर केवल आठ ही फरियादी के मामले का निस्तारण हो सका, सबसे अधिक मामले राजस्व, पुलिस, पानी व विद्युत से संबंधित रहे। संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ रामलीला होलिका दहन स्थल कमेटी के अध्यक्ष सुबोध गुप्ता ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दे बताया है। कि रामलीला मैदान में सड़क के दोनों तरफ सब्जी वाले जबरन दुकान लगाकर मांस मदिरा अंडा आदि का सेवन करते हैं जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है ऐसे असामाजिक तत्व रामलीला मैदान व थाने की बाउंड्री के नीचे सुबह से ही कब्जा कर लेते हैं समस्या के समाधान की गुहार लगाई इसी प्रकार कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज के छात्र लवकुश पुत्र रामचंद्र ने छात्रवृत्ति ना मिलने की शिकायत दर्ज कराई जिसे समाज कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने निस्तारण करते हुए बताया कि 2023-24 में आधार आधारित खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी निवासी सिद्ध गोपाल ने बताया कि गांव में देवी जी के मंदिर संत कुटी आंगन में कब्जा कर लिया गया है जिसकी शिकायत दसवीं बार करने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। रीवन निवासी रामदीन,सुरेश,रती, सुन्ती ने बताया आवासीय पट्टे हुए थे जिनको लेखपाल द्वारा नहीं नापा जा रहा है।

मानव अधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन ने शिकायती दर्ज कराते हुए बताया कि 15 वर्ष पूर्व काशीराम कॉलोनी में जूनियर हाई स्कूल छिमौली रोड व बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया था विभाग की अनदेखी के कारण अभी तक संचालित नहीं किया जा सका। वही क्षेत्र के गांव पाटनपुर निवासी राजा राम प्रजापति ने बताया है कि गांव में प्रधान द्वारा नाला तो बना दिया गया लेकिन नाला पटा नहीं गया जिससे आने-जाने में व जानवर निकलने में बड़ी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकरण की हम 10 बार शिकायती पत्र दे चुके हैं। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जिला अधिकारी ने समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले मामलों का निस्तारण अधिकारी स्वयं फील्ड में जाकर समय रहते पूरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ काम करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा व उप जिलाधिकारी करन वीर सिंह समेत जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे। अवगत हो कि सरकार ने समाधान दिवस का आयोजन इस मंशा से शुरू कराया था ताकि क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं एक मंच पर आने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में उनका त्वरित निस्तारण किया जा सके लेकिन सरकार के नुमाइंदों की लापरवाही के चलते समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण न होने से फरियादियों का धीरे-धीरे समाधान दिवस से भरोसा उठता जा रहा है।

## मौदहा टीम, हरियाणा को हराकर फाइनल में पहुंची

### ● मौदहा के मीशम अब्बास को चुना गया मैन ऑफ द मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर**– मौदहा कस्बा के रहमानियां खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे फेज में शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला केजीएन मौदहा और हरियाणा के मध्य 20-20 ओवरों का रोमांचक मुकाबला खेला गया। जिसमें केजीएन ने 5 रनों से मुकाबला जीत फाइनल में प्रवेश पा लिया। इस मुकाबले के मुख्य अतिथि जुनैद मीनू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे केजीएन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। केजीएन की तरफ से ओपनिंग करने उतरे अभय ने 51 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल टीम को अच्छी शुरुआत कराई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए हर्षित ने 57 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम का स्कोर सौ रनों के पार पहुंचाया इसके बाद अपने क्रम से बल्लेबाजी करने आए आलोक ने 27 तो हिमांशु ने 28 रनों की पारी खेल निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर 176 रनों पर पहुंचा दिया और हरियाणा को 177 रनों कि लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा के अपने ओपनर बल्लेबाज पियूष 3 रनों पर आउट हो गए जबकि निशांत ने 58 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे निखिल ने 38, आदित्य ने 34 रनों की शानदार पारी खेली लेकिन अंतिम समय में लड़ते लड़ते मात्र 5 रनों से पीछे रह गए इसी तरह केजीएन मौदहा ने 5 रनों से मुकाबला जीत लिया। केजीएन मौदहा की तरफ से 4 विकेट लेने वाले मीशम अब्बास को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायर की भूमिका अज़ीज़ मिंटू व डॉ आसिफ परवेज ने निभाई जबकि स्कोरिंग समीर व कमेंट्री कैफू ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, मोहम्मद अहमद (गुड्डू भाई), शाद सिद्दीकी, मोहम्मद लारैब, नफीस दीवानजी, शहजाद रेंजर सहित अन्य कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। आज केजीएन मौदहा और दिल्ली के मध्य 12 बजे फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## सर्पदंश से किसान की मौत



**हमीरपुर**– **कुरारा** विकासखण्ड क्षेत्र के जमरेही ऊपरी गांव मे सर्पदंश से किसान की मौत हो गई मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जमरेही ऊपरी गांव निवासी किसान लक्ष्मी नारायण (35 वर्ष) पुत्र बद्री प्रसाद बुधवार को अपने खेत में बोई गेहूं की फसल में पानी की सिंचाई करने गया था उसी दौरान देर रात लगभग बारह बजे रात में खेत में जहरीले सांप ने काट लिया।जानकारी मिलने पर परिजन उसको लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर कर दिया गया।तीन दिन उपचार चलने के बाद हैलेट अस्पताल में शनिवार सुबह साढ़े चार बजे किसान ने दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनो की मांग पर पुलिस ने शव का पोस्ट मार्टम कराया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## चार दिवसीय सांड बाबा मेला महोत्सव में दो दिवसीय दंगल का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**हमीरपुर**– मुस्करा विकासखण्ड के पहाडी भिटारी गांव में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय सांड बाबा मेला महोत्सव का दो दिवसीय भव्य दंगल का आयोजन किया जा रहा है।बीते शुक्रवार के दिन दिवारी नृत्य तथा रात्रि में प्रसिद्ध जबाबी कीर्तन राखी आजाद उरई जनपद जालोंन तथा मुकेश मृदुल भभरेखी जालोंन के द्वारा जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजित जबाबी कीर्तन को देखने के लिए आसपास ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने कीर्तन का आनंद लिया।इस दौरान कीर्तन मंडल के कलाकारों ने लोगो का मन मोह लिया जिसे देख औऱ सुन कर सभी ने जमकर तारीफ की।वही शनिवार के रोज अपराह्न से प्रथम दंगल का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेजप्रताप उर्फ तेजू व कमेटी की देख रेख में हुआ।प्रथम दंगल गांव के यादव समाज के बालाभगत की स्मृति पर श्री कारकदेव बाबा के दंगल का भव्य आयोजन हुआ।सर्व प्रथम बाल कुश्तीया प्रारंभ हुई जिनमे बच्चों को लडडू व पुरष्कृत कर उनका मनोवल बढ़ाया।अर्पित पहलवान राठ तथा प्रिया मथुरा दोनों की कुश्ती टाइम होने पर बंद करा दी ,बाबा मदन दास पहलवान निर्मोही अखाड़ा चित्रकूट औऱ मुन्ना टाइगर पहलवान पन्ना मध्यप्रदेश के बीच हुई कुश्ती में बाबा मदन दास ने जीत दर्ज की यह कुश्ती अत्यंत रोचक रही।अरुण पहलवान एटा औऱ धीरज पहलवान मथुरा में एटा के अरुण पहलवान के जीत दर्ज की,हेमराज पहलवान हाथरस तथा आकाश पहलवान मसगांव के बीच हुई,जिसमे समय समाप्त होने पर छुड़ा दी गयी,

वही महिला पहलवान जागृति मरका बाँदा तथा कानपुर से महिला सपना पहलवान का मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन राजपूत व इंद्रपाल यादव ने हाथ मिलवाकर कुश्ती प्रारंभ की जिसमे जागृति पहलवान बाँदा ने बाजी मारी।इसी प्रकार बाबा मदन दास पहलवान निर्मोही अखाड़ा चित्रकूट औऱ जयसिंह पहलवान रहटिया मध्यप्रदेश के बीच हुई कुश्ती में समय होने पर की यह भी कुश्ती अत्यंत रोचक रही। जिनमे प्रिया पहलवान ने जीत दर्ज की, लास्ट कुश्ती प्रिया पहलवान मथुरा एंव कुलदीप पहलवान हाथरस के बीच हुई कुश्ती में दोनों पहलवानों का पुष्पेंद्र द्विवेदी पत्रकार ,जगजीवन यादव पत्रकार महेंद्र राजपूत पत्रकार हमीरपुर व पृथ्वीराज मास्टर ,अनिल प्रधान बम्होरी लक्षणपुरा मध्यप्रदेश ने हाथ मिलवाकर कुश्ती का प्रारंभ कराया गया जिसमें प्रिया पहलवान मथुरा ने दूसरे पहलवान को पटकनी लगा बाजी मारी।इसी प्रकार दो दर्जन से अधिक कुश्तियां सम्पन्न हुई यह दंगल अत्यंत रोचक औऱ दर्शनीय रहा जो लोगो को बहुत ही भाया।वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तेजप्रताप ने आये मेहमानों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### बिजली कैम्प लगाकर की वसूली

#### दस बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे



**हमीरपुर**– मुस्करा विकासखण्ड के उमरी गांव में बिजली विभाग ने कैंप लगकर वसूली अभियान में लगभग एक लाख रुपये से अधिक बकाया बिल का राजस्व जमा कराया गया। आयोजित कैंप में 10 बड़े बकाएदारो के कनेक्शन भी काटे गए। इमिलिया बिजली पावर हाउस से बिजली संतृप्त उमरी गांव में कोटेदार छोटेलाल यादव के आवास में बिजली विभाग की टीम में अरविन्द्र सोनी, रितिक, हर्ष, लवलेश, हरिश्चंद्र के द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया जिसमे सरकार द्वारा चलाये जा रहे बिजली राहत योजना के तहत15 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया और वही 10 बड़े बकाएदारो के द्वारा बिल न जमा किये जाने पर उनके कनेक्शन काटे गए तथा एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओ का निस्तारण करते हुए लगभग एक लाख रुपये बकाया जमा कराया गया।

## तहसील समाधान दिवस में उठा जन्म प्रमाण पत्र में हीला-हवाली और जर्जर रास्तों का मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** तहसील समाधान दिवस एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील क्षेत्र से अवैध कब्जों, जर्जर रास्तों, और राशन कार्ड से जुड़ी अनेक शिकायतें आई, लेकिन सबसे ज़्यादा परेशानी लोगों को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही हीला-हवाली को लेकर थी।

कस्बा निवासी यूसुफ खान ने बताया जल जीवन मिशन के अंतर्गत कस्बे में पाइप लाइन डाली गई थी महीनों बीत गए लेकिन रास्ते अब तक सही नही हो सके चौधराना पकरिया से इस्माइल मंजिल होते हुए मोहान मार्ग तक और क्लासिक स्कूल से एक मिनारा पुलिया तक सड़कों पर गिट्टिया डाले लगभग दो महीने से ज्यादा समय हो गया है। सड़क का कार्य पूरा नहीं हुआ है कार्य के स्थान पर सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है कि कार्य कब शुरू हुआ और कार्य कब पूरा होगा लोगों को आने-जाने में परेशानी है। धूल भी उड़ रही है जो लोगों को बीमार कर सकती है। सहिलामऊ निवासी कामिल ने बताया उन्होंने बताया कि उन्होंने 15 अक्टूबर को जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था लेकिन अब तक जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है जबकि आमजन भी प्रमाण पत्र बनवाने में विभाग की मनमानी से जूझ रहे हैं। लोगों का कहना है कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में अक्सर एक से लेकर छह माह तक का लंबा समय लग जाता है जिससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। समाधान दिवस में एसडीएम अंकित कुमार, एसीपी सुजीत कुमार दुबे, तहसीलदार और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

## आनंदपुर जिपी के देवद्वार में उप-स्वास्थ्य केंद्र की नींव और दो मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का शिलान्यास विधायक विजय मालाकार द्वारा किया गया

### ● तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के कारण पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल।

### विशाल संख्या में जनसभाओं में तेज़ समस्या समाधान का आश्वासन विधायक विजय ने दिया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**श्रीभूमिः** वर्तमान सरकार 'सबका साथ सबका विकास' इस नारे के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकासात्मक कार्यों के जरिए हर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है, छात्रों की शिक्षा को उजागर करने के लिए शिक्षण संस्थानों के कक्षों का उन्नयन कर रही है, मॉडल आंगनवाड़ी सेंटर और उच्च गुणवत्ता की विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं ताकि आम लोगों की समस्याओं का समाधान अन्य परियोजनाओं के माध्यम से किया जा सके। इसी क्रम में भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न जिलों में विकासात्मक कार्यों की लहर बह रही है, भाजपा सरकार के कार्यकाल में। सरकार अपने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' इस नारे की नीति में दृढ़ दिखाई दे रही है और यही वास्तविकताएं रामकृष्णनगर के विभिन्न स्थानों में देखने को मिल रही हैं। जिले के नवगठित रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र में अनुमानित करोड़ रुपये से अधिक की समूह परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। परियोजना की पट्टी का अनावरण रामकृष्णनगर लोकप्रिय विधायक विजय मालाकार द्वारा किया गया। 26वीं विधानसभा चुनाव के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, शासक दल के विधायक अपनी सक्रियता बढ़ा दिए हैं और क्षेत्र के हर कोने में विकास के लिए काम कर रहे हैं। रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय मालाकार ने गत 5 दिसंबर (शुक्रवार) को रामकृष्णनगर के आनंदपुर जिपी के देवद्वार में उसी दिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की पट्टियों का अनावरण किया। उन्होंने जिले के देवद्वार इलाके में नए बने सब सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। 50 लाख 94 हजार रुपये की लागत से बने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्र के आसपास स्थानीय माताएं और बहनें उत्साह से भरी हुई थीं। क्षेत्र के लोगों ने भावनात्मक आवाज में कहा कि लोकप्रिय विधायक ने हमारे गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया, हमने इससे पहले इस तरह के काम करने वाले विधायक नहीं देखे।

इसके बाद विधायक ने देवद्वार इलाके के दो मॉडल आंगनवाड़ी सेंटरों का शिलान्यास किया, जिनपर लगभग 50 लाख रुपये खर्च होंगे। बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के विकास में ये केंद्र भविष्य में बड़ी भूमिका निभाएंगे, ऐसा स्थानीय लोगों को आशा है। स्थानीय छात्रों की लंबे समय से मांग थी। कुल मिलाकर करोड़ों रुपये की ज्यादा लागत से महत्वपूर्ण शिलान्यास और देवद्वार शिव मंदिर परिसर में एक विशाल आकार की जनसभा में भाग लिया. विशेषज्ञों, पंचायत के प्रतिनिधियों ने अपने भाषण में क्षेत्र की समस्याओं को साझा किया और विधायक ने क्षेत्र की समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्हें खबर मिली कि हैलाकांडी में सीएम हिमंत विश्व शर्मा आने वाले हैं। यह खबर मिलते ही वे तुरंत हैलाकांडी चले गए हिमंत विश्व शर्मा का स्वागत करने के लिए। कार्यक्रम में श्रीभूमि जिला भाजपा के सह-अध्यक्ष विश्वतोष सेन, वार्ड कमिश्नर संदीप दत्त और कई स्थानीय लोग सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राई नृत्य के साथ संपन्न हुआ गंगादास बाबा मेला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हमीरपुर**– मुस्करा विकासखंड स्थित शिवनी गांव में गंगादास बाबा मेला महोत्सव का भव्य और पारंपरिक आयोजन किया गया है। यह महोत्सव गांव की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों से भी भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रधान प्रतिनिधि देवबचन सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव की शुरुआत में चार दिसम्बर को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपनी शक्ति और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया। दंगल के बाद, स्थानीय कलाकारों द्वारा दिवारी लोकनृत्य का आयोजन किया गया। यह बुंदेली लोकनृत्य पारंपरिक वेशभूषा और उत्साह से भरपूर था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया दिवारी नृत्य की आई हुई टीमें इस प्रकार हैं मवई खुर्द बांदा, बोखर सरीला ,मंगरौठ सरीला, टीला बिलगांव, इत्यादि टीमें उपस्थित हुई। श्री देवबचन सिंह यादव ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रात्रि में रामलीला का मंचन किया गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। इसी श्रृंखला के साथ आज 06 दिसम्बर दिन में धार्मिक बुंदेली राई लोकनृत्य का आयोजन किया गया।

06 दिसम्बर रात्रि में धर्म की अधर्म पर जीत का प्रतीक रावण वध का भव्य आयोजन होगा। इन आयोजनों के बाद, गांव में एक भव्य मेला भरेगा, जिसके लिए समस्त ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस भव्य आयोजन के उद्घाटनकर्ता के रूप में राजा पांडे मुस्करा, साकेत राजपूत ख खडेही, पूरन यादव दादा कंस्ट्रक्शन मुस्करा मौजूद रहे द्य संचालन की भूमिका में मन प्यारे निषाद पूर्व प्रधान मिहुना, राजेश विश्वकर्मा एडवोकेट पूर्व प्रधान करगांव ने निभाई। इसके अतिरिक्त, बाबू सिंह राजपूत (पूर्व प्रधान, शिवनी), डोंगर सिंह राजपूत, वैध जी, मैयादीन , रणविजय सिंह यादव, देववचन सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि शिवनी सहित तमाम सम्भ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने महोत्सव को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समस्त ग्रामीणों की भारी भीड़ ने इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव को एक नई ऊँचाई प्रदान की है, जो गांव की एकता और भाईचारे का संदेश दे रहा है।

## बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर नागरिक अधिकार संगठन के द्वारा पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर** बाबा साहब डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर कस्बे की कांशीराम कालोनी मे नागरिक अधिकार संगठन के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नागरिक अधिकार संगठन की संयोजक कमरुन निशा ने कहा बाबा साहब ने हम महिलाओ के अधिकारों को संविधान मे समाहित कर आजदी देने का काम किया। उन्होंने कहा हमारे देश का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और भारत की अनेकता को एकता मे जोड़ने का काम करता है।कमरुन निशा ने आगे कहा कि अधिकार तब सुरक्षित होगे जब व्यक्ति कर्तब्यो के निर्वहन की आदत डाले क्योकि कर्तब्य के विना अधिकारों की बात करना ही बेईमानी होगा।निशा आगे कहती है कि परिवार का कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो पूरे परिवार को गलत नही ठहराया जाना चाहिए। क्योकि बाबा साहब ने देश का संविधान मे प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तब्यो को निभाने और मजबूत लोकतंत्र की जिम्मेदारी पर जोर दिया है। संविधान देश की पहचान का आधार है। इस मौके पर वान्या फाउंडेशन की सचिव रामलली पटेल ने कहा कि बाबा साहब को लोग मानते है लेकिन अफ़सोस है कि बाबा साहब की नही मानते,संविधान राष्ट्रवादी सोच को अपनाने का मार्ग दर्शक दस्तावेज है।इस दस्तावेज पर चलकर भारत दुनिया के लिए विकास का एक नया मॉडल पेश कर रहा है। रामलली पटेल ने आगे कहा कि दलितों, वंचितो, पिछडो, अल्पसंख्यकों को सर उठाकर चलने का हौसला और हिम्मत हमे और सभी को संविधान से ही मिलती है। नागरिक अधिकार संगठन के सचिव हरीशंकर गुप्ता ने कहा बाबा साहब के संविधान की देन है कि आज हम सब लोग इस तरह के आयोजन कर पा रहे है।

गुलाम भारत मे यह आजादी हमे नही थी। महामानव की पुण्यतिथि पर नमन है।जिन्होंने न्याय,स्वतंत्रता,और बंधुत्व के मूल सिद्धांत को भारतीय चिंतन को संविधान के माध्यम से अंगीकृत कराया। शोषित एवं वंचित समाज के प्रखर स्वर बाबा साहब का दिया संविधान समाज को एक अटूट सूत्र मे पिरोता है।हम सब बाबा की दिखाई गई राह पर चलकर ही देश को विश्व मे स्थापित कर सकते है। इस अवसर पर फूलजहाँ बानो, सरिता कश्यप, शीला कठेरिया, रेशमा, रोज, अलकारिया, नंदनी, प्रदीप वाल्मीकि,मनीराम, शमा वाल्मीकि, संजय, साधना, बबिता, प्रियंका, डाक्टर पुत्तू लाल, रेनू बिश्वकर्मा, खलील, अफसाना, राम प्रकाश, संदीप, सूरज, अफसाना,जसवंत, सुनीता, विजेता, दयाराम, खलील,रामू आदि प्रमुख रहे।